3 राजधानी
चार दिनों तक भारी बारिश का अनुमान

9 राष्ट्रीय
कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

11 विदेश
हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर किया हमला

12 स्पोर्ट्स
भारतीय महिला टीम ने रिकॉर्ड स्कोर बनाया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 231
नई दिल्ली, रविवार, 30 जून, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री जयशंकर आज कतर की यात्रा पर जाएंगे

राष्ट्रीय-10

# भारत विश्व विजेता

## टी20 विश्वकप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराया

**भाषा।** ब्रिजटाउन

**अत्यधिक** रोमांचक फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर टी20 विश्व कप अपने नाम कर लिया। पावरप्ले में मिले आरंभिक झटकों से उबरते हुए विराट कोहली और अक्षर पटेल ने भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में सात विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्विंटोन डिकॉक ने 39 और हेनरिच क्लासेन ने 52 रन की पारी खेल कर अपनी टीम को मैच में बनाए रखा लेकिन बुमराह ने अपना अंतिम ओवर डालकर मैच को अपनी टीम की ओर झुका दिया। पारी के अंतिम ओवर में पांड्या की गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने कैगिसो रबाडा का अविश्वसनीय कैच पकड़ कर दक्षिण अफ्रीका को भारी दबाव में ला दिया और अंततः दक्षिण अफ्रीका की टीम लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी। भारत ने एक समय पांचवें ओवर में तीन विकेट सिर्फ 34 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद अक्षर (31 गेंद में 47 रन) और कोहली (59 गेंद में 76 रन) ने टीम को संकट से निकाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 54 गेंद में 72 रन की साझेदारी की।



दक्षिण अफ्रीका की टीम का विकेट लेने के बाद प्रसन्नता व्यक्त करते भारतीय टीम के खिलाड़ी

अक्षर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए। बीच के ओवरों में कोहली धीमे पड़े और अपना अर्धशतक उन्होंने 48 गेंदों में पूरा किया। इससे पहले रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पिछले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय कप्तान को दूसरे ही ओवर में केशव महाराज ने पवेलियन भेजा। स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में वह स्क्वेयर लेग पर कैच दे बैठे। उनके बाद आए ऋषभ पंत भी इसी अंदाज में आउट हुए। रोहित की ही तरह शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव के आउट होने से भारत को हरारा झटका लगा। उन्हें कैगिसो रबाडा ने फाइन लेग पर कैच आउट कराया। भारत ने पावरप्ले के भीतर ही तीन विकेट गंवा दिए। छह ओवर के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 45 रन था।

दूसरे छोर से विकेटों का पतन देख रहे कोहली ने बीच के ओवरों में संभलकर खेला। उन्होंने पहले ही ओवर में हालांकि मार्को जेनसन को तीन चौके लगाए थे।

कोहली ने अपनी पारी का पहला छक्का रबाडा को 18वें ओवर में लगाया। दूसरे छोर से अक्षर ने अपने टी20 कैरियर की सबसे उपयोगी पारी खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों को अच्छे स्ट्रोक्स लगाए। उन्होंने एडेन माक्रम, महाराज और तबरेज शम्सी को एक एक छक्का लगाया। इसके अलावा रबाडा को भी गगनभेदी छक्का जड़ा। भारत ने सातवें से 15वें ओवर के बीच में 72 रन बनाए और अक्षर का विकेट गंवाया। रबाडा की उछलती गेंद पर कोहली एक रन लेना चाहते थे लेकिन गेंद विकेटकीपर क्विंटोन डिकॉक के पास गई और दूसरे छोर से अक्षर काफी आगे आ चुके थे। डिकॉक ने गिल्लियां बिखेरने में देर नहीं की।

# लद्दाख में जेसीओ, चार जवान बाढ़ में बह गए

● घटना के समय फील्ड आर्टिलरी यूनिट के सैनिक टी-72 टैंक में नदी के तल को पार कर रहे थे



**मोहित कंडारी।** जम्मू

**शनिवार की** सुबह सैन्य प्रशिक्षण गतिविधि से लौट रहे चार अन्य सैनिकों के साथ एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) लद्दाख में न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास श्योक नदी पार करते समय अचानक आई बाढ़ में बह गए। घटना के समय फील्ड आर्टिलरी यूनिट के सैनिक टी-72 टैंक में नदी के तल को पार कर रहे थे। जल स्तर में अचानक वृद्धि के कारण सैनिक नदी के तल में फंसे टैंक से बाहर नहीं निकल सके। बचाव दल को भी घटनास्थल पर भेजा गया लेकिन वे उन्हें सुरक्षित निकालने में विफल रहे।

घटना के बारे में जानकारी साझा करते हुए लद्दाख स्थित फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स के एक प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट किया, 28 जून 2024 की रात, एक सैन्य प्रशिक्षण गतिविधि से डी-इंडक्ट करते समय, सेना का एक टैंक सासेर ब्रांग्सा के पास पूर्वी लद्दाख में जलस्तर में अचानक वृद्धि के कारण श्योक नदी में फंस गया। बचाव दल स्थान पर पहुंच गए लेकिन तेज धारा और जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हुआ और टैंक चालक दल की जान चली गई। भारतीय सेना को पूर्वी लद्दाख में तैनात होने के दौरान पांच बहादुर कर्मियों के खोने का अफसोस है। बचाव कार्य जारी है।

ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों की पहचान कर ली गई है। इनके नाम इस प्रकार है-'रिस एमआर के रेड्डी, डीएफआर भूपेन्द्र नेगी, एलडी एकेडाउंग तेइबाम, हवलदार सुभान खान (6255 एफडी वर्कशॉप) और सीएफएन एस नागराजू। एक्स फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स पर एक पोस्ट में कहा गया, जीओसी फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स और सभी रैंक 29 जून 24 को लद्दाख में ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को सलाम करते हैं और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इससे पहले, 19 अगस्त 2023 को एक जेसीओ के साथ आठ अन्य सैनिकों की जान चली गई थी, जब सेना का एक ट्रक जिसमें वे यात्रा कर रहे थे, सड़क से उतर गया और लेह जिले के कियारी के पास एक गहरी खाई में गिर गया था। मई 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध के बाद से भारतीय सेना के कई सैनिकों ने क्षेत्र में परिचालन कर्तव्यों के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया है। भले ही दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य बातचीत के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है, लेकिन ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्र में गतिरोध जारी है। इस बीच, रक्षा मंत्री ( शेष पेज 9 )

# जदयू ने बिहार के लिए मांगा विशेष पैकेज



नई दिल्ली में शनिवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र में** एनडीए सरकार के प्रमुख साझेदार जनता दल (यूनाइटेड) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के गठन में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए शनिवार को केंद्र से बिहार के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा या विशेष पैकेज पर विचार करने का आग्रह किया। पार्टी के अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मूल्य वृद्धि और बेरोजगारी को 'ज्वलंत मुद्दे' के रूप में चिह्नित किया गया, क्योंकि इसके राजनीतिक प्रस्ताव में विश्वास व्यक्त किया गया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार अधिक प्रभावी ढंग से काम करेगी। बैठक में पार्टी ने राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को अपना कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किया क्योंकि उनके भाजपा नेतृत्व के साथ अच्छे संबंध हैं और उन्हें संकटमोचक माना जाता है।

कांग्रेस ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए जदयू से बिहार में विशेष दर्जे के लिए एक कैबिनेट प्रस्ताव पारित करने के लिए कहा, जहां वह भाजपा के साथ गठबंधन में है और साथ ही उम्मीद जताई कि एनडीए का एक अन्य प्रमुख सहयोगी टीडीपी भी विशेष पैकेज की मांग के लिए साहस जुटाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले जेडीयू कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक का हिस्सा थी, जबकि टीडीपी बीजेपी से हाथ मिलान ( शेष पेज 9 )

# हरियाणा में भाजपा अकेले लड़ेगी विस चुनावः शाह



पंचकूला में हरियाणा भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं राव इंद्रजीत सिंह व भाजपा पदाधिकारी।

**शिखा शर्मा।** चंडीगढ़

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भाजपा हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में अकेले विधानसभा चुनाव में उतरेगी। शाह ने कहा विधानसभा चुनाव में भाजपा किसी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री एंव हरियाणा भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी।

अमित शाह ने यह ऐलान पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में किया। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस बार भाजपा सरकार बनाने के लिए बैसाखियों का सहारा नहीं लेगी। इस अवसर पर शाह ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं और अक्टूबर माह से पहले सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कार्यकर्ताओं को तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल में व्यवस्था परिवर्तन और सुशासन की मिसाल पेश की है। उन्होंने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले भ्रष्टाचार और कमीशन का खेल चलता था। मगर भाजपा ने गरीब कल्याण के लिए योजनाएं न केवल तैयार ( शेष पेज 9 )

# नीट-पीजी के लिए नई तिथि का ऐलान दो दिन में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नई तारीख की घोषणा करेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर बढ़ते विवाद के बीच एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद्द की गई परीक्षाओं में नीट-पीजी की परीक्षा भी शामिल है। प्रधान ने हरियाणा के पंचकूला में संवाददाताओं से कहा, नीट-पीजी के लिए तिथि की घोषणा एनबीई द्वारा एक या दो दिन में की जाएगी। प्रधान की यह टिप्पणी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ( शेष पेज 9 )

# फिल्मी अंदाज में तीन घंटे पीछा कर बच्चे छुड़ाए

● भाई-बहन सकुशल, मां-बाप से मांगी थी 50 लाख की फिरौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने तीन घंटे की सफल कार खोज में तीन और ग्यारह साल के दो भाई-बहनों को बचा लिया, जिनका शनिवार को लक्ष्मी नगर इलाके से एक संदिग्ध ने अपहरण कर लिया था, जिसने बाद में भाई-बहन के माता-पिता से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। घटना शुक्रवार रात की है जब माता-पिता अपने बच्चों को चलती गाड़ी में छोड़कर पास की मिठाई की दुकान में चले गए। पुलिस के अनुसार, लगभग 20 पुलिस वाहनों की मदद से तीन घंटे तक पीछा करने के बाद, अपहरणकर्ता बच्चों सहित कार छोड़कर भाग गया। बच्चों समेत कार समापुर बादली इलाके में लावारिस हालत में मिली थी। दिल्ली पुलिस की टीम ने करीब 100 से 150 किलोमीटर तक कार का पीछा किया और उसे बरामद कर लिया.

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्व गुप्ता ने कहा कि उन्हें शुक्रवार रात 11.30 बजे एक लड़के (3) और एक लड़की (11) के उनकी ही कार में अपहरण की सूचना मिली। भाई-बहन के पिता ने पुलिस को बताया कि बच्चे शकरपुर इलाके में विकास मार्ग स्थित हीरा स्वीट्स की दुकान के सामने कार में बैठे थे। गुप्ता ने कहा, वह और उनकी मां कुछ मिठाइयां खरीदने के लिए दुकान के अंदर गए, तभी खुद को पार्किंग कर्मचारी बताने वाला एक व्यक्ति आया और उनकी कार के अंदर बैठ गया। आरोपी ने बच्चों को बताया कि उनके माता-पिता ने उसे पार्किंग में कार पार्क करने के लिए कहा था लेकिन वह तेजी से भाग गया। डीसीपी ने कहा, उसने लड़की को हथौड़ा दिखाकर उसे चुप रहने के लिए भी धमकाया। उन्होंने बताया कि गाड़ी चलाते समय उसने दूसरे मोबाइल फोन से दंपति को फोन किया और 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। सूचना मिलने पर बचाव दल सक्रिय हो गए और आरोपियों और बच्चों का पता लगाने के लिए दो टीमें गठित की गईं। गुप्ता ने कहा, एक टीम का नेतृत्व शकरपुर पुलिस स्टेशन के ( शेष पेज 9 )



# एफएआर खरीदे बिना निर्माण का दायरा बढ़ाने पर सख्ती

## राजस्व बढ़ाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की नई योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में अब यदि किसी ने एफएआर खरीदे बिना या अनुमति के बिना निर्माण का दायरा बढ़ाया तो उसकी खैर नहीं! उस पर नोएडा प्राधिकरण अब 2 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर का जुर्माना वसूलेगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस बाबत जानकारी दी है।

उनके मुताबिक नोएडा प्राधिकरण ऐसे आवंटियों पर शिकंजा कसने तथा राजस्व बढ़ाने के लिए नई योजना ला रहा है। जिसमें अनुमति के बिना तथा एएफआर खरीदे बिना अवैध निर्माण करने पर मोटा जुर्माना वसूला जाएगा। अभी तक जुर्माने की राशि 200 रूपये प्रति वर्ग मीटर थी।

लेकिन अब इसे बढ़ाकर 10 गुना किया जाएगा। शनिवार को होने वाली बोर्ड बैठक में यह एजेंडा पेश होना था, लेकिन बोर्ड बैठक निरस्त हो जाने के कारण अब इस एजेंडे को जुलाई माह में प्रस्तावित प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में प्रमुखता से रखा जाएगा तथा उसको मंजूरी प्रदान की जाएगी। नये बदलाव के तहत नोएडा प्राधिकरण अब सेमी कंडक्टर नीति को भी लागू करने पर विचार कर रहा है। नोएडा प्राधिकरण अब आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की ओर से अधिसूचित उत्तर प्रदेश सेमी कंडक्टर नीति-2024 को लागू करने पर विचार कर रही है।

इस नीति के लागू होने पर सेमी कंडक्टर बनाने वाली कंपनियों में निवेश कराया जाएगा। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। उक्त नीति के तहत जो भी दिशा निर्देश आएंगे उनका अनुपालन कराया जाएगा। इसमें कंपनियों के आवंटन और आवंटन शर्तों में छूट का प्रावधान होगा। इन दोनों महत्वपूर्ण एजेंडा पर गुरुवार को बोर्ड में बातचीत होनी थी। लेकिन बोर्ड बैठक के कैंसिल होने पर दोनों ही प्रस्तावों को फिलहाल फाइलों में रखा गया है। प्राधिकरण ने बताया कि जुलाई के पहले सप्ताह में बोर्ड बैठक हो सकती है। इसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लाया जाना है।

## स्विमिंग पूल में नहा रही बच्ची के साथ हैवानियत

**नोएडा।** थाना बीटा- दो क्षेत्र में स्थित पूर्वांचल सोसाइटी में रहने वाली एक 7 वर्षीय बच्ची के साथ दो किशोर ने उसके साथ उस समय अश्लील हरकत की जब वह स्विमिंग पूल में नहा रही थी।

इस बात की शिकायत करने गए बच्ची के परिजनों के साथ दोनों किशोरों के परिजनों ने मारपीट की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना बीटा- दो क्षेत्र मे स्थित पूर्वांचल सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकबेटी सोसाइटी के स्विमिंग पूल में नहाने के लिए गई थी, तभी इस सोसाइटी में रहने वाले दो किशोर जिनकी उसके साथ स्विमिंग पूल के अंदर अश्लील हरकत की। उन्होंने बताया कि बच्ची की मां का आरोप है कि जब वह आरोपियों के घर पर शिकायत करने गई तो उसके परिजनों ने उनके साथ मारपीट की।

# बच्ची के सिर से कार का टायर गुजरा, हालत गंभीर

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में घर के सामने मां के साथ खेल रही डेढ़ साल की बच्ची को कार ने कुचल दिया। अगला टायर उसके ऊपर से निकल गया। मां फौरन बच्ची को उठाकर बदहवास हालत में उसे लेकर इधर-उधर दौड़ने लगती है। मौके पर लोग इकट्ठा हुए तो बच्ची को उसी गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया। कैलाश अस्पताल के आईसीयू में बच्ची भर्ती है। हालत गंभीर है।

हादसा शुक्रवार रात का सेक्टर-63ए के बी-ब्लॉक का है। घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें घर के बाहर सड़क किनारे मां के साथ बच्ची खेलती हुई दिख रही है, तभी एक गाड़ी मुड़ती है और वह बच्ची को कुचलती हुई निकल जाती है। घटना के समय ड्राइवर का ध्यान गाड़ी की दूसरी तरफ था। जब तक उसे घटना का पता चला गाड़ी बच्ची को कुचल चुकी थी। उसने तुरंत गाड़ी रोकी। मां से बच्ची को तुरंत अस्पताल ले चलने की गुहार




लगाता रहा। लोग जब वहां पहुंचते हैं तब मां बच्ची को लेकर कार में बैठती है। फिर तुरंत उतर कर अपने घर की तरफ भागती है। इसके बाद घर वाले भी उसके साथ आकर कार में बैठते हैं। तब बच्ची को अस्पताल ले जाया जाता है। कार सवार बच्ची को कैलाश अस्पताल छोड़कर फरार हो जाता है।

नोएडा पुलिस ने बताया, घटना शुक्रवार रात की है। हमें सोशल मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी मिली। मामले पर तुरंत संज्ञान लिया गया। पीड़ित बच्ची के पिता अजय ने आरोपी चालक के खिलाफ नोएडा सेक्टर-63 थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने गाड़ी की पहचान कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है।

गाजियाबाद में हिट एंड रन

## कार ने युवती को मारी टक्कर, उछलकर 10 फीट दूर सड़क पर गिरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हिट एंड रन की घटना सामने आई है। इंदिरापुरम इलाके में कार ने सड़क पर पैदल चल रही युवती को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवती हवा में उछल गई और करीब 10 फीट दूर जाकर गिरी। इस हादसे के बाद आरोपी कार चालक फरार हो गया। घायल युवती को निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। ये हादसा शुक्रवार शाम इंदिरापुरम इलाके के नीति खंड इलाके में हुआ। इस हादसे से जुड़ी एक फुटेज भी सामने आई है। इसमें एक युवती सड़क किनारे पैदल चल रही थी। इस दौरान पीछे से सफेद रंग की कार आई और युवती को टक्कर मार दी। युवती बोनट के ऊपर गिरी और उछलते हुए करीब 10 फीट दूर जाकर गिरी। इस हादसे के बाद आरोपी कार चालक ने रुकना मुनासिब नहीं समझा। उसने कार की स्पीड तेज कर दी और वहां से फरार हो गया। इस हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग दौड़े। उन्होंने सड़क पर पड़ी युवती को उठाया।

# दुस्साहस: पुलिस की टीम पर फायरिंग करके चाचा को छुड़ाया, मुठभेड़ में ढेर

## रंगदारी, हत्या का प्रयास समेत चार मामले गाजियाबाद में है दर्ज

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में पुलिस एनकाउंटर में बदमाश रिहान मारा गया। रिहान ने पहले पुलिस पर फायरिंग करके अपने चाचा को छुड़ाया। फिर हेड कॉन्स्टेबल को गोली मारी। पुलिस ने जब पकड़ा तो उसी की बंदूक से चली गोली उसकी जांघ में लगी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रिहान के खिलाफ लोनी थाने में रंगदारी, हत्या का प्रयास और मारपीट जैसे 4 मुकदमे दर्ज थे।

रिहान की मौत से पहले एक वीडियो सामने आया है। 9 सेकेंड के वीडियो में वो खुलेआम पुलिस पर गोली चलाते दिख रहा है। शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली की गोकुलपुरी पुलिस ने गाजियाबाद में लोनी की प्रेम नगर कॉलोनी में मन्नू के घर दबिश दी। यहां मन्नू नहीं मिला। पता चला कि वो अंकुर विहार थाना क्षेत्र की डाबर तालाब कॉलोनी के एक घर में छिपा हुआ है। दिल्ली पुलिस ने डाबर तालाब कॉलोनी के एक घर से मन्नू को पकड़ा। उसको साथ ले जाने लगी तो भतीजा रिहान घर से निकला। उसने सड़क पर खुलेआम पुलिस पर गोली चला दी। अचानक फायरिंग होने से पुलिस को मन्नू को छोड़ दिया। रिहान और मन्नू भाग कर वहां के एक घर में छिप गए। इसी बीच दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस को मामले की सूचना दी। तुरंत गाजियाबाद पुलिस की टीम के एक सब इंस्पेक्टर और चार हेड कॉन्स्टेबल वहां पहुंचे। जैसे ही हेड कॉन्स्टेबल विजय राठी ने उस घर का दरवाजा खोला, सामने खड़े रिहान ने पिस्टल से सीधे गोली चलाई।

# ऑनर किलिंग: दामाद की सुपारी देकर करवाई हत्या

## तीन लाख रुपये में हुआ था सौदा, बेटी के प्रेम विवाद से था नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा में पिछले दिनों हुई एक हत्या के मामले में नोएडा पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है।
ये हत्या ऑनर किलिंग में सुपारी किलर से करवाई गई थी। थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने 13 दिन पूर्व हुई ऑटो चालक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए चार सुपारी किलर को गिरफ्तार किया है। ऑटो चालक की हत्या उसके ससुर व साले ने सुपारी देकर कराई थी। सेंट्रल जोन के एडीसीपी ने बताया कि 16 जून को पुलिस लाइन के नजदीक संगम विहार कॉलोनी के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। शव की पहचान मूल रूप से ग्राम नंदरौली थाना गुन्नौर जनपद संभल निवासी भुवनेश कुमार पुत्र प्रकाश यादव के रूप में हुई थी। भुवनेश कुमार थाना बिसरख क्षेत्र के पटवाडी गांव में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। परिजनों ने भुवनेश कुमार की पत्नी प्रीति यादव के पिता बुद्धसिंह यादव, भाई मुकेश यादव तथा भुवनेश के मित्र श्रीपाल के विरुद्ध संदेह जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

परिजनों ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व प्रीति यादव ने घर से भागकर परिजनों के खिलाफ भुवनेश से शादी की थी। इस बात से उसके परिजन रंजिश मानते थे। एडीसीपी ने बताया कि पुलिस ने मामले की गंभीरता से विवेचना की इस दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी प्रीति यादव के पिता बुद्ध सिंह यादव, चाचा खड़क सिंह ने साजिश करके अपने गांव के पास के गांव मंडोली के चार युवकों को भुवनेश की हत्या के लिए तैयार किया। भुवनेश की हत्या का सौदा 300000 रूपये में तय हुआ।

## डीएम ने किया बोर्ड परीक्षा में अव्वल छात्रों को सम्मानित

**गाजियाबाद।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दसवीं और इंटर की परीक्षा में प्रदेश और जिलास्तर की टॉप टेन लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को एक समारोह के दौरान जिला मुख्यालय में सम्मानित किया गया।

प्रदेश की लिस्ट में स्थान बनाने वाली तिमोथी मंडल और ध्रुव चौहान को एक-एक लाख रुपए पुरस्कार राशि, मैडल, टेबलेट और प्रशास्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं जिला स्तर पर अव्वल आने वाले दस-दस छात्रों को 25-25 हजार रुपए की धनराशि से सम्मानित किया। डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि यह सम्मान है आपकी मेहनत और लगन का, जिसके बदौलत परीक्षा में बेहतर किया है।

# संक्षिप्त समाचार



तीन वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से एक बाइक, स्कूटी व अवैध हथियार बरामद।

### ग्रेनो में रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का शुभारम्भ

**नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में ओपन नेशनल रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का शुभारम्भ हो चुका है। इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न प्रांतों से आये खिला?ी शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में इनलाइन फ्री स्टाइल, डर्बी तथा सेलेलम की प्रतियोगिता हो रही है। प्रथम सत्र में इनलाइन फ्री स्टाइल में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उत्तरप्रदेश के संचित भंडारी को पहला स्थान (गोल्ड मेडल ) मिला है। जबकि तमिलनाडु को सिल्वर और उत्तरप्रदेश के ही शिवांश पटेरिया को तीसरे स्थान पर कांस्य मेडल मिला है। इसी वर्ग के तहत गर्ल्स में उत्तर प्रदेश की प्राची सिंह गोल्ड मेडल, कर्नाटक की अनन्या को सिल्वर तथा उप्र की खुशी भंडारी को कांस्य मेडल मिला है। इनलाइन फ्रीस्टाइल के ही 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के तहत तमिलनाडु के सर्वेश आर्य को पहले स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल हासिल हुआ। आमेश चिराग (महाराष्ट्र ) और जय ध्यानराज (कर्नाटक) को क्रमश: सिल्वर तथा कांस्य मेडल मिला है।

### सबसे अधिक कर देने वाले व्यापारी सम्मानित

**गाजियाबाद।** राज्यकर विभाग द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग को सबसे अधिक कर देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर आयुक्त ग्रेड-1 जोन प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, भाजपा नेता अशोक गोयल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विभाग को 373.92 करोड का टैक्स देने वाली लर्सेन एंड टर्बो कंपनी को सम्मानित किया गया। सीमेंट लिमिटेड ने 162.46 करोड, टाटा कंज्यूमर ने 19.87 करोड,टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 76.50 करोड, राष्ट्रीय इस्पात निगम ने 46.32 करोड, मदर डेयरी ने 48.96 और मोदी डिस्टलरी ने 37 करोड़ का कर देने पर सम्मानित किया गया है।

### मॉब लिचिंग के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**गजियाबाद।** छतीसगढ़ में हुई यूपी निवासी तीन युवकों की मॉब लिचिंग के विरोध में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सहारनपुर व शामली निवासी रायपुर में मवेशी लेकर जा रहे थे, जहां उन पर रास्ते में भीड़ ने हमला किया। तीनों युवकों की मौत हो गई। इस तरह की घटनाएं देश की संवैधानिक व्यवस्था पर कलंक है। कांग्रेस ने कांग्रेसियों ने डीएम के माध्यम से राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए, रायपुर के एसपी व डीएम को निलंबित किया जाए, मरने वाले व्यक्तियों के परिवार को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी दी जाए। प्रदर्शन करने वालों में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सलीम अहमद सैफी, बाबुराम आर्य, आशीष प्रेमी, डुउज्जवल गर्ग, देव चौधरी, धीरेन्द्र ध्यानी, अश्वनी त्यागी आदि मौजूद रहे।

### सनातन का हिस्सा है सेंगोल : प्रमोद कृष्णम

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के सांसद ने संसद से सेंगोल हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को लेटर लिखा था। इसके बाद तमाम तरह की राजनीति शुरू हो गई। कांग्रेस से निकाले गए और गाजियाबाद निवासी धर्मगुरु प्रमोद कृष्णम ने इस मामले पर विपक्ष पर कड़ा हमला बोला है। प्रमोद कृष्णम ने इस मामले में विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। धर्मगुरु ने कहा कि विपक्ष को सेंगोल से नहीं सनातन से परेशानी है। गाजियाबाद के रहने वाले और कांग्रेस से निकाले गए कांग्रेस नेता धर्मगुरु प्रमोद कृष्णम ने कहा कि विपक्ष की प्रॉब्लम सेंगोल से नहीं है। संगोल से इनको कोई प्रॉब्लम नहीं है। इन्हें परेशानी सनातन से है। क्योंकि सेंगोल सनातन का हिस्सा है।

# चार साल में 200 लैपटॉप, 400 मोबाइल किए चोरी

## नोएडा में तीन गिरफ्तार, पुलिस सर्विलांस बचने के लिए पश्चिम बंगाल में बेचा मॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



रैकी करने के बाद मकानों और पीजी से लैपटॉप और मोबाइल चोरी करने वाले 3 चोरों को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया। ये चोर 4 साल से घटनाएं कर रहे थे। अब तक 200 लैपटॉप और 400 मोबाइल फोन चोरी कर चुके है। दिल्ली एनसीआर के शहर इनके टारगेट थे। चोरी करने के बाद ये सामान को बस और अन्य माध्यम से पश्चिम बंगाल लेकर जाते थे। वहीं पर फोन और लैपटॉप बेचे। इससे जो रुपया मिलता उसी को आमदनी मानते थे। मोबाइल को 3000 और लैपटॉप को 7000 में बेचते थे। इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने इनके पास से 44 मोबाइल फोन बरामद किए। इनकी पहचान बदमाशों की पहचान हमीरपुर के जरिया के सिद्ध गोपाल, पश्चिम बंगाल के मेंदनीपुर के तपन मांझी और सपन मांझी के रूप में हुई। सपन मांझी गिरोह का सरगना है और तपन उसका भरोसमंद साथी है। बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने तीन एटीएम कार्ड, एक डीएल, दो आधार और पैन कार्ड, एक इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक की पासबुक, एक मेट्रो कार्ड, एक ई-श्रम कार्ड, दो बैंक की पासबुक और एक चेक बुक भी बरामद की है। सपन मांझी के खिलाफ नोएडा और दिल्ली के अलग-अलग थानों में 34 केस दर्ज हैं।

सपन ने अधिकांश चोरी दिल्ली नोएडा बार्डर अशोक नगर में की। दरअसल अशोक नगर सघन आबादी वाला एरिया है। यहां बैचलर्स के अलावा स्टूडेंट्स बहुत बड़ी संख्या में कमरा लेकर रहते है। यही पर रैकी करते थे। गर्मी के समय यहां रहने वाले अधिकांश लोग छत या कमरे का दरवाजा खोलकर सोते है। ऐसे में सुबह 4 से 6 बजे तक ये चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

# नोएडा बायोडायवर्सिटी पार्क में बनेगा 30 एकड़ में डियर पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में हिरण को संरक्षित किया जाएगा। कानपुर, हैदराबाद, लखनऊ के अलावा अफ्रीका के देशों से यहां हिरण जाएंगे। जिनमें फीमेल की संख्या की ज्यादा होगी।

बायोडायवर्सिटी पार्क के 30 एकड़ में इसे बनाया जाएगा। इस पर 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसे बोर्ड के सामने रखा जाएगा। प्राधिकरण इसे डियर पार्क के रूप में विकसित करने जा रही है। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-91 में 110 एकड़ में बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित किया है। पार्क चार प्राकृतिक भागों के अलावा बायोम में बांटा गया है। इनमें कोही, बांगर, खादर और डाबर हैं। यहां 100 से अधिक प्रजाति के देसी पौधे, 120 से अधिक प्रजाति की जड़ी-बूटी व अन्य प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। साथ ही 9 गृह वाटिका और नक्षत्रशालाएं भी बनाई गई हैं। इसमें गृह और नक्षत्र के हिसाब से पौधे लगाए गए हैं।

## संयुक्त अस्पताल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**गाजियाबाद।** जिला संयुक्त अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के पास लगी आग से हड़कंप मच गया। हालांकि कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया गया जिससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ।

हादसा सुबह के वक्त हुआ जब पर्ची कांउटर के पास लगे एमसीबी बोर्ड में अचानक धुआं उठने लगा। आग देखते हुए तत्काल अस्पताल स्टाफ ने बाक्स को मैन लाइन के तार से हटाया जिससे अन्य स्थानों पर बडा शार्ट सर्किट होने से बच। करीब दस मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से कोई हानि नहीं हुई लेकिन अस्पताल में मरीजों से लेकर स्टाफ तक में हडकम्प मच गया। हालांकि आग बुझने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

# खोदना गांव में दीवार गिरी, मलबे में दबे आठ बच्चे, तीन की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के थाना सूरजपुर क्षेत्र के खोदना गांव में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार रात को गिर गई।

इस घटना में दिवार के पास खेल रहे 8 बच्चे दब गए। उन्हें रेसक्यू करके बाहर निकला गया तथा ग्रेटर नोएडा के शारदा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान तीन की मौत हो गई। दो बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है। गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था शिव हरी मीणा ने बताया कि थाना सूरजपुर क्षेत्र के खोदना गांव में सगीर नामक व्यक्ति का मकान बन रहा है। निर्माणाधीन मकान के पास उनके परिवार के कुछ बच्चे खेल रहे थे। देर रात को अचानक दीवार गिर गई। जिससे 8 बच्चे दिवार के मलबे के नीचे दब गए। इस घटना में आयशा 16 वर्ष, आहद 4 वर्ष, हुसैन 5 वर्ष, आदिल 8 वर्ष, अलफिजा दो वर्ष, सोहना 12 वर्ष, वासिल 11 वर्ष, समीर 15 वर्ष दीवार के मलबे के नीचे दब गए। उपचार के दौरान आहद, आदिल और अलफिजा की मौत हो गई है। इस घटना के चलते खोदना गांव में अफरा- तफरी का माहौल है। मौके पर हजारों की संख्या में लोग इकट्ठे हो गए हैं। वहीं कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि जो मकान बन रहा था उसमें घटिया सामग्री प्रयोग की जा रही थी।

## अवैध कॉल सेंटर का पर्दाफाश, 12 गिरफ्तार

**नोएडा।** अमेरिका में रहने वाले लोगों के साथ ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का थाना सेक्टर- 142 पुलिस ने खुलासा किया यह कॉल सेंटर सेक्टर-90 स्थित भूटानी एंथम परिसर में चल रहा था। पुलिस ने मौके से दर्जन भर लोगों को हिरासत में लिया है।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि इस गैंग का सरगना फरार हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मौके से भारी मात्रा में मोबाइल फोन, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर, लैपटॉप आदि मिला है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग अमेरिकी लोगों के कंप्यूटर और लैपटॉप में वायरस डालकर तथा उन्हें विभिन्न प्रकार से अपने झांसे में लेकर उनसे ठगी करते थे।



पुलिस आयुक्त के निर्देश पर बैंक और एटीएम की सुरक्षा का जायजा लेते पुलिसकर्मी।

# राम सुतार बनाएंगे भगवान गौतमबुद्ध की मूर्ति

## किस धातु की बनेगी प्रतिमा अभी इस पर मंथन जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में भगवान गौतमबुद्ध की एक विशालकाय मूर्ति बनाई जाएगी। ये मूर्ति गौतमबुद्ध थीम पार्क में लगेगी। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने मूर्तिकार पद्मश्री राम.वी. सुतार के साथ मुलाकात की। राम सुतार गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के अलावा देश भर में तमाम बड़ी मूर्तियां बना चुके है।

मूर्ति किस धातु की बनेगी और कितनी ऊंची होगी इसको लेकर अभी मंथन किया जाएगा। इस मौके पर राम सुतार ने प्राधिकरण सीईओ से एक कला केंद्र बनाने की मांग की।

इसमें वे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ी उनकी कला को समझ सके और आगे बढ़ा सके। प्राधिकरण का हार्टिकलचर डिपार्टमेंट इसकी फाइलिंग करेगा, जिसे सीईओ के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यहां से अप्रूव के बाद राम सुतार को मूर्ति बनाने के लिए ऑफर किया जाएगा। सेक्टर-19 निवासी राम वी. सुतार सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में पहुंचे थे। सीईओ डा लोकेश एम ने उनसे मुलाकात करके मूर्ति बनाने का आग्रह किया। इस दौरान सीईओ ने राम वी. सुतार को शाल ओढ़ाकर व बोनसाई पौधा देकर सम्मानित भी किया। बता दे राम सुतार सुतार ने गुजरात में स्थित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का डिज़ाइन तैयार किया है।

उन्होंने 45 फुट ऊंची चंबल स्मारक भी बनाया। महात्मा गांधी की एक प्रतिमा भी बनवाई , जिसकी नकल करके दूसरे देशों को भेजी गई। उन्होंने भारत की संसद में बैठी हुई मुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा तैयार की।वह बेंगलुरु अंतर्राष्टीय हवाई अड्डे पर 108 फीट ऊंची केम्पे गौड़ा प्रतिमा के भी डिज़ाइनर हैं।



नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में सीईओ से शिष्टाचार भेंट करते राम सुतार।

# संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग महिला समेत दो की मौत, मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर से दो लोगों की मौत की खबर सामने आई है। जहां पहले मामले में नोएडा के थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर 34 स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाली 90 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई।

वहीं दूसरे मामले में बताया जा रहा है कि थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के गढ़ी गांव में रहने वाले एक बस चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नोएडा के थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर 34 स्थित अपना घर छोड़कर आश्रम में रहने वाली एक 90 वर्षीय वृद्धा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। तबीयत खराब होने के चलते वृद्धा को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुछ समय पहले (90 वर्षीय) विमला नामक वृद्धा को सेक्टर 34 स्थित अपना घर आश्रम में लाया गया था। शुक्रवार को विमला की अचानक तबियत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर आश्रम के संचालक उन्हें उपचार के लिए सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले की जानाकारी मिलने पर थाना सेक्टर 24 पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बता दें नोएडा से एक और मौत की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के गढ़ी गांव में रहने वाले एक बस चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# केजरीवाल को 12 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

## आबकारी मामले में सीबीआई ने सीएम को तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में किया पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में 12 जुलाई तक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सीबीआई ने तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा के समक्ष पेश किया, जिसके बाद एजेंसी ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी और दावा किया कि वह एक प्रभावशाली राजनेता हैं, जो हिरासत में नहीं रहने पर सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। सीबीआई ने केजरीवाल की हिरासत बढ़ाने की मांग नहीं की और कहा कि उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाए। याचिका को स्वीकार करते हुए विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने कहा कि केजरीवाल को 12 जुलाई को कोर्ट में पेश किया जाए। केजरीवाल के अनुरोध के बाद कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई में अधिकारियों द्वारा शारीरिक रूप से पेश किए जाने के बजाय वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश होने की अनुमति भी दी है। विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने कहा, इस तथ्य पर विचार करते हुए कि आरोपी (केजरीवाल) के खिलाफ कथित साजिश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग शामिल हैं जो आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में शामिल थे और साथ ही ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गलत तरीके से अर्जित धन के इस्तेमाल में मदद की, मुझे लगता है कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। इस मामले में जांच अभी भी जारी है और जांच के दौरान एकत्र की जाने वाली अधिक सामग्री के साथ आरोपी से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता हो सकती है।

तदनुसार, आरोपी अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है। मौजूद साक्ष्यों को देखते हुए अदालत ने कहा कि जांच से पता चला है कि केजरीवाल के करीबी सहयोगी आरोपी विजय नायर आम आदमी पार्टी के मीडिया प्रभारी थे और उन्होंने 2021-22 की आबकारी नीति में उनके अनुकूल प्रावधानों को शामिल करने के लिए अनुचित रिश्वत की मांग करने के लिए विभिन्न शराब निर्माताओं और व्यापारियों से संपर्क किया था। इसने यह भी उल्लेख किया कि केजरीवाल का नाम भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत विभिन्न अपराधों के लिए आपराधिक साजिश के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक के रूप में सामने आया। अदालत ने कहा, इस मामले में दक्षिण समूह के लोगों सहित 17 आरोपियों के खिलाफ चार आरोपपत्र पहले ही दायर किए जा चुके हैं।

### वीरेन्द्र सचदेवा ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के फैसले पर कहा है कि कानून अपना काम कर रहा है और जांच एजेंसी जो साक्ष्य रख रही है उसी आधार पर न्यायालय अपना फैसला दे रहा है। यह बात अब स्पष्ट है कि शराब नीति के जरीए करोड़ों रुपये के घोटाले किए गए हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पूछताछ के दौरान अरविंद केजरीवाल सीबीआई द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं की सीबीआई का उनके खिलाफ मजबूत केस है और उनको सजा होना निश्चित है।

# बारिश का पानी अंडरपास में भरा, दो डूबे



● पुलिस ने शवों का बाहर निकाला, एक युवक की नहीं हुई पहचान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में भारी बारिश के एक दिन बाद शनिवार दोपहर बाहरी उत्तरी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक अंडरपास के जलभराव वाले हिस्से में दो लड़के डूब गए।

यह घटना मेट्रो के पास सिरसपुर अंडरपास के पास हुई, जहां 2.5-3 फीट पानी भर गया था। पुलिस को दोपहर करीब 2.25 बजे लड़कों के डूबने की सूचना मिली और एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। तलाशी अभियान चलाया और दमकल विभाग की मदद से शव बरामद किए। उन्होंने बताया कि लड़कों में से एक सिरसपुर का रहने वाला है, जबकि दूसरे की पहचान अभी नहीं हो पाई है। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि लड़कों के नहाते समय डूबने का मामला संदिग्ध है। शवों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत जांच की जा रही है।

## मलबे से तीन मजदूरों के शव निकाले

**नई दिल्ली।** वसंत विहार इलाके में एक निर्माण स्थल पर गिरी दीवार के मलबे से शनिवार को तीन मजदूरों के शव निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही दिल्ली में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। निर्माणाधीन दीवार शुक्रवार को ढह गई थी और घटना की सूचना सुबह करीब साढ़े पांच बजे दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को दी गई। डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि मलबे से तीन मजदूरों के शव निकाले गए हैं। इनमें से दो की पहचान संतोष कुमार यादव (19) और संतोष (38) के रूप में हुई है। तीसरे मजदूर की अभी पहचान नहीं हो पाई है। मलबे को हटाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया गया और शवों को निकालने के लिए नींव के गड्ढे से पानी निकाला गया।

## टर्मिनल-1 बंद होने से 20 उड़ानें रद्द

***पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली***



*दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से संचालित होने वाली इंडिगो की 20 से अधिक उड़ानें शनिवार को रद्द कर दी गईं, क्योंकि एक दिन पहले छत गिरने की घटना के बाद टर्मिनल को बंद कर दिया गया था। इंडिगो की 23 उड़ानें और स्पाइसजेट की 2 उड़ानें, जो टी-1 से संचालित होने वाली थीं, शनिवार को रद्द कर दी गईं। इंडिगो की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की गई। हालांकि, स्पाइसजेट के एक सूत्र ने कहा कि एयरलाइंस ने सभी टी-1 परिचालन को टी-3 टर्मिनल पर स्थानांतरित कर दिया है और शनिवार को सभी उड़ानें संचालित की गईं। छत गिरने की घटना के बाद, शुक्रवार को टी-1 पर परिचालन निलंबित कर दिया गया था। टर्मिनल से संचालित होने वाली उड़ानों को टर्मिनल-2 (टी2) और टर्मिनल-3 (टी3) पर स्थानांतरित कर दिया गया है।*

*दिल्ली हवाई अड्डे की परिचालक कंपनी डायल ने शुक्रवार को कहा कि उसने हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना की जांच के लिए एक तकनीकी समिति गठित की है और घटना का प्राथमिक कारण लगातार भारी बारिश प्रतीत होता है।*

# भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट

● शनिवार को दिल्ली के कई स्थानों पर हुई बारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बूंदाबांदी के दौरान इंडियागेट पर मौज मस्ती करते बच्चे।

दिल्ली में अगले दो दिनों में भारी बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शहर में 88 वर्षों की रिकॉर्ड तोड़ बारिश के साथ पहुंचे मानसून के एक दिन बाद शनिवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने अगले चार दिन भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसने कहा, दिल्ली में पूरे दिन मध्यम से भारी बारिश की संभावना है, रविवार तथा सोमवार को और अधिक भारी बारिश होने का अनुमान है।

दिल्ली के रोहिणी और बुराड़ी सहित कई इलाकों में सुबह के समय बारिश हुई। दोपहर बाद भी शहर में कई जगह बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले सात दिन गरज के साथ भारी बारिश का पूर्वानुमान किया है। आईएमडी के अनुसार, एक दिन में 7.6 से 35.5 मिलीमीटर के बीच वर्षा मध्यम वर्षा की श्रेणी में आती है, और एक दिन में 64.5 से 124.4 मिमी के बीच वर्षा भारी वर्षा कहलाती है।

इसने कहा कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता का स्तर 80 प्रतिशत रहा। दिल्ली में शुक्रवार को मानसून का आगमन होने के साथ तीन घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस दौरान उड़ानों का परिचालन स्थगित करना पड़ा। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। बारिश से संबंधित घटनाओं में सात अन्य लोगों की भी मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को 228.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो 1936 के बाद जून माह में अब तक की सर्वाधिक वर्षा है।

आईएमडी के अनुसार, शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग में 228.1 मिमी, लोधी रोड मौसम भवन में 192.8, रिज में 150.4, पालम में 106.6 और आयानगर में 66.3 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### यशोभूमि मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार खोले गए

**नई दिल्ली।** भारी बारिश के बाद बंद किए गए यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार शनिवार को फिर से खोल दिए गए हैं। डीएमआरसी ने शनिवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार यात्रियों के लिए खोल दिए गए हैं। दिल्ली में शुक्रवार को मानसून के आगमन के साथ, शुक्रवार को 1936 के बाद से जून माह में अब तक की सर्वाधिक बारिश हुई थी। हवाई अड्डा के टर्मिनल -1 तक शटल सेवा भी निलंबित कर दी गई थी।

# आप कार्यकर्ताओं का भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन

● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई की कर रहे थे मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर यहां दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय के निकट प्रदर्शन किया।

आप के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात समेत देश के 21 राज्यों में आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारी डीडीयू मार्ग पर भाजपा मुख्यालय के निकट आप कार्यालय में एकत्र हुए और केजरीवाल की रिहाई की मांग करते हुए भाजपा के खिलाफ नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों को भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोकने की व्यवस्था की गई है। विरोध प्रदर्शन में आप सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारियों के अलावा भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। बीमार होने के बावजूद कैबिनेट मंत्री आतिशी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

### सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए को लगाई फटकार, आप ने गठित की समिति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा पेड़ों की कटाई पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को फटकार लगाए जाने के बाद आप सरकार ने रिज क्षेत्र में कथित तौर पर बिना अनुमति के 1,100 पेड़ों की कटाई के मामले में तीन मंत्रियों की एक तथ्यान्वेषी (फैक्ट फाइंडिंग) समिति का गठन किया है।

मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन की समिति अपनी रिपोर्ट वन मंत्री को सौंपेगी। राय ने दावा किया, डीडीए इंजीनियरों के ईमेल से पता चलता है कि दिल्ली के उपराज्यपाल के मौखिक निर्देश पर पेड़ों को काटा गया। 26 जून को वन विभाग के साथ बैठक में अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इस मामले में डीडीए को मार्च में नोटिस जारी किया गया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। वन विभाग को मामले पर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था।

# उपराज्यपाल ने जल जमाव से युद्ध स्तर पर निपटने के दिए निर्देश



● एलजी ने कई नालों का दौरा कर जानी वस्तु स्थिति, गाद मिलने पर जताई नाराजगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में शुरुआती बारिश से हालात बिगड़ने पर एलजी ने वीके सक्सेना ने कमान संभालते हुए मौके पर पहुंच कर अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जल भराव से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर जुटने का आह्वान किया।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसी क्रम में शनिवार को तैमूर नगर, बारापुला ड्रेन, आईटीपीओ, तिलकब्रिज, कुशकनाला, गोल्फ लिंक और भारती नगर के कुछ सबसे प्रभावित नालों और क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को युद्धस्तर पर नालों से गाद निकालने का निर्देश दिया। उनका यह दौरा, दिल्ली में भारी बारिश और नालों के बंद होने के कारण आई बाढ़ से निपटने के लिए, अधिकारियों को दिए गए निर्देश के एक दिन बाद हुआ है। सक्सेना ने एजेंसियों को जल निकासी व्यवस्था को फुलफ्रूफ बनाने का निर्देश दिया ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई कि मानसून की तैयारियों के दौरान, किसी भी प्रमुख नाले से गाद नहीं निकाली गई और न ही उनकी सफाई की गई, जिसकी वजह से कई जगहों पर भारी जलभराव हो गया।

उन्होंने अधिकारियों को नालों के किनारे हुए अतिक्रमण को तुरंत हटवाने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव/अध्यक्ष एनडीएमसी, एमसीडी आयुक्त, प्रधान सचिव पीडब्ल्यूडी समेत दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सबसे पहले तैमूर नगर ड्रेन का निरीक्षण किया, जिसमें ओखला, तैमूर नगर, शाहीनबाग, जसोला, भारत नगर, जामिया नगर का बड़ा हिस्सा आता है। उन्होंने इनके साथ लगी पॉश कॉलोनियां- न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, महारानी बाग और दूसरी जगहों का भी दौरा किया, जहां पर शुक्रवार को आई बारिश के बाद बाढ़ आ गई थी। उपराज्यपाल के साथ केंद्रीय मंत्री और पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मलहोत्रा और नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद थीं।


# अफोर्डेबल हाउसिंग योजना

SRIFLEX
Building a Better Tomorrow

## हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल हाउसिंग योजना के अंतर्गत

**28.06.2018 को 'एम्मार क्लब बेरिल', एम्मार एमराल्ड हिल्स, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 65, गुरुग्राम, हरियाणा 122018 में हुए पहले ई-ड्रा में सफल आवेदन कर्ताओ की सूची**

लाइसेंस संख्या/वर्ष :133 ऑफ़ 2023 दिनांक 26.06.2023 | हरेरा पंजीकरण संख्या RC/REP/HARERA/GGM/814/546/2024/41 दिनांक 15.04.2024

**श्रेणी-1 (2 बी एच के) (एरिया 644.65 वर्गफीट)**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145516 | 145096 | 144434 | 145403 | 143895 | 144062 | 144528 | 144736 | 145526 | 144495 | 144841 | 143973 | 145066 | 145350 | 145347 | 145435 | 144749 | 145264 |
| 144504 | 144010 | 143654 | 145247 | 145127 | 145283 | 145341 | 144336 | 144279 | 144948 | 143524 | 144689 | 144656 | 145562 | 144490 | 145473 | 144428 | 143539 |
| 143695 | 145577 | 144790 | 143644 | 145219 | 144577 | 144066 | 144338 | 145384 | 144759 | 145470 | 143535 | 145214 | 144437 | 144789 | 144176 | 144744 | 145297 |
| 145545 | 145596 | 144346 | 143888 | 145636 | 143857 | 144681 | 145343 | 144374 | 143972 | 144728 | 143932 | 144812 | 143513 | 143981 | 144200 | 143813 | 145081 |
| 144449 | 145462 | 145087 | 143738 | 143958 | 144766 | 144814 | 143914 | 144835 | 144344 | 145617 | 144379 | 144687 | 144289 | 145079 | 145443 | 143842 | 144118 |
| 145625 | 145434 | 144138 | 144483 | 143531 | 143879 | 145426 | 145205 | 145444 | 144005 | 145580 | 145250 | 144267 | 143864 | 144464 | 144323 | 144813 | 144958 |
| 145204 | 143770 | 145177 | 145212 | 143540 | 145618 | 143519 | 144122 | 145530 | 144073 | 143722 | 145532 | 144916 | 144870 | 145206 | 144888 | 144028 | 144307 |
| 144861 | 145012 | 144314 | 143585 | 143897 | 144217 | 144775 | 144116 | 143755 | 145619 | 144184 | 144928 | 145560 | 144333 | 143602 | 143707 | 143978 | 144595 |
| 145041 | 145399 | 144035 | 144431 | 145615 | 144923 | 145415 | 143712 | 144791 | 144999 | 144172 | 144531 | 143753 | 144069 | 145400 | 144305 | 145376 | |
| 144592 | 145203 | 145590 | 143827 | 144787 | 144111 | 144412 | 144084 | 144114 | 144194 | 144981 | 143565 | 144055 | 144156 | 145172 | 145238 | 144494 | |
| 145288 | 143710 | 144094 | 145246 | 143793 | 143676 | 143810 | 144654 | 144997 | 144565 | 144935 | 145433 | 143882 | 144043 | 143767 | 145414 | 144957 | |
| 144160 | 144942 | 145289 | 145240 | 143831 | 144324 | 143843 | 143586 | 143653 | 145604 | 145201 | 145222 | 143750 | 144225 | 143544 | 145437 | 145468 | |
| 145254 | 144984 | 144247 | 145036 | 145198 | 143597 | 145271 | 144927 | 144674 | 145171 | 144688 | 143904 | 143728 | 145242 | 144065 | 143659 | 143604 | |
| 144585 | 144443 | 143557 | 144181 | 144929 | 144227 | 144145 | 144198 | 143850 | 145460 | 144760 | 144560 | 144914 | 144211 | 145454 | 144328 | 144157 | |
| 144149 | 145135 | 144125 | 144060 | 144435 | 144926 | 144110 | 144941 | 144107 | 143527 | 144183 | 144930 | 145377 | 145037 | 144108 | 143927 | 144956 | |
| 144277 | 144526 | 144896 | 144425 | 145455 | 143620 | 144601 | 144396 | 145419 | 145457 | 143889 | 143788 | 144266 | 143824 | 145051 | 145218 | 145330 | |
| 144513 | 144842 | 145428 | 143918 | 144079 | 144119 | 144130 | 144968 | 144913 | 145017 | 144360 | 143605 | 145495 | 144002 | 144951 | 143709 | 143682 | |
| 145342 | 144895 | 144925 | 144694 | 143859 | 145566 | 143960 | 145402 | 145449 | 143823 | 145416 | 143645 | 145071 | 144750 | 144214 | 144831 | 143780 | |
| 145459 | 145261 | 143636 | 144061 | 145038 | 145011 | 144724 | 145397 | 144353 | 143804 | 145621 | 145424 | 144555 | 143818 | 145273 | 145555 | 144290 | |
| 144976 | 144658 | 144777 | 144764 | 144556 | 143522 | 144639 | 143902 | 144115 | 144082 | 145176 | 143592 | 144695 | 144963 | 145436 | 144505 | 144657 | |

**प्रतीक्षा सूची श्रेणी-1 (2 बी एच् के) (एरिया 644.65 वर्गफीट)**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 144530 | 143643 | 143805 | 145282 | 144436 | 144271 | 143702 | 143705 | 145192 | 145078 | 144171 | 145616 | 144215 | 145302 | 145104 | 145265 | 145446 | 144753 |
| 144131 | 145510 | 144310 | 143948 | 145168 | 144358 | 144389 | 144078 | 145210 | 145088 | 143740 | 143950 | 144052 | 145579 | 145511 | 144100 | 144150 | 145570 |
| 143940 | 144652 | 145599 | 145202 | 144036 | 144581 | 143706 | 145637 | 143660 | 144306 | 145208 | 144704 | 143814 | 144905 | 145513 | 143968 | 143542 | |
| 144758 | 144263 | 143616 | 145582 | 144232 | 144045 | 144014 | 143568 | 145353 | 144665 | 145313 | 144773 | 144967 | 144669 | 145103 | 145427 | 144086 | |
| 145523 | 143997 | 145646 | 143999 | 143894 | 144879 | 145167 | 143860 | 145307 | 145280 | 145306 | 144024 | 144085 | 144292 | 144188 | 145571 | 143739 | |

**श्रेणी-2 (2 बी एच के) (एरिया 644.65 वर्गफीट)**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 143668 | 144569 | 143656 | 143867 | 144980 | 144523 | 144690 | 143949 | 145097 | 144199 | 143523 | 144889 | 143836 | 143993 | 145475 | 144230 | 145239 | 145389 |
| 143694 | 144527 | 143786 | 145175 | 144548 | 145381 | 145447 | 145304 | 145106 | 144141 | 145635 | 144709 | 144874 | 145047 | 145420 | 144496 | 145432 | 145125 |
| 144137 | 143615 | 144625 | 145224 | 144347 | 144886 | 145524 | 144723 | 145533 | 145404 | 144136 | 145160 | 145286 | 145292 | 145474 | 144128 | 144878 | 145476 |
| 144697 | 145390 | 145179 | 144741 | 145587 | 144009 | 145332 | 145050 | 144166 | 144977 | 144960 | 144473 | 145269 | 145425 | 144641 | 144589 | 144557 | 145494 |
| 143994 | 145207 | 143575 | 144575 | 144372 | 144969 | 145170 | 143903 | 143708 | 143899 | 145018 | 143928 | 144506 | 144978 | 143684 | 144488 | 144692 | 145508 |
| 144877 | 145048 | 143870 | 143847 | 143647 | 145329 | 145119 | 143986 | 143573 | 144001 | 144649 | 143646 | 143865 | 145154 | 143868 | 144883 | 145472 | 144617 |
| 143693 | 144588 | 143830 | 145465 | 144794 | 143732 | 143561 | 144034 | 143885 | 145322 | 143970 | 143782 | 143921 | 143649 | 143876 | 143718 | 144711 | 145500 |
| 145258 | 144685 | 145211 | 145026 | 144686 | 144847 | 145027 | 145105 | 144524 | 144740 | 143512 | 144982 | 144013 | 144578 | 144510 | 145316 | 145478 | 145512 |
| 144512 | 144042 | 144568 | 144148 | 143579 | 145133 | 143633 | 145631 | 144799 | 143886 | 144822 | 145020 | 144635 | 143756 | 143558 | 143787 | 144804 | 145558 |
| 145483 | 145431 | 144599 | 143758 | 145441 | 145076 | 144515 | 143748 | 143992 | 144603 | 143634 | 144729 | 144017 | 144580 | 145249 | 145024 | 145479 | 145469 |
| 144837 | 143554 | 143996 | 144718 | 144554 | 144067 | 144508 | 145260 | 144011 | 145326 | 145337 | 143874 | 144475 | 144169 | 144931 | 143567 | 144621 | 145522 |
| 143989 | 145393 | 143910 | 145379 | 144663 | 143670 | 145300 | 144070 | 143939 | 144776 | 143774 | 145118 | 145529 | 144394 | 144161 | 145128 | 145229 | 144533 |
| 144339 | 144698 | 145620 | 145487 | 143685 | 143848 | 144162 | 143721 | 145320 | 143664 | 145344 | 144721 | 145331 | 145423 | 143893 | 145521 | 144810 | 145488 |
| 144459 | 143760 | 143613 | 144793 | 144636 | 144748 | 145124 | 143733 | 144862 | 143600 | 144450 | 143849 | 145639 | 144540 | 144196 | 145466 | 145278 | 145622 |
| 144072 | 144220 | 144811 | 145187 | 145518 | 143546 | 144671 | 145065 | 145336 | 144756 | 144691 | 143823 | 144427 | 145497 | 143833 | 145506 | 144532 | 145272 |
| 143801 | 145486 | 145471 | 145003 | 145182 | 144664 | 143537 | 144051 | 144516 | 143704 | 144844 | 145230 | 143698 | 145268 | 143978 | 145553 | 145422 | 144628 |
| 143587 | 144286 | 144924 | 145006 | 143792 | 145490 | 143744 | 145412 | 143598 | 143515 | 143534 | 144894 | 143686 | 144860 | 143529 | 145083 | 145531 | 145564 |
| 145044 | 143570 | 143781 | 145042 | 145180 | 144146 | 144420 | 144352 | 144304 | 145143 | 145086 | 143806 | 144632 | 145388 | 145262 | 144876 | 144542 | |

**प्रतीक्षा सूची श्रेणी-2 (2 बी एच् के) (एरिया 644.65 वर्गफीट)**

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145507 | 144239 | 144398 | 143569 | 143622 | 143673 | 143628 | 144144 | 144093 | 143692 | 143995 | 143954 | 144959 | 143714 | 144644 | 145298 | 144525 |
| 144587 | 144782 | 143821 | 144800 | 144944 | 143591 | 144783 | 144769 | 144112 | 145392 | 144747 | 144474 | 145552 | 145536 | 143844 | 145299 | |
| 143816 | 145094 | 143588 | 145540 | 143953 | 145217 | 143556 | 145554 | 143663 | 145583 | 145380 | 145642 | 145145 | 143832 | 143730 | 145139 | |
| 144311 | 145382 | 143983 | 143683 | 144334 | 143778 | 143635 | 143991 | 145279 | 144771 | 145333 | 145019 | 143572 | 145146 | 145456 | 145039 | |
| 144696 | 143564 | 145111 | 144288 | 145386 | 144456 | 143551 | 143735 | 145274 | 145502 | 144946 | 143802 | 144520 | 143678 | 145632 | 143898 | |

**श्रेणी-3 (2 बी एच के) (एरिया 637.00 वर्गफीट)**

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 144105 | 145452 | 145520 | 144626 | 144059 | 145463 | 143917 | 144320 | 143562 | 144824 | 144429 | 144250 | 144706 | 144667 | 145031 | 145185 | 144237 |
| 145115 | 144966 | 144903 | 144351 | 144424 | 144705 | 144553 | 144391 | 144971 | 144660 | 144546 | 144509 | 144445 | 144998 | 145368 | 143961 | 144539 |
| 144357 | 144302 | 144378 | 145499 | 144566 | 145245 | 144377 | 145430 | 144659 | 144342 | 144390 | 144514 | 144337 | 144471 | 143650 | 145485 | 143553 |
| 144536 | 144228 | 144519 | 143812 | 143922 | 144447 | 144590 | 144666 | 144383 | 145197 | 144387 | 144384 | 143896 | 143852 | 145405 | 144291 | 144452 |
| 144319 | 144253 | 144406 | 144208 | 144517 | 144295 | 144964 | 144670 | 144715 | 144545 | 144470 | 145000 | 145398 | 144298 | 143743 | 144433 | |
| 145033 | 143731 | 144468 | 144448 | 144261 | 144293 | 144102 | 145295 | 144329 | 144521 | 144418 | 144439 | 145538 | 144236 | 143642 | 143669 | |
| 144732 | 143667 | 144297 | 144442 | 145008 | 144294 | 144216 | 144597 | 144593 | 144507 | 144541 | 145614 | 144407 | 144627 | 144552 | 144075 | |
| 144480 | 144498 | 144805 | 144720 | 144385 | 144762 | 144613 | 144400 | 144180 | 143595 | 144359 | 144030 | 144077 | 144193 | 144340 | 145049 | |
| 144395 | 144562 | 143725 | 144365 | 144335 | 144708 | 144415 | 144489 | 144095 | 144087 | 143930 | 143808 | 144551 | 145589 | 144127 | 144376 | |
| 145360 | 143690 | 144497 | 144454 | 144574 | 144252 | 145418 | 144465 | 145442 | 144303 | 144675 | 144368 | 143777 | 144173 | 144446 | 144189 | |

**प्रतीक्षा सूची श्रेणी-3 (2 बी एच् के) (एरिया 637.00 वर्गफीट)**

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 144487 | 144584 | 144440 | 144091 | 144990 | 144611 | 145391 | 144453 | 144272 | 143658 | 143979 | 144265 | 144567 | 144409 |
| 143890 | 144246 | 144444 | 144245 | 144441 | 144373 | 144579 | 144296 | 144287 | 145641 | 144393 | 144582 | 144285 | 144719 |
| 144411 | 144050 | 144486 | 145215 | 144262 | 144327 | 144135 | 143737 | 145535 | 144367 | 144710 | 144466 | 144325 | |

**श्रीफ्लेक्स प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** - टी एफ 03 नाइनेक्स सिटी मार्ट, सोहना रोड, सेक्टर 49, गुरुग्राम, हरियाणा 122018

**अस्वीकरण:** - अंतिम परिणाम टीसीपी वेबसाइट https://tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध है| किसी भी विसंगति के मामले में, सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित परिणाम अंतिम होगा।

# हमलावरों ने बाउंसर को गोलियों से भूना

## गाड़ी में बैठकर जूस पी रहा था पीड़ित, बदमाशों ने बाइक से कार को मारी टक्कर, अनुज के उतरते ही चलाईं गोलियां

- पुलिस के अनुसार खुद भी आपराधिक किस्म का था मृतक अनुज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गांव उल्लावास के पास गोली लगने के बाद जमीन पर पड़ा बाउंसर।


बाउंसर को गोली मारे जाने वाले स्थान पर एकत्रित भीड़।

जिले के गांव उल्लावास में एक क्लब में बाउंसर युवक की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गोली लगने से बाउंसर सड़क पर ही लहुलुहान अवस्था में तड़पता रहा। लोग तमाशबीन बनकर उसकी वीडियो अपने मोबाइल से बनाते रहे। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।


कादरपुर गांव निवासी मृतक युवक अनुज के पिता ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि 28 जून की शाम को उनका लड़का अनुज अपनी गाड़ी में एचबीआर चौक पर बैठकर जूस पी रहा था। उसका चाचा पास से ही फल खरीद रहा था। तभी दो युवक बाइक पर सवार होकर आए तथा उनके लड़के अनुज की कार में पीछे से टक्कर मार दी। जब अनुज कार से उतरने लगा तो उन युवकों ने उस पर गोलियां चला दीं। जब अनुज जान बचाकर भागने लगा तो उन युवकों ने पीछा करके उसे और भी गोलियां मारीं। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए।

घायलावस्था में अनुज को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक युवक के पिता की इस शिकायत पर थाना सेक्टर-65 में केस दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार के अनुसार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना सेक्टर-65 गुरुग्राम तथा अपराध शाखाओं की विभिन्न टीमें गठित की गई हैं।पुलिस टीमों द्वारा उपरोक्त वारदात से सम्बन्धित सभी साक्ष्य तथा सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मृतक युवक अनुज का भी पूर्व में कुछ अपराधिक रिकार्ड रहा है। उसके खिलाफ तीन केस भी दर्ज हैं। पुराने केसों को भी ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम पुलिस द्वारा इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान करने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।

# गुरुग्राम-फरीदाबाद में लगाए जाएंगे बनारस की तर्ज पर कचरे से ग्रीन कोयला बनाने वाले प्लांट

- केन्द्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बैठक में लिया गया निर्णय
- नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में आयोजित हुई थी बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर की तर्ज पर अब जल्द ही गुरुग्राम तथा फरीदाबाद में कचरे से ग्रीन कोयला बनाने के प्लांट लगाए जाएंगे। अन्य शहरों में भी इसका विस्तारीकरण किया जाएगा। इस बारे में नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में केन्द्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में वेस्ट-टू-एनर्जी विषय पर आयोजित बैठक हुई। उस बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम व फरीदाबाद में एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम (एनवीवीएनएल) लगाएगी। इनमें गुरुग्राम में 1200 टन प्रतिदिन व फरीदाबाद में 1000 टन प्रतिदिन कचरा निष्पादन की क्षमता के प्लांट स्थापित किए जाएंगे। गुरुग्राम व फरीदाबाद में प्लांट स्थापित करने बारे 10 जुलाई को गुरुग्राम में एनवीवीएल व हरियाणा सरकार के बीच एमओयू साईन किया जाएगा। एनवीवीएनएल के अधिकारी सोमवार 1 जुलाई तक गुरुग्राम का दौरा भी करेंगे। बैठक में ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल, एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. अमित कुमार अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त व सचिव विकास गुप्ता, डीएचबीवीएनएल के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा, एचपीसीजीएल के प्रबंध निदेशक मोहम्मद शाईन, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़, एनवीवीएनएल की सीईओ रेनू नारंग, महाप्रबंधक अमित कुलश्रेष्ठ सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लगातार दो माह स्वच्छ रहने वाले वार्ड को मिलेंगे एक करोड़

- मंडलायुक्त आरसी बिढ़ान ने स्वच्छता समीक्षा बैठक में की घोषणा
- मानदंडों पर हर महीने खरा उतरने वाले वार्ड को भी विकास कार्यों के लिए मिलेगा 50 लाख रुपए का इनाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


लघु सचिवालय में स्वच्छता विषय पर अधिकारियों की बैठक लेते मंडलायुक्त आरसी बिढ़ान।

स्वच्छता की जिम्मेदारी का खुद निर्वहन करने के साथ-साथ यह जिम्मेदारी शहर के नागरिकों पर भी डाल दी है। इसके लिए एक अनूठी पहल की गई है। इसमें गुरुग्राम शहर को जो भी वार्ड लगातार दो महीने तक स्वच्छता के मानदंडों पर सर्वश्रेष्ठ रहेगा, उस क्षेत्र के विकास के लिए एक करोड़ रुपए ईनाम स्वरूप दिए जाएंगे। इस योजना के तहत एक महीना अच्छा प्रदर्शन करने वाले वार्ड को भी 50 लाख रुपए की धनराशि देने का प्रावधान किया जाएगा।

गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान ने शनिवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही। डीसी निशांत कुमार यादव व नगर निगम, गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ भी बैठक में उपस्थित रहें। उन्होंने मंडल आयुक्त को गुरुग्राम शहर में ठोस अपशिष्ट पर्यावरण आवश्यकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत जारी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंडल आयुक्त ने भी बैठक में क्षेत्रवार स्वीप कार्यकम के तहत नियुक्त प्रभारी अधिकारियों से रिपोर्ट ली।

मंडल आयुक्त ने बताया कि एक करोड़ व 50 लाख रुपए की ईनामी योजना का स्वीप के तहत गठित समिति की बैठक में लिया जा चुका है। स्वच्छता के मानदण्डों की जांच का कार्य जिला प्रशासन या नगर निगम के अधिकारियों की बजाए एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किया जाएगा। ईनामी राशि का उपयोग वार्ड के नागरिक अपने क्षेत्र के विकास के लिए कर सकेंगे।

# पुजारी पर चाकू से हमला, गुस्साए लोगों ने प्याली चौक पर लगाया जाम


भाजपा नेता एवं पुजारी रवि भगत पर हुए हमले के विरोध में प्याली चौक पर जाम लगाते लोग।

**फरीदाबाद।** सारन थाना क्षेत्र अन्तर्गत आने वाली न्यू जनता कालोनी निवासी भाजपा नेता रवि भगत पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने उसका चाकू से गला पर वार किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एस्कार्ट्स अस्पताल में दाखिल कराया गया है। गुस्साए लोगों ने प्याली चौक पर जाम लगा दिया, इससे एक घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रवि भगत को कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का समर्थक बताया गया है। उन्होंने अपने घर के अन्दर ही नौ रूप काली मंदिर बनाया हुआ है। बीती रात वह गली में मंदिर के सामने फोल्डिंग पर लेटा हुआ था। इसी बीच कुछ युवक आए और रवि भगत पर हमला कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि गला रेतने से पहले आरोपियों ने धार्मिक नारा भी लगाया था।

सारन थाना प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि हमला तो हुआ है लेकिन धार्मिक उन्माद वाली बात सामने नहीं आई है। घायल की हालत अब ठीक है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। यह हमला रंजिश के तहत किया गया है। आरोपियों के गिरफ्तार होने के बाद ही पता लगेगा की असली कारण क्या है। उधर गुस्साए परिजनों, बजरंग दल व देव सेना के कार्यकर्ताओं ने सुबह 11 बजे प्याली चौक पर जाम लगा दिया।

# बसपा व 'आप' के कई नेता कांग्रेस में शामिल, हुड्डा ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बसपा व आप के पदाधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराते हुए।

आम आदमी पार्टी व बसपा के कई पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी में आस्था जताते हुए तिगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने पार्टी में शामिल हुए बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र तंवर, जिला कोषाध्यक्ष इंद्रपाल एडवोकेट, रनजीत थानेदार, भीकम नंबरदार, राजेश अहलावत, महेंद्र करदम, मुकेश सरपंच, उमराव सरपंच, कुनाल तंवर, हंसराज पंवार, आम आदमी पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष सेहतपुर ज्ञानचंद गोयल, वार्ड अध्यक्ष सेहतपुर रामनिवास भारद्वाज, शिवेंद्र सिंह, रामसेवक राठौर आदि नेताओं का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पूरा मान सम्मान देने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस निरंतर मजबूत हो रही है और लोकसभा चुनावों के बाद जनता ने यह जनादेश दे दिया है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में हरियाणा की सरकार बनेगी और उसके बाद सही मायनों में प्रदेश का विकास किया जाएगा वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता ने भाजपा को सच्चाई का आइना दिखा दिया है, जनता अब भाजपा को भली भांति जान चुकी है और अब इनके झूठे जुमले में आने वाली नही है। इस मौके पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है।

# पत्रकारिता जीवन भर संघर्ष का रास्ताः श्याम

- प्रतिभावान लोगों के लिए किसी भी क्षेत्र में काम की कमी नहींः प्रो. दिनेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


महर्षि नारद की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुग्राम विवि में आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते संसद टीवी के संपादक श्याम किशोर।

सृष्टि के आदि संचारक महर्षि नारद की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुग्राम विश्वविद्यालय में विश्व संवाद केंद्र, हरियाणा एवं मीडिया अध्ययन विभाग गुरुग्राम विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाज निर्माण में मीडिया की रचनात्मक भूमिका विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में पत्रकारों, शिक्षाविदों, समाज के अन्य गणमान्य जनों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार संसद टीवी के संपादक श्याम किशोर रहे। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी दिनेश नागपाल एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. अशोक दिवाकर विशिष्ट अतिथि रहे। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रत्रकारिता के महत्व पर बोलते हुए कहा कि यदि समाचार पत्रों में हमें सकारात्मक बातें पढ़ने को मिलेंगी तो पूरा समाज सही दिशा में आगे जायेगा, हर क्षेत्र में लोग उन्नति करेंगे। आज योग्य लोगों की देश को आवश्यकता है, प्रतिभावान लोगों के लिए किसी भी क्षेत्र में काम की कमी नहीं।

# मुस्कुराना ही जीवंत मानव की पहचानः आचार्य

- जैन बारादरी ससंघ पहुंचे मुनिराज का हुआ भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


जैन बारादरी में प्रवचन करते आचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज व मौजूद अनुयायी।

जीवन है पानी की बूंद महाकाव्य के मूल रचयिता जिनागम पंथ प्रवर्तक भावलिंगी संत श्रमणाचार्य गुरुदेव श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज का धर्मनगरी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैकमपुरा कमेटी के प्रधान संदीप जैन, उपप्रधान सी.ए. विनय जैन, महामंत्री श्रेयांश जैन, सहमंत्री पारस जैन व कोषाध्यक्ष प्रवीन जैन ने बताया कि शनिवार की सुबह की बेला में आचार्य श्री अपने ससंघस्थ 24 मुनिराज और आर्यिका माता जी सहित मॉलिबु सिटी से पद विहार करते हुए जैकमपुरा स्थित श्री 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। जैन समाज ने गाजे-बाजे के साथ आचार्य संघ की भवाति भव्य अगवानी कर जिशासन के वज को मुक्त आकाश में फहराया। भव्य अगवानी के साथ ही विशाल धर्मसभा आयोजित की गई।

# बिजली संकट से जूझ रहे उद्योगपतियों का गुस्सा फूटा

## आईएमटी गोल चक्कर के पास दिया धरना, सरकार व बिजली विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

- इंडस्ट्रीज एसो. के प्रधान प्रमोद राणा बोले, उत्पादन ठप, ऑर्डर हो रहे प्रभावित
- धरना स्थल पहुंचे एसीपी बोले, जाम खोलो वरना दर्ज होगा केस

दयाराम वशिष्ट। फरीदाबाद


आईएमटी गोल चक्कर के पास प्रदर्शन करते आईएमटी के उद्योगपति।

पिछले 8 दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे आईएमटी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने शनिवार को आईएमटी इंडस्ट्रीज एसो. फरीदाबाद के नेतृत्व में शनिवार को सड़कों पर उतर आए और आईएमटी गोल चक्कर के पास प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए।

उद्योगपतियों में सरकार व बिजली विभाग के प्रति काफी रोष नजर आया और उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे हजारों वर्करों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करेंगे। इस दौरान एसो. के प्रधान प्रमोद राणा सहित अनेक उद्योगपतियों ने सरकार व बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। धरने के दौरान एसीपी द्वारा गाड़ी से उतरते ही उद्योगपतियों को जाम न खोलने पर एफआईआर की धमकी दी गई जिससे उद्योगपतियों में बड़ी नाराजगी है।

आईएमटी इंडस्ट्रीज एसो. के प्रधान प्रमोद राणा ने बताया कि पिछले 8 दिनों से लगातार बिजली संकट बना हुआ है जिससे उद्योगों का उत्पादन ठप्प पड़ गया है। उन्होंने आईएमटी के इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी सवाल खड़े किए। वहीं उद्योगपतियों ने कहा कि आईएमटी औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट लेकर वे ठगा महसूस कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सुविधाओं के नाम पर समस्याओं का अंबार दिया गया है।

### एसडीओ व एक्सईएन ने दिया आश्वासन

मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ व एक्सईएन विकास दहिया पहुंचे और उन्होंने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा जिस पर एसो. के प्रधान प्रमोद राणा ने कहा कि यदि सोमवार से बिजली की समस्या से निजात नहीं दिलाई गई तो उद्योगपति रणनीति बनाकर और अधिक आक्रामक रुख अपनाएंगे।

# गुरुग्राम को मिलेगा एक और महिला कौशल विकास केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल के 1 जुलाई को जन्मदिन के अवसर पर गुरुग्राम को एक और महिला कौशल विकास केंद्र की सौगात मिलने जा रही है। इससे पहले राजेंद्रा पार्क में एक केंद्र चल रहा है, जहां पर पहला बैच प्रशिक्षण लेकर पासआउट हो चुका है। शीतला कालोनी में गली नंबर-2 सी-ब्लॉक में यह नया केंद्र बनाया गया है, ताकि आसपास की महिलाएं वहां पर प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन सकें।

नारी सशक्तिकरण के लिए कैनविन फाउंडेशन की यह नयी पहल शहर में भी काफी चर्चा का विषय बन चुकी है, क्योंकि महिलाओं को उनके घर के निकट ऐसा प्रशिक्षण मिल रहा है, जिसे लेकर वे अपनी और परिवार की आजीविका चलाने में सक्षम हो सकती हैं। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि कैनविन महिला कौशल विकास केंद्र महिलाओं को सिलाई और ब्यूटीपार्लर कला में पारंगत बनाएगा। इससे पहले के बैच में काफी महिलाओं ने इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण लिया है। अनुभवी एवं उच्च शिक्षित प्रशिक्षक महिलाओं की टीम महिलाओं को काम की बारीकियां सिखाते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता के दहलीज तक ले जाती हैं।

# ट्रेडिंग के जाल में फंसाकर 7.50 करोड़ की ठगी करने वाला कारोबारी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस ने आगरा के वायदा कारोबारी को 7.50 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी में पकड़ा है। यह ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर युवती के साथ धोखाधड़ी के मामले का आरोपी है। तीन माह पहले दर्ज केस में 16 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। सेक्टर.15 में रहने वाली प्रियांशी गुप्ता ने 29 मार्च को साइबर थाने में केस दर्ज कराया था। वह अपने पिता प्रमोद गुप्ता सीए की फर्म में फाइनेंशियल मैनेजमेंट का काम देखती हैं। प्रियांशी के साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 7.50 करोड़ की ठगी हुई थी। इस गैंग के तार नेपाल और चीन से भी जुड़े थे। पुलिस ने आगरा के कारोबारी को भी नामजद किया था। टीम उसकी तलाश में आगरा भी गई थी, लेकिन वह नहीं मिला। उसकी तलाश नेपाल में गई और कारोबारी को पकड़ लिया। आगरा में करीब 4 साल पहले हुई हत्या में भी उसका नाम सामने आया था।

# शिक्षा के नाम पर करोड़ों डकार गई भाजपा सरकारः खटाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



आम आदमी पार्टी के गुरुग्राम जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना ने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार सिर से लेकर पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जब से बीजेपी हरियाणा में शासन में आई है। उसी दिन से इन्होंने भ्रष्टाचार और लूट शुरू कर दी। अब इसके सुबूत भी सामने आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं, जब 2014 में बीजेपी सरकार बनी तो तब से लेकर 2016 तक दो साल में सरकारी स्कूलों में 4 लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया गया। इन बच्चों के नाम पर वजीफे, मिड-डे मील और वर्दी का सारा खर्चा सरकारी खातों से निकालते रहे। यहां तक कि इन बच्चों के नाम पर सरकारी टीचर्स हायर किए गए और उनकी तनख्वाह भी डकार गए, करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सरकार बनने के बाद सबसे पहला भ्रष्टाचार बच्चों की शिक्षा में किया और हमारी नींव खोखली करने के लिए किया। बीजेपी बच्चों की शिक्षा को किस तरीके से बर्बाद कर रही है। कैसे सरकारी स्कूल बंद कर रही है ये सब हमने देखा। अब ये सच भी सामने आ गया कि इन बच्चों के नाम पर करोड़ों अरबों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने तीन-तीन एफआईआर दर्ज की उसके बावजूद बीजेपी के नेताओं को उस समय के शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को बचा लिया। एफआईआर में उनका नाम नहीं डाला, उनसे पूछताछ नहीं गई।

# संक्षिप्त समाचार


म्युचुअल फंड सेवाओं को लांच करते कंपनी के एमडी एंव सीईओ समीर माथुर।

### रॉय नेट ने म्यूचुअल फंड सेवाएं कीं लॉन्च

**गुरुग्राम।** रॉय नेट ने शनिवार को अपनी म्युचुअल फंड सेवाओं को लॉन्च करने की घोषणा की। गुरुग्राम के सेक्टर 61 में आयोजित लॉन्चिंग कार्यक्रम में कंपनी के एमडी एंव सीईओ समीर माथुर ने इसकी शुरुआत की। इस मौके पर मुख्य रूप रॉय नेट के निवेशक एवं डायरेक्टर चोन फंग लिम, को-फाउंडर एंव डायरेक्टर विवेक गुप्ता, कंपनी के को-फाउंडर एवं चीफ ग्राथ ऑफिसर संजीव महाजन सहित कंपनी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर समीर माथुर ने बताया कि उनके द्वारा लॉन्च की सेवाएं उन निवेशकों को विशेष लाभ पहुंचाती हैं जो सफल निवेश समाधान चाहते हैं। यह प्लेटफार्म आपको एक बैलेंस्ड म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो बनाने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि आप चाहे एक अनुभवी निवेशक हैं या फिर निवेश की दुनिया में नए हो, सभी को रॉय नेट की विशेषज्ञ टीम हर कदम पर मार्गदर्शन के लिए समर्पित है, इसलिए निवेशक अपने वित्तीय भविष्य को बेहतर बनाने के लिए रॉय नेट की म्यूचुअल फंड सेवाओं के साथ जुडे। उन्होंने रॉय नेट के बारे में बताते हुए कहा कि रॉय नेट सॉल्यूशन भारत में फिटनेक सोल्यूशन प्रदान करता है।

### पेंशन व आवास नवीनीकरण योजना लाभार्थी समारोह आज

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि आज सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेशन हाल में पेंशन व बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना लाभार्थी समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर करेंगे। कार्यक्रम में लाभार्थियों को पेंशन/आवास नवीनीकरण योजना सर्टिफिकेट वितरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि कृष्ण पाल गुर्जर और उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के उघोग एवं वाणिज्य, श्रम, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले तथा निर्वाचन मंत्री मूलचंद शर्मा होंगे। साथ ही विधायक फरीदाबाद नरेंद्र गुप्ता और तिगांव विधायक राजेश नागर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### एमएससी फिजिक्स इंटीग्रेटेड व एमए म्यूजिक कोर्स लांच

**गुरुग्राम।** शिक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में अपना करियर बनाने की सोच रहे छात्रों के लिए विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। गुरुग्राम विवि ने 5 वर्षीय एमएससी फिजिक्स इंटीग्रेटिड व कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए 2 वर्षीय एमए म्यूजिक का कोर्स लांच किया गया है। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों कोर्सों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित किया जाएगा। जिसके अनुसार 3 साल का कोर्स पूरा करने पर बीएससी फिजिक्स और 5 साल का कोर्स पूरा करने पर एमएससी फिजिक्स की डिग्री छात्रों को दी जाएगी। एमएससी फिजिक्स इंटीग्रेटिड की 30 सीटों के लिए और एमएस म्यूजिक की 20 सीटों के लिए 1 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। छात्र जीयू के ऑफिशियल साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए विद्यार्थी मेल कर सकते हैं। विद्यार्थियों की समस्या का यथा संभव समाधान किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना और छात्रों को रोजगार के लिए सक्षम बनाना, गुरुग्राम विवि का प्रमुख लक्ष्य है।

## बेकाबू वाहन पलटने से दो श्रमिकों की मौत, छह घायल

**महराजगंज। ( भाषा )** उत्तर प्रदेश में महराजगंज जिले के पनियरा क्षेत्र में एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो श्रमिकों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि काम करने सिद्धार्थनगर जा रहे मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन पनियरा के बभनौली जंगल गांव के पास शुक्रवार की रात अनियंत्रित होकर पलट गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में देवरिया निवासी रियासत अली (45) और पीयूष यादव (22) की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि हादसे में छह अन्य लोग घायल हो गए और उन्हें गोरखपुर स्थित बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## छात्र के हत्यारे को आजीवन कारावास

**बलिया।** बलिया की एक अदालत ने एक छात्र की हत्या के मामले में शनिवार को एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले में खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्बर गांव में 30 अगस्त 2023 की रात टाउन डिग्री कॉलेज के बीकॉम द्वितीय वर्ष के 19 वर्षीय छात्र बादल पटेल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय पटेल अपने घर के बाहर सो रहा था। इस मामले में बादल के चाचा पप्पू पटेल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी विशाल राजभर और एक नाबालिग लड़के के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। नाबालिग का मामला किशोर न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि न्यायाधीश महेश चंद्र वर्मा की अदालत ने विशाल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## जिला जज-डीएम ने जिला कारागार का दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**चित्रकूट।** जिला जज विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीजीएम राजेंद्र प्रसाद भारती, सचिव/ अपर जिला जज विधिक सेवा प्राधिकरण नीलू मेनवाल ने संयुक्त रूप से शनिवार को जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर) हाई सिक्योरिटी, बैरक नंबर दो का निरीक्षण किये। जिला जज व जिलाधिकारी ने महिला बैरक का निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी लिए एवं बैरक में महिलाओं को कराएं जा रहे पठन-पाठन को देखा एवं कुछ महिलाओं द्वारा बैरक में लगे स्मार्ट बोर्ड पर नाम भी लिखवाया गया।

### अयोध्या में राम पथ के निर्माण, सीवर लाइन बिछाने में लापरवाही

## छह अधिकारी निलंबित



**भाषा।** अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 14 किलोमीटर लंबे राम पथ के निर्माण और सीवर लाइन बिछाने में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा उत्तर प्रदेश जल निगम के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। पिछले शनिवार और मंगलवार रात हुई बारिश में यहां राम पथ के किनारे स्थित करीब 15 गलियां और सड़कें जलमग्न हो गई थीं। राम पथ के किनारे स्थित घरों में न सिर्फ बारिश का पानी घुस गया, बल्कि नवनिर्मित राम पथ एक दर्जन से अधिक स्थानों पर धंस गया। राज्य सरकार ने इस मामले में अहमदाबाद स्थित कंपनी भुवन इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस जारी किया है। विशेष सचिव विनोद कुमार ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल और सहायक अभियंता अनुज देशवाल को निलंबित करने के आदेश जारी किए। वहीं, कनिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पांडेय को निलंबित करने का आदेश पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता (विकास) वी के श्रीवास्तव ने जारी किया। उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्रा ने अयोध्या में पदस्थ अधिशासी अभियंता आनंद कुमार दुबे, सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार यादव और अवर अभियंता मोहम्मद शाहिद को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से जारी एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि राम पथ की सबसे ऊपरी परत निर्मित किए जाने के तुरंत बाद क्षतिग्रस्त हो गई। इससे राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता के तहत किए जा रहे कार्यों में शिथिलता सामने आई और आम लोगों के बीच राज्य की छवि को नुकसान पहुंचा है। कार्यालय आदेश में कहा गया, "इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए निर्माण खंड-तृतीय के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के नियम सात के तहत निलंबित किया जाता है। वह अयोध्या में मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी के कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।" प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी, अजय चौहान ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## यूपी में शिवसेना का होगा विस्तार

### डा. श्रीकांत शिंदे के तीसरी बार सांसद बनने पर हुआ अभिनंदन




**प्रयागराज।** शिवसेना की प्रदेश कार्यकारिणी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री आयुष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रकाश राव जाधव से भेंट कर उन्हें तीसरी बार जीत की बधाई देकर उनके साथ संगठनात्मक बैठक की। इस दौरान उप्र संगठन की तरफसे उप्र आगमन के लिए भी आमंत्रित भी किया गया। शिवसेना की युवा सेना के राष्ट्रीय प्रमुख युवाओं की शान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सुपुत्र डा श्रीकांत शिंदे को तीसरी बार सांसद बनने पर स्वागत और अभिनंदन किया गया। सांसद डा श्रीकांत शिंदे ने संगठन के विस्तार संबधी आगामी तैयारियो पर गंभीरतापूर्वक मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश भी दिए। शिवसेना के प्रदेश संगठन मंत्री अरविन्द ने बताया कि उप्र संगठन को प्रदेश के साथ साथ मेरठ प्रांत बृज प्रांत कानपुर बुन्देलखण्ड प्रांत अवध प्रांत गोरखपुर प्रांत और काशी प्रांत का भी गठन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी प्रांत के अन्तर्गत आने वाले मंडल और जिलो की कार्यकारिणी का गठन दिसंबर 2024 तक कर लिया जायेगा। शिवसेना की उप्र प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने आगामी प्रयागराज महाकुंभ पर शिवसेना के शिविर के लिए प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी ने सहमति भी दी। प्रदेश संगठन की तरफ से प्रदेश प्रमुख अभय संगठन मंत्री अरविन्द प्रदेश महासचिव लल्लन सह संगठन मंत्री प्रमोद प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी साथ रहे। इस दौरान तय किया गया कि 2024 तक उप्र के सभी जिलों और तहसील में संगठन विस्तार का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश संगठन द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया कि आगामी चुनाव में अब शिव सेना मजबूती से चुनाव लडेगी। बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महाकुंभ प्रयागराज के शुभारंभ के लिए भी प्रदेश संगठन द्वारा आमंत्रित किया गया है। जिसमें देश भर के सभी 13 अखाड़ों के संत महात्माओं द्वारा शिवसेना के मेला शिविर की स्थापना पूजा आदि कराने की रूपरेखा तय हुई ताकि सुदूर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो एवं दूर दूर से अन्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालु रुक सकेंगे। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सबसे आगे खडी रहने वाली शिवसेना अब पार्टी संस्थापक बाला साहब की अपनी हिन्दुत्ववादी नीतियों के साथ देश भर में संगठन का विस्तार कर रही है ताकि राष्ट्रीय दल के तौर पर अब पहचान बन सकें। वर्तमान में एनडीए के तीसरे बड़े घटक दल और भाजपा के साथ महाराष्ट्र सरकार का नेतृत्व शिवसेना के मुखिया एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव पूरी तैयारी से लड़ेगी।



## मुविवि की बीएड प्रवेश परीक्षा में 71 फीसद अभ्यर्थी हुए शामिल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की सत्र 2024 25 की बीएड एवं बीएड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा शनिवार को प्रदेश के दस जिलों के तेरह परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति के समन्वयक प्रो पी के स्टालिन ने बताया कि बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा में 71 फीसद अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। बीएड प्रवेश परीक्षा में 4043 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिनमें से 1182 अनुपस्थित रहे। जबकि बीएड विशिष्ट शिक्षा में देश भर से 2000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिनमें 569 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा सुबह दस से दोपहर एक बजे तक आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रो सत्यकाम के निर्देश पर सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों एवं कोर कमेटी की तैनाती की गई थी। जिनकी देखरेख में सभी केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराई गई। प्रो स्टालिन ने बताया कि अभ्यर्थियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए प्रवेश परीक्षा प्रदेश के आगरा अयोध्या बरेली गोरखपुर झांसी कानपुर लखनऊ मेरठ वाराणसी एवं प्रयागराज में आयोजित की गई। प्रयागराज में राजकीय इंटर कॉलेज तथा विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। विश्वविद्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों से निरंतर परीक्षा के सकुशल संचालन की जानकारी लेता रहा। समन्वयक प्रो स्टालिन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा। यह जानकारीडॉ प्रभात चन्द्र मिश्र जनसम्पर्क अधिकारी ने दी।

## संजय सिंह के खिलाफ महामारी अधिनियम उल्लंघन मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को



**सुलतानपुर ।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के खिलाफ सुलतानपुर में चुनाव आचार संहिता और महामारी अधिनियम से जुड़े मामले की सुनवाई अब छह जुलाई को होगी। संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने शनिवार को बताया कि उनके मुवक्किल राज्यसभा सत्र में हिस्सा लेने के कारण विशेष एमपी-एमएलए (सांसद-विधायक) अदालत में पेश नहीं हो सके। अदालत में उनकी हाजिरी माफी की अर्जी दी गई जिसके बाद मामले की सुनवाई की अगली तारीख छह जुलाई तय की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में 20 जून को पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख तय की थी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कि 13 अप्रैल 2021 को बंधुआकला थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि संजय सिंह ने हसनपुर गांव में अपनी पार्टी की जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के पक्ष में सभा की थी और कोविड-19 महामारी के दौर में आयोजित हुई इस सभा में 50-60 लोग शामिल हुए थे लेकिन इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। पाण्डेय ने बताया कि आरोप है कि इस जनसभा के आयोजन से महामारी अधिनियम और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। पुलिस ने मामले में संजय सिंह सहित करीब दर्जन भर लोगों को आरोपी बनाया तथा अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। विशेष लोक अभियोजक पाण्डेय ने बताया कि अन्य आरोपियों को जमानत मिल गई लेकिन संजय सिंह अदालत में उपस्थित नहीं हुए।

## भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मना शासन ने बढाया व्यापारियों का सम्मान-सीडीओ

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर देश के महान दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस जिले में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर व्यापारी कल्याण दिवस की शुरूआत की।कार्यक्रम के दौरान जिले के पूंजी निवेशकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को कलेक्टेऊट सभागार में सीडीओ अमृतपाल कौर ने दानवीर भामाशाह जयंती पर व्यापारियों को बधाई देते हुए व्यापारी कल्याण दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह ने मुगलों के खिलाफ हुई जंग में मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप का ऐतिहासिक सहयोग किया था। राणा प्रताप के लक्ष्य को सर्वोपरि मानते हुए भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति अर्पित कर दी थी। जिससे महाराणा प्रताप ने सैन्य शक्ति संगठित कर मुगल शासकों को पराजित किया और मेवाड़ का राज्य प्राप्त किया था। सीडीओ ने बताया कि भामाशाह के जन्मदिवस को उत्तर प्रदेश सरकार ने 'व्यापारी कल्याण दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। वही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी और महामंत्री गुलाब गुप्ता ने देश के महान दानवीर भामाशाह के जन्मदिन को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मानने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर विधायक-डीएम ने बढाया हौसला

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इसी क्रम में मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की मौजूदगी में मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। शनिवार को कलेक्टेऊट सभागार में जिले के हाईस्कूल व इंटर की छात्र-छात्राओं में प्रथम 21 छात्र-छात्राओं को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व डेमो चेक देकर सम्मानित किया। इंटर कॉलेज के शिवम चौरसिया को एक लाख डेमो चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अजय पांडे, काव्य रघुवंशी, पूजा देवी, अभिषेक कुमार, अभिषेक, धनपत सिंह, आकाश कुमार श्रीवास्तव, जननायक, आयुष शुक्ला आदि को 21 हजार का डेमो चेक, प्रशस्ति पत्र व टैबलेट दिया।

## सुहासिनी संघ ने धूमधाम से मनाया ऋतुरंग वार्षिकोत्सव



**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल में संचालित सुहासिनी संघ ने अपना वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 28 जून को सायं 07 बजे परियोजना के उमंग भवन धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम का थीम ऋतु रंग था। ऋतुओं पर आधारित इस कार्यक्रम में शीतल बसंत, ग्रीष्मा, बरखा और हेमा नामक पात्रों के माध्यम से वर्षभर की ऋतुओं के त्योहारों को बारी बारी से प्रस्तुत किया गया। इन त्योहारों को नृत्य के माध्यम से दिखाया गया। इस मनोरम वार्षिकोत्सव में परियोजना प्रमुख विंध्याचल ई. सत्यफणी कुमार, मुख्यअतिथि के रूप पधारे तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण समीर शर्मा मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा बी सी चतुर्वेदी एवं अन्य महाप्रबंधक भी उपस्थित रहे। सुहासिनी संघ की अध्यक्षा ई सरोजा फणी कुमार,उपाध्यक्षा सारिका चतुर्वेदी एवं महासचिव शिल्पा कोहली, एवं सदस्य अपने परिवारजनों सहित इस उत्सव में पधारे। इस उत्सव में छोटे छोटे गेम्स का भी आयोजन किया गया जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। सुहासिनी संघ ने अपना वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया। सुहासिनी संघ की अध्यक्षा ई सरोजा फणी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन महासचिव शिल्पा कोहली ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महिला क्लब के कार्यक्रम की सराहना की और सुहासिनी संघ को नित्य नए सामाजिक कार्यक्रमों हेतु प्रेरित किया।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

## कड़ी मेहनत से करें लक्ष्य की प्राप्ति



**अंबेडकर नगर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्माए जिलाधिकारी अविनाश सिंहए मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनए अपर जिलाधिकारी डॉण् सदानंद गुप्ता मौके पर उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्षए जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल के ऐसे छात्रों जिन्होंने प्रदेश में स्थान प्राप्त किया था उन्हें एक ?100000 का डेमो चेकए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हैए बच्चे कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। इसके उपरांत एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा के किए गए सुधारो को दिखाया गया। इसी के साथ एक टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई है जो कि 180088 93277 हैए इसके माध्यम से अभिभावकों से फीडबैक प्राप्त की जाएगी तथा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। जिससे यहां उपस्थित बच्चेए अभिभावकए शिक्षकए अधिकारी द्वारा ध्यान पूर्वक देखा गया।

इसके उपरांत जनपद स्तरीय कार्यक्रम में कुल 23 छात्रएछात्राओं को ?100000 तथा 6 छात्र.छात्राओं को ?21000 का डेमो चेक प्रदान किया गया।साथ ही साथ टैबलेट एप्रशस्ति पत्रए मेडल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा उनके मनोबल को बढ़ाया गया। अंबेडकर नगर के नमिता वर्मा व उत्कर्ष यादव को मुख्यमंत्री के द्वारा आयोजित लखनऊ के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। तथा उन्हें ?100000 का डेमो चेकए टैबलेटएप्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया और उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों से समय के सदुपयोग करने के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि आप अपने भाग्य के निर्माता स्वयं हैं अपने मेहनत के बल पर किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च पद तक जा सकते हैं इसी के साथ जनपद का नाम रोशन करने के लिए इन बच्चों को बधाई दी गई। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एजिला सूचना अधिकारी एविभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यए शिक्षकए अभिभावक तथा छात्र.छात्राएं मौके पर उपस्थित हैं।

# सज्जनों के साथ खड़ा रहता हूं तो दुष्टों के त्राण के लिए कदम भी उठाता हूं: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित, उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया

● कहा, मैं भी बचपन में इंजीनियर बनने की सोचता था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संन्यास लेने पर शुरू-शुरू में लोग मुझे टोकते थे। आज मैं उन लोगों को देखता हूं तो पाता हूं कि कोई संतुष्ट नहीं है। भौतिक उपलब्धि व्यक्ति को कभी संतुष्ट नहीं कर सकती। ये ठीक है कि मैं आज मुख्यमंत्री हूं। मगर मैंने संन्यास लिया, ये पलायन का नहीं परिश्रम और संघर्ष का मार्ग है। आज भी 16-18 घंटे काम करता हूं, इसलिए नहीं कि कोई पद या प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, बल्कि इसलिए क्योंकि ये मेरा कतर्व्य है। मैं अपने संन्यास की सार्थकता को साबित कर सकूं। भारत की ऋषि परंपरा ने संन्यास की जो व्यवस्था बनाई है वो व्यवस्था सही है, इसे साबित कर सकूं। आज मैं



भगवान श्रीकृष्ण के सिद्धांतों पर चलते हुए सज्जनों के साथ खड़ा रहता हूं और दुष्टों के त्राण के लिए कदम भी उठाता हूं। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के विभिन्न रोचक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं की ओर से पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि संन्यास का फैसला लेना उनके और उनके माता-पिता के लिए चुनौती थी। कोई अभिभावक नहीं चाहता कि उसका बच्चा सन्यासी बन जाए। अभिभावक रिटर्न चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में वह भी वही सोचते थे, जो आज के बच्चे सोचते हैं। वह चाहते थे कि एक अच्छा इंजीनियर बनें। बाद में अहसास हुआ कि कोई इंजीनियर या पद प्राप्त करने से अच्छा है कि पीड़ितों के साथ खड़ा रहूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही मेरे जीवन की सार्थकता है।

उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। जितना परिश्रम करेंगे उसका परिणाम हमारे पक्ष में जरूर आएगा। कहा कि किसी कार्य में अगर बाधाएं नहीं हैं तो मानकर चलिए कि आपकी दिशा ठीक नहीं। जितने शुभचिंतक हैं उतने ही दुश्मन भी होने चाहिए। तब जो सफलता मिलती है उसका आनंद भी अलग होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर छात्र छात्रा को प्रधानमंत्री मोदी की किताब एग्जाम वारियर्स जरूर पढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास के लिए एक टीम की जरूरत होती है, जो बिना रुके, बिना झुके लगातार आगे बढ़े। यकीन है कि मेरी युवा पीढ़ी इसके लिए तैयार है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को राजनीति में अपना आदर्श बताते हुए कहा कि पॉलिटिक्स फुल टाइम जॉब नहीं है। राजनीति में अलग-अलग फील्ड से जुड़े विशेषज्ञों को आना चाहिए। इसमें अच्छे शिक्षाविद, अच्छे पत्रकार, अच्छे चिकित्सक, किसान सबको योगदान देना होगा। जब ऐसे लोग राजनीति में आएंगे तो स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा आगे बढ़ेगी। केवल इसलिए कि हम राजनीति में आ जाएं और जाति, परिवार क्षेत्र के नाम पर विभाजन करके सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करें तो देश के साथ इससे बड़ी गद्दारी कुछ और नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि ये जानते हुए कि भारत की सबसे बड़ी कमजोरी यही जाति वैमनस्यता थी, क्योंकि क्या नहीं था भारत के पास। बल, वैभव, विद्या सबकुछ था यहां। दुनिया में तूती बोलती थी भारत की, लेकिन जाति वैमनस्यता ने इतनी गहरी खाई को चौड़ा किया कि चंद विदेशी आक्रांता आए और हमपर शासन करने लगे। सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने का जो काम इतिहास में किया गया, आज वही काम ये जातिवादी और वंशवादी नेता कर रहे हैं। सीएम ने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि वे अच्छे अधिवक्ता, इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी बनें और आपकी वहां की अच्छाई की चमक आपको स्वत: राजनीति में आने के लिए प्रेरित कर सकती है। राजनीति खुद आपकी डिमांड करेगी। आपको उसके पीछे नहीं जाना होगा। राजनीति, पद प्रतिष्ठा हमारे पीछे आएगी, हमें इतना परिश्रम करना होगा। सीएम योगी ने कहा कि जब आप कक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करते हैं तो ये प्रत्यक्ष रूप से ये आपका परिश्रम है, मगर इसके पीछे, आपके विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण और परिजनों का भी परिश्रम शामिल है। हर प्रकार के सार्थक प्रयास जब सामूहिक रूप से आगे बढ़ते हैं तो हमें अच्छे परिणाम भी देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें 2047 में पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप एक विकसित भारत बनाना है। यह तभी संभव होगा जब हम एक अच्छा नागरिक बनेंगे और सामूहिक प्रयास से आगे बढ़ेंगे। मेधावी छात्र-छात्राओं को हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यहां छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है। बालिकाओं ने बोर्ड की परीक्षा में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन किया है। ये बताता है कि बालिकाएं तनाव में कम रहती हैं और मेहनत ज्यादा करती हैं।

मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछने वाले छात्र-छात्राओं में कृष्णा तिवारी, सोनम पाठक, इशान पचौरी, शांभवी द्विवेदी और कृष्णा शामिल रहे। इस अवसर पर सीएम योगी ने विभिन्न परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

---

## सीडीओ और एसडीएम को मिलने वाली शिकायतें भी आईजीआरएस पर होंगी दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● जनसुनवाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए शासन स्तर से लगातार हो रही है मॉनीटरिंग

**जिलाधिकारी,** पुलिस कप्तान जैसे जिलों में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों को मिलने वाली जनशिकायतों/ समस्याओं की मॉनीटरिंग की तरह ही अब मुख्य विकास अधिकारी और उप जिलाधिकारी कार्यालयों में आने वाली शिकायतों की भी मॉनीटरिंग होगी। नई व्यवस्था के तहत सीडीओ और एसडीएम कार्यालयों में प्राप्त जन शिकायती प्रार्थना पत्रों की फीडिंग जनसुनवाई-समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) पर होगी। इससे न केवल समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा, बल्कि अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो सकेगी।

बता दें कि शिकायतों के निस्तारण हेतु आमजन द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय, उपमुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस), थाना समाधान दिवस, जन सुविधा केंद्र, भारत सरकार (पीजी पोर्टल), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पोर्टल एवं ऐप आदि के माध्यम से आवेदन पत्र दिए जाते हैं। शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई-समाधान प्रणाली के माध्यम से करने की व्यवस्था है। हाल ही में जब मुख्यमंत्री द्वारा जनसुनवाई की समीक्षा की गई तो पाया गया कि जनपदों में ऐसे भी कार्यालय हैं, जहां जन शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त होतें हैं, लेकिन ऐसे पत्रों को जनसुनवाई-समाधान प्रणाली पर फीडिंग कराते हुए निस्तारण किए जाने की व्यवस्था लागू नहीं है। उप जिलाधिकारी कार्यालयों एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालयों में प्रतिदिन महत्वपूर्ण विषयों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं। जिन्हें अब आईजीआरएस से जोड़ा जा रहा है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद बीते दिनों फील्ड में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ़ तौर पर कहा था कि मुख्यमंत्री जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर प्रारंभ हो चुका है और अब जिला, तहसील, ब्लाक, रेंज, जोन में तैनात वरिष्ठ अधिकारी भी जनसुनवाई का नियमित कार्यक्रम प्रारंभ कर दें। प्रति दिन सुबह 10 से 12 बजे तक अधिकारियों को जनसुनवाई के लिए उपस्थित रहना होगा। अधिकारीगण संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याएं/ शिकायतें सुनें और एक तय समय सीमा के भीतर उसका यथोचित निराकरण कराएं।

---

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 14 को

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 14 जुलाई 2024 को लखनऊ में होगी। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों की संदर्भ में शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक कर चर्चा की। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उत्तर प्रदेश से केन्द्रीय पदाधिकारी, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्षों सहित अन्य प्रमुख जन सम्मिलित होगें। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, अभियानों व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

---

## उच्च शिक्षा मंत्री ने किया 'टेम्पल ट्रेजर्स: ए जर्नी थ्रू टाइम' पुस्तक का विमोचन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उच्च** शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को अपने लखनऊ स्थित मंत्री आवास पर 'टेम्पल ट्रेजर्स: ए जर्नी थ्रू टाइम' नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने पुस्तक के लेखक अमित अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक देश के प्राचीन मंदिरों और उनके ऐतिहासिक खजानों के बारे में गहरी जानकारी प्रदान करेगी। मंत्री ने कहा कि यह पुस्तक न केवल प्राचीन भारतीय संस्कृति और धरोहर को जानने का माध्यम बनेगी, बल्कि नई पीढ़ी को हमारे समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरूक करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि 'टेम्पल ट्रेजर्स: ए जर्नी थ्रू टाइम' शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और मंदिर प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी।

---

## आभा आईडी से एक करोड़ टोकन जेनरेट करने वाला पहला राज्य बना यूपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हेल्थ** सेक्टर में लगातार कीर्तिमान बना रहे उत्तर प्रदेश ने अब एक और उपलब्धि अपने नाम की है। प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी के माध्यम से एक करोड़ टोकन जेनरेट करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इतनी बड़ी संख्या में टोकन जेनरेट करने वाला उत्तर प्रदेश भारत का पहला और एकमात्र राज्य है। उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल एक करोड़ 43 टोकन जेनरेट किए हैं। टोकन जेनरेशन के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश का स्थान आता है, जिसने 60 लाख 33 हजार 104 टोकन जेनरेट किए हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसने कुल 42 लाख 57 हजार 944 टोकन जेनरेट किए हैं। इस क्रम में जम्मू और कश्मीर (38,87,226), दिल्ली (22,28,079), बिहार (15,65,332), मध्य प्रदेश (12,53,722), महाराष्ट्र (7,96,938), छत्तीसगढ़ (7,34,781), ओडिशा (5,06,580) और गुजरात (3,83,789) जैसे राज्यों का स्थान आता है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश ने आभा आधारित ओपीडी रजिस्ट्रेशन में 80 लाख के आंकड़े को पार कर भी नया रिकार्ड बनाया था। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश ने 10 करोड़ आभा आईडी बनाने का भी कीर्तिमान बनाया था। आभा टोकन जेनरेशन और आईडी बनाने की यह उपलब्धियां सीएम योगी द्वारा प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति लोगों में जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों का नतीजा है। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की पहल है। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत शुरू किया गया एक स्वास्थ्य बचत खाता है। इसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उनकी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आभा आईडी नागरिक के आधार या मोबाइल नंबर से जुड़ी एक अद्वितीय 14 अंकों की पहचान संख्या है। यह उन्हें सभी सूचनाओं को डिजिटल रूप से संग्रहीत करने और उन तक पहुंचने में मदद करता है। इसमें उनकी हेल्थ हिस्ट्री, परामर्श विवरण, मेडिकल रिकॉर्ड और नुस्खे शामिल हैं।

---

## सपा एक जुलाई से करेगी 'पीडीए पेड़' वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई 2024 तक प्रदेशव्यापी 'पीडीए पेड़' वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक गांव में किया जाएगा।

यह प्रदेशव्यापी कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा। समाजवादी पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता मिलकर उत्तर प्रदेश के हर गांव में पीडीए पेड़ लगाएंगे। पीडीए पेड़ के रूप में बरगद, पीपल और नीम का पौधारोपण किया जाएगा। जो पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता-समता की प्राणवायु हर दिन देंगे। सपा प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में हर तरफ फैले हुए तरह-तरह के प्रदूषण को दूर करने के लिए आवश्यकता पेड़ की है, शाखाओं की नहीं। जब पौधे की जड़ें जमीन पकड़ लेती हैं तो शाखाएं, पत्तियां, फूल, फल सब अपने आप प्राप्त होता है। वे शाखाएं अप्राकृतिक होती हैं जिनकी न तो जड़ों का पता होता है, और न ही इस बात का कि उनका फल किसको मिल रहा है। इसीलिए आवश्यकता जमीन से जुड़ें पेड़ों की है, मनुष्य निर्मित शाखाओं की नहीं। उन्होंने बताया कि पीडीए पेड़ पौधारोपण के इस पर्यावरणीय, सामाजिक आंदोलन को समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश के गांवों से शुरू करके आगामी चरणों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा।

---

## यूपी के वैश्य व व्यापारी समाज का उत्पीड़न हो रहा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा है कि भामाशाह का पूरा जीवन त्याग और सत्यनिष्ठा का उदाहरण है। उनका मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था। उन्होंने मेवाड़ की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप को अपनी सम्पूर्ण धन सम्पदा अर्पित कर दी थी। इस धनराशि से महाराणा प्रताप ने नया सैन्य बल गठित कर मेवाड़ की रक्षा की। मातभूमि के प्रति अगाध प्रेम और दानवीरता के लिए भामाशाह का नाम इतिहास में अमर है। उनके जीवन से निष्ठा, समर्पण और त्याग की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के वैश्य व व्यापारी समाज का उत्पीड़न हो रहा है। आज वैश्य व व्यापारी समाज भाजपा शासन में सबसे ज़्यादा पीड़ित है। जीएसटी से बड़े पैमाने पर व्यापार का नुकसान हुआ है। व्यापारी व वैश्य समाज भी अब ये मानता है कि व्यापारी और वैश्य समाज का सम्मान केवल सपा सरकार में ही सम्भव है। अखिलेश यादव ने आश्वासन दिया कि सपा सरकार बनने पर व्यापारी व वैश्य समाज को उनका खोया हुआ सम्मान मिलेगा। उन्होंने लोकसभा में जीत के लिए बधाई दी और कहा कि हमें भाजपा की साजिशों में नहीं फंसना है। 2027 विधानसभा चुनाव की लड़ाई बड़ी है। इसमें नहीं चूकना है। इस अवसर पर सर्वश्री शिवपाल यादव, बलराम यादव, राजेन्द्र चौधरी, श्याम लाल पाल, लाल बिहारी यादव, आर.के. वर्मा, उदयवीर सिंह, मौलाना नज़र मोहम्मद, डॉ. राजपाल कश्यप, कृष्ण कन्हैया पाल एडवोकेट, सरदार हरदीप सिंह लाखड़ा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता श्री अभिमन्यु गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सूद, प्रदेश उपाध्यक्ष वोट सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जायसवाल, अंशुल गुप्ता, श्यामकृष्ण गुप्ता, हरदीप सिंह राखड़ा, राम बाबू रस्तोगी, बृजेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सुजीत जायसवाल, ऋषि राज अग्रवाल, संजय यादव, दीपू श्रीवास्तव, प्रीयतेश सिंह तोमर, रवि गुप्ता, साहिल खान, मो साकिफ, कमलेश गुप्ता, पवन यादव, अंकित गुप्ता आदि ने भी अखिलेश यादव के साथ ही भामाशाह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

---

## सपा प्रमुख से मिला प्राथमिक शिक्षामित्र संघ का प्रतिनिधिमंडल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर शिक्षामित्रों की समस्याओं को लोकसभा के सदन में उठाने की मांग की है। प्रतिनिधिमण्डल ने अखिलेश यादव को एक ज्ञापन सौपा। जिसमें 2014 में सरकार ने शिक्षामित्रों को बीटीसी कराकर सहायक अध्यापक बनाया गया था लाखों शिक्षामित्र परिवार खुशहाल हो गये थे। लेकिन 2017 में भाजपा की निर्दयी सरकार ने सहायक अध्यापकों को फिर शिक्षामित्र बनाकर शिक्षामित्रों को आर्थिक, मानसिक व सामाजिक रूप से बर्बाद कर दिया है जिससे हजारों शिक्षामित्रों की असमय मौत हो गयी और लाखों शिक्षामित्र अवसाद में है। शिक्षामित्र संघ ने श्री अखिलेश यादव से लोकसभा में शिक्षामित्रों की समस्याये उठाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमण्डल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 37 लोकसभा सीटें जीतकर देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने पर बधाई दी है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने कहा है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में हुई लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जीत से छात्र, नौजवान, मजदूर, किसान, बेरोजगार व संविदाकर्मियों सहित समस्त जनमानस में खुशी की लहर है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ और लाखों शिक्षामित्रों की ओर से इस बड़ी जीत पर समाजवादी पार्टी एवं अखिलेश यादव के नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी है।

---

## कांग्रेस प्रदेशभर में संविधान व सामाजिक न्याय गोष्ठियों और सम्मेलन का करेगी आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**कांग्रेस** पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला व शहर कमेटी के अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न प्रस्तावों और कार्यक्रमों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित हुए तथा आगामी कार्यक्रमों की घोषणा हुई।

पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव में भागीदारी न्याय के मुद्दों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रदेश भर की जनता को बधाई दिया। बैठक में निम्न सामाजिक राजनीतिक प्रस्तावों पर संघर्ष करने की सहमति व प्रस्ताव पेश सर्वसम्मति से पारित किया और सरकार की शोषणकारी नीतियों के खिलाफ निम्न मुद्दों पर निम्न लिखित मुद्दों द्वारा संघर्ष जारी रहेगी। जिसमें प्रदेश भर में ब्लॉक/ तहसील/ विधानसभा व जिला स्तर पर संविधान एवं सामाजिक न्याय गोष्ठियां व सम्मेलन का आयोजन करेगी। सामाजिक न्याय की धार को और मज़बूत करेंगे जिसमें विभिन्न तात्कालिक मुद्दे जैस नीट की परीक्षा रद्द करना और जखनिया विधायक बेदी राम और उन्हें समर्थन देने वाले सुहेलदेव पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। अध्यक्ष मनोज यादव ने पिछड़ों के हक़ अधिकार के हर सवाल पर सम्मेलन धरना आयोजित करने हेतु संगठन के पदाधिकारीगणों को तैयार रहने का निर्देश देते हुए कहा कि सीएसडीएस के आंकड़े बता रहे हैं कि ओबीसी समाज अब आरएसएस बीजेपी के गुमराह तंत्र में फसने वाला नहीं है और बीजेपी अपने पतन की ओर बढ़ रही है जिसका परिणाम आपको आगामी विधानसभा चुनाव में स्पष्टरूप से दिखेगा।

बैठक में बतौर अतिथि शामिल अल्पसंख्यक कांग्रेस के चेयरमैन शाहनवाज़ आलम ने भी सामाजिक न्याय की पार्टी की रणनीति को सफल बताया और सीएसडीएस के आकड़ों के हवाले से सवर्ण वोटर की बीजेपी को एकतरफा कट्टरता से वोट देने के आकड़ों पर बात रखी।

---

## पीएम सूर्य घर योजना को बढ़ावा देने के लिए अयोध्या वाराणसी व गोरखपुर में चलेगा बड़ा अभियान

● दो महीने तक तीनों जिलों में वृहद जागरूकता अभियान का होगा संचालन, 2 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय से कार्यों को किया जाएगा पूर्ण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए कृत संकल्प योगी सरकार ने प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में भी बड़े स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए यूं तो कई कार्यक्रम व विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, मगर अयोध्या, वाराणसी व गोरखपुर में 'पीएम सूर्य घर रूफटॉप सोलर योजना' के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान का संचालन किया जाएगा। यह जागरूकता अभियान इन्टीग्रेटेड मार्केटिंग कम्यूनिकेशंस (आईएमसी) मॉड्यूल पर बेस्ड होगी। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए सीएम योगी के विजन अनुसार जो कार्ययोजना तैयार की गई है उस पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने कार्य शुरू कर दिया है। इस 2 महीने चलने वाले वृहद अभियान के उचित संचालन के लिए 2 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी और इस कार्य को पूर्ण करने के लिए बाकायदा एक फर्म को इम्पैनल किया जाएगा, जिसकी नियुक्ति व कार्यावंटन की प्रक्रिया यूपीनेडा द्वारा शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जन जागरूकता बढ़ाकर प्रदेश के प्रमुख शहरों अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में प्रधानमंत्री सूर्य घर रूफटॉप सोलर योजना की स्वीकार्यता में बढ़ावा और योजना के अंतर्गत लाभान्वितों की संख्या में तेजी लाना चाहती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए तथा जनता तक पहुंच बढ़ाने के लिए आईएमसी गतिविधियों को बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा।

इसमें बैनर प्रदर्शित करना, रणनीतिक स्थानों पर बिलबोर्ड लगाना, बूथ कैंप लगाना, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्कूलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ-साथ पैम्फलेट वितरण जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं। यूपीनेडा द्वारा अयोध्या, गोरखपुर और वाराणसी में रेडियो और समाचार पत्रों में विज्ञापन देने के साथ ही अन्य कई माध्यमों से प्रचार-प्रसार को लक्षित किया जा रहा है। इस क्रम में, विकास भवन, डिस्कॉम बिलिंग ऑफिस, डिविजनल ऑफिस व सब स्टेशन, नगर निगम समेत ज्यादा फुटफॉल वाले रणनीतिक रूप से प्रमुख स्थानों पर बैनर, स्टैंडीज, बिलबोर्ड और बूथ कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 150 ऑटो रिक्शा व 150 ई-रिक्शा व व्हीकल्स के बैकसाइड को कवर किया जाएगा। वहीं, अयोध्या में 4, गोरखपुर में 4 व वाराणसी में 2 वेंडर ट्रेनिंग प्रोग्राम्स का आयोजन किया जाएगा।

चैंबर ऑफ कॉमर्स, बार एसोसिएशन, रेड क्रॉस व सीए सोसाइटीज में कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी। वहीं, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू), अयोध्या यूनिवर्सिटी, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी तथा अन्य प्रसिद्ध कॉलेजों व स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा प्रोफेसर्स, टीचर्स, स्टाफ व स्टूडेंट्स का सहयोग लिया जाएगा। वहीं, अयोध्या में 3, गोरखपुर में 4 तथा वाराणसी में सोलर एनर्जी इनेबल्ड मोबाइल व्हीकल (सूर्य रथ) को शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा। जरूरत के अनुसार इनके जरिए जरिए डोर टू डोर कैंपेन जैसी प्रक्रियाओं को भी पूर्ण किया जा सकता है। वहीं, तीनों चिह्नित शहरों में सोलर मेला का भी आयोजन किया जाएगा जिसके जरिए केंद्र व राज्य की सौर व अन्य स्वच्छ ऊर्जाओं को बढ़ावा देने वाली योजनाओं से आम जनता को अवगत कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अयोध्या और वाराणसी को पहले से ही सोलर सिटी के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया जारी है, ऐसे में व्यापक अभियान के जरिए अब गोरखपुर में भी सोलर ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और व्यापक प्रचार-प्रसार का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

# समयबद्धता के साथ कराए जाएं सुधारात्मक कार्यः वेंकटेश्वर लू

●प्रमुख सचिव परिवहन ने अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शनिवार** को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख सचिव (परिवहन) एल. वेंकटेश्वर लू जनपद खीरी पहुंचे, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया।

इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की मौजूदगी में जिले के परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव परिवहन ने जिले में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जरूरी कार्यवाई करने के निर्देश दिए। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो।

सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। प्रमुख सचिव ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा प्री मानसून सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, वर्षाऋतु से पूर्व कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पुलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं गुड समेरिटन ला, के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को डीएम और विधायक ने किया सम्मानित



**लखीमपुर, खीरी।** खीरी में शनिवार का दिन टॉपर विद्यार्थियों के लिए खास रहा। जिला प्रशासन की ओर से विकास भवन सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मेधावियों को प्रोत्साहन राशि की डेमो चेक के साथ ही एक-एक टैबलेट और मेडल भी प्रदान किया। माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विधायक विनोद शंकर अवस्थी, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई।

डीएम और विधायक धौरहरा ने प्रदेश स्तर की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराने पर इंटरमीडिएट में छठा स्थान प्राप्त करने वाले सचिन कुमार वर्मा, आठवां स्थान प्राप्त करने वाले अक्षत पांचाल को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का डेमो चेक, एक टैबलेट सहित मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं जिले के सर्वोच्च 10 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों बच्चों को सम्मानित किया।

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** आलोक सिंह के अध्यक्षता में दानवीर भामाशाह की जयन्ती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में सामुदायिक भवन ईको पार्क माती में भव्यपूर्ण रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में दानवीर भामाशाह के जीवनवृत्त पर आधारित नाटिका, नृत्य का प्रस्तुतिकरण संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दानवीर भामाशाह को नमन करते हुए कहा कि हमें दानवीर भामाशाह के महान व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए।

उन्होंने उपस्थित व्यापारी बन्धुओं से कहा कि शासन द्वारा व्यापारियों को व्यापार में सुविधा, व्यापारियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा।उन्होंने कहा शासन द्वारा व्यापारी बंधुओ को व्यापार में सहयोग हेतु विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ व्यापारी बन्धु सम्बन्धित विभागों से प्राप्त कर सकते है, जिला प्रशासन व्यापारियों के उत्थान हेतु सदैव तत्पर है। उन्होंने व्यापारी बन्धुओं से ऐसे कार्यक्रमों में अधिक संख्या में सहभागिता हेतु अपील की, उन्होंने कहा कि व्यापारी बन्धु व प्रशासन के मध्य निरंतर संवाद आवश्यक है, जिससे व्यापारी बन्धुओं की समस्याओं को ससमय निस्तारण कराया जा सके, अन्त में उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जनपद के व्यापारी बन्धुओं को व्यापार में अधिक से अधिक सहायता प्रशासन से मिले।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सर्वोच्च कर दाता दो व्यापारी संस्थाओं जिसमें एमएस शिवानी डिटर्जेन्ट प्राइवेट लिमिटेड, एनआईएफ प्राइवेट लिमिटेड आइसक्रीम डिवीजन को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

# पहली बारिश में ही अंडरपास हुआ जलमग्न, आवागमन मुश्किल



**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के दक्षिणी व उत्तरी हिस्से के बीच आवागमन के एकमात्र मिनी अण्डरपास रास्ते में पहली बारिश से आशॅकाएं सच साबित हुईं। जलमग्न अण्डरपास के कारण लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करने को मजबूर हुए। बीते चार वर्षों से कस्बे फ्रेट कारीडोर व दिल्ली हावड़ा रेलवे लाइन के ऊपर से ओआरबी का निर्माण कार्य कछुआ गति से किया जा रहा है, एक वर्ष की अवधि के निर्माण अवधि हीलाहवाली व बेहद धीमी गति से कस्बाई सहित क्षेत्रीय लोगों के लिये आपातकाल से कम साबित नहीं हो रही है। वैसे भी लोग रेलवे लाइन के आर-पार जाने में कतराते है। आकस्मिक जरूरतों व मजबूरी में ही लोग आवागमन को मजबूर होते है, करीब 10 महीने पूर्व रेलवे लाइन के ऊपरी हिस्से पर पुल निर्माण के कारण पश्चिमी काबिन क्रॉसिंग को पहले छह महीने के लिये बन्द कर दिया गया, उसके बाद पुल निर्माण कार्य पूर्ण न हो पाने के कारण अवधि बढ़ाई गयी।

सामान्य दिनों में भी जलभराव के चलते अण्डरपास से वाहनों के आवागमन में परेशानियों का सामना करना पडता था, शनिवार की तडके सुबह हुयी बारिश से मिनी अण्डरपास जलमग्न हो गया।

# सैनिक कल्याण अधिकारी के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने खोला मोर्चा



**फतेहपुर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के खिलाफ रिटायर्ड सैनिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिकारी पर पेंशन से जुड़े कार्यों में जानबूझकर देरी करने और प्रताड़ित करने समेत भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाए है। सैनिकों का कहना है कि अधिकारी की लापरवाही और दुर्भावना के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, रिटायर्ड सैनिकों ने आरोप लगाया कि अधिकारी पेंशन से जुड़े कामों में जानबूझकर देरी कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है, सैनिकों ने कहा कि अधिकारी छोटी-छोटी प्रक्रियाओं में अड़चनें डालते हैं, जिससे उनका काम समय पर नहीं हो पाता, सैनिकों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई।

# भामाशाह जयंती पर सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारी हुए सम्मानित



**फतेहपुर।** दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर राज्य कर विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से व्यापारी कल्याण दिवस विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने दानवीर भामाशाह के विचारों एवं जीवन के विषय में बताया कि भारतीय इतिहास में उनका अमिट योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों, व्यापारियों को कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए क्योंकि उद्यमी, व्यापारियों को उत्पाद देते है और व्यापारी उत्पाद का अच्छा बाजार दे। व्यापारियों ने कोरोना काल में दवा, भोजन, ऑक्सीजन आदि आवश्यक सामग्रियों से सहायता के रूप में प्रदान की, इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा उद्यमियों/व्यापारियों के लिए उनके हितार्थ योजनाएं संचालित की है उनका लाभ ले।

जनपद में राज्य अधिक्षेत्र में जीएसटी में पंजीकृत बीरेंद्र सिंह डायरेक्टर आकांक्षा मोटोटेक एवं श्रीमती ज्योति प्रिया व अजयभान सिंह पार्टनर ओमराज ऑटोटेक एलएलपी का ऑटोमोबाइल व्यापार द्वारा पाज़िटिव ग्रोथ के साथ सर्वाधिक कर देने पर मुख्य विकास अधिकारी ने शील्ड, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

# भागवत कथा सुन कर भाव विभोर हुए श्रोता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** माया देवी इंटर कॉलेज में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य एवं सरस कथा वाचक सतीश शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा की कथा का सुंदर वृत्तांत सुनाकर श्रोताओं को भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की अनुकंपा से मनुष्य के सभी बिगड़े काम बन जाते हैं। उन्होंने कृष्ण एवं सुदामा की दोस्ती को लेकर कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने यह सिद्ध कर दिया कि भक्त भगवान से भी बड़ा होता है। शनिवार को आयोजित भागवत कथा में सतीश शास्त्री कहते हैं की सच्चे मन से ईश्वर की आराधना करने वालों को ही ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आत्मा अजर अमर है किसी भी व्यक्ति के शरीर को नष्ट किया जा सकता है लेकिन आत्मा को नहीं।

## क्विक न्यूज

### मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र वितरित

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री के कर कमलों से माध्यमिक शिक्षा विभाग के परीक्षा वर्ष 2024 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने हेतु सम्मान समारोह एवं बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्य एवं योजनाओं के शिलान्यास व परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के प्रयोगार्थ सामग्री का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन, लखनऊ में किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद कानपुर देहात के माध्यमिक विद्यालयों एवं जनपद स्तरीय आयोजित कार्यक्रम स्थल में मुख्य अतिथि/अन्य जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों की उपस्थिति में छात्र/छात्राओं को दिखाया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत

**फतेहपुर।** जिले में तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। वहीं आकाशीय बिजली के कहर का चार बकरियां भी शिकार हुईं हैं। सभी शवों को विधिक कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के झुरहापुर मजरे गढ़ा गांव निवासी रामकृपाल की पत्नी कैरी देवी (50) गांव के बाहर खेतों की तरफबकरियों को चराने ले गई थी। इस दौरान करीब 4.30 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस पर बारिश से बचने के लिए महिला खेत किनारे खड़े पेड़ के नीचे दौड़कर जैसे ही पहुंची, तभी अचानक गरज और चमक के साथ बिजली गिरी। इस हादसे में महिला की बुरी तरह झुलसने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खेतों में चर रहीं चार बकरियों की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नए एसपी आलोक प्रियदर्शी ने जनपद का कार्यभार संभाला



**फर्रुखाबाद।** जनपद में नये पुलिस कप्तान आलोक प्रियदर्शी ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने साफकहा की सरकार की मंशा के अनिरूप अपराध और अपराधी बर्दाश्त नही किये जायेंगे। पुलिस लाइन पंहुचे एसपी को सलामी दी गयी। इसके साथ ही उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय सिंह नें उनको पुलिस की अन्य जानकारी भी दी। एसपी नें कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में कानून का ही राज चलेगा।

### प्रायवेट डग्गामार वाहन बन रहे मुसीबत का सबब

**मौदहा, हमीरपुर।** शासन के आदेश के बाद भी सड़कों में प्रायवेट वाहन संचालक वाहन खड़ा कर जाम जैसे हालात पैदा कर रहे है। जगह जगह बस,टैम्पों,रिक्शा व ट्रक खड़ा कर वाहन स्वामी सीएम के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे है। मौदहा के बड़ा चौराहा हाईवे में टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, और दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते जाम की स्थित हमेशा बनी रहती है जबकि ट्रैफिक पुलिस की वहां तैनाती भी रहती है मगर ऑटो संचालक व बस संचालकों की गुंडागर्दी के चलते सभी आदेश बौने साबित होते हैं और आये दिन हादसे होते हैं। तो ट्रैफिक समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा फुटपाथ को खाली कर सुंदरीकरण का कार्य कराए जाने को आदेशित भी किया गया था जिसके चलते नगर पालिका व प्रशासन की मौजूदगी में नाप जोक करके चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है मगर परिवहन विभाग व प्राइवेट बस संचालक राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही अपना स्टैंड बनाकर शासन प्रशासन को ढेंगा दिखा रहे हैं।

### फर्रुखाबाद में धारा 144 लागू

**फर्रुखाबाद।** आज आगामी अगस्त माह तक आयोजित होने वाले विभिन्न त्योहार, विविध परीक्षाओं आदि को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। यह जानकारी आज सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि जिलाधिकारी डॉ बी के सिंह ने आगामी 17 व 18 जुलाई2024 को मोहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 25 अगस्त को चेहेगुम एवं अन्य विविध परीक्षाओं के होने वाले आयोजन के दृष्टिगत सांप्रदायिक सौहार्द एवं पूर्ण शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू कर दी गई । प्रवक्ता ने बताया कि धारा 144 के प्राविधानों का उगंघन करने वालों के विरुद्ध धारा 188 के तहत कठोर अपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज लगाई न्याय की गुहार

**फतेहपुर।** छत्तीसगढ़ के सहारनपुर व शामली में युवकों के साथ हुई मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर अल्पसंख्यक कांग्रेस बेहद खफा है। शनिवार को इन घटनाओं के विरोध में अल्पसंख्यक कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक की अगुवई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि 07 जून को रायपुर-महासमुंद सीमा पर मॉब लिंचिंग की घटना में यूपी के सहारनपुर निवासी सद्दाम कुरैशी (23), उसके चचेरे भाई गुड्डू खान (35) और चांद मिया खान (23) छत्तीसगढ़ के महासमुंद से रायपुर में मवेशी लेकर जाते समय आरंग में महानदी नदी के पुल पर रोक लिया गया और उन पर भीड़ ने हमला किया। पुलिस को तीनों युवक पुल के नीचे पड़े मिले थे जिसमें दो की उसी दिन मौत हो गई, जबकि जीवित बचे एकमात्र चश्मदीद सद्दाम ने 18 जून को दम तोड़ दिया। मॉब लिंचिंग में अधिकतर गुंडे आज़ाद घूम रहे हैं।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान बैठक आयोजित

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान तथा डायरिया रोको अभियान की द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर ली गई है। संबंधित विभागों से कार्ययोजना भी प्राप्त हो गई है । जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की कार्ययोजना के अनुसार जनपद में साफ सफाई, झाड़ियो की कटाई, नालियों की सफाई, फागिंग, एंटीलार्वा छिड़काव तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी विभाग कार्ययोजना का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिए की शहरी क्षेत्र में कहीं भी जल जमाव की समस्या न होने पाए, नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### सेवानिवृत होने पर बैंक कैशियर को दी गई विदाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा मझपुर्वा शाखा के कैशियर संजय कुमार सोनी सेवानिवृत होनें पर बैंक परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत हुए बैंक कैशियर को फूल मालायें पहनाकर स्वागत करते हुए उपहार भेंट कर विदाई दी। प्रधान प्रतिनिधि मो. हारून अहमद सिददीकी नें कहा कि जनहित में कार्य करनें बाले अधिकारी सदैव याद रहते हैं। समारोह में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि बकील अहमद ने कहा कि गांव में बैंक शाखा स्थापित होने के उपरांत बैंक में ग्राहकों को बढ़ाने में बैंक कैशियर संजय कुमार सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

# भंवरजाल में फंसी हुई है नदियों में मत्स्य आखेट के ठेके की 92 लाख धनराशि

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

**यमुना** व बेतवा नदी में मत्स्य आखेट के ठेके से दो साल में मिली 92 लाख रुपये की धनराशि तहसील सदर में डंप है, मत्स्य विभाग में इस धनराशि को खर्च करने के लिये अभी तक कोई पालिसी नही बनी है तो जिला पंचायत के कई पत्र लिखने के बाद भी कोई सुनने वाला नही है।जिससे इस धनराशि का कोई विकास कार्य में उपभोग नही हो पा रहा है।

जानकारी के मुताबिक जिले में शासनादेश के अनुसार यमुना व बेतवा नदी की जलधारा का ठेका एक साल कानपुर नगर व एक साल हमीरपुर जिले को किया जाता है। क्योकि दोनो नदिया कानपुर नगर व हमीरपुर जिले की सीमा के छू कर बहती है। इसलिये दोनो जिलों को मत्स्य आखेट के ठेका का पैसा दिया जाता है। फिलहाल नये नियम के अनुसार हमीरपुर जिले की दोनो नदियो से ठेके से दो साल का करीब 92 लाख रुपये सदर तहसील में जमा है,नियमानुसार यह धनराशि पचास फीसदी मत्स्य विभाग को पचीस पच्चीफ फीसदी जिला पंचायत व तहसील सदर को मिलनी चाहिये। ताकि इस धनराशि को विकास कार्यों में खर्च किया जा सके।

मगर धनराशि लगातार डंप होती जा रही है। मत्स्य विभाग के अपरनिदेशक गिरीश त्रिपाठी का कहना है कि विभाग में इस धनराशि को खर्च करने के लिये कोई ठोस पालिसी तैयार नही की गयी है। शासन स्तर का मामला है जब वहा से कोई आदेश व नीति बनायी जायेगी तभी इसे विकास कार्यों में खर्च किया जा सकता है। हालाकि मछुवा समुदाय के लिये जिले में छह योजनाएं संचालित है उसमे यह धनराशि खर्च करने के आदेश हो जाये तो मछुवारों का हित हो सकता है. इसी प्रकार जिला पंचायत के कार्य अधिकारी शत्रुघ्न वर्मा का कहना है कि इस धनराशि को देने के लिये उन्होने सदर तहसील दार को कई पत्र लिख चुके है ताकि पच्चीस फीसदी धनराशि उनको प्राप्त हो सके। और उस राशि को विकास कार्यों में लगाया जा सके उनका तर्क है कि जब शासनादेश है कि जिला पंचायत को पच्चीस फीसदी धनराशि दी जाये तो तहसीलदार को आवंटित कर देना चाहिये।

इस मामले में तहसीलदार हमीरपुर अनुभव चंद्रा का कहना है कि इस मामले में उन्हे कोई जानकारी नही है। बहरहाल यह मामला लंबा खिचता जा रहा है हालाकि इस मामले की जानकारी मत्स्य विभाग के केविनेट मंत्री संजय कुमार निषाद को भी है। जिले में मत्स्य आखेट करने के लिये सितम्बर तक शासन ने रोक लगा दी है मगर जिले की यमुना व बेतवा नदियों में रोजाना मछलियों का शिकार किया जा रहा है।

## खरीफ बीजों की खरीद में 50 फीसदी से अधिक अनुदान

**मौदहा, हमीरपुर।** राजकीय बीज भंडारों में तत्काल सब्सिडी किसानों को प्रदान करने के लिए ई -पांस मशीन के माध्यम से अंगूठा लगाकर तत्काल सब्सिडी देने का प्रयास किया है जिससे आम कृषकों को भारी लाभ पहुंचने की उम्मीद है विभागीय अधिकारियों के अनुसार खरीफ के समय में बोई जाने वाली फसलों में 50 प्रतिशत से अधिक अनुदान सरकार की ओर से निर्धारित किया गया। केंद्र सरकार ने किसको के हित मे सरकार से मिलने वाले बीज अनुदान को बिचौलियों से बचने के लिए प्रयास करने में जुटी हुई है जिससे किसानों को सीधे-सीधे कम समय अवधि के अंदर अनुदान का लाभ मिल सके इसी क्रम में खरीफ की फसलों में बोई जाने वाली बीज अनुदान सीधा किसानों के खाते में अभी तक भेजे जाने का योजना चल रही थी। अब उसको और सुगम बनाने के लिए किसानों को सीधे-सीधे बीज भंडार में उपलब्ध ई -पांस मशीन में अंगूठा लगाकर अनुदान नगद रुपए मिलने के लिए आदेश किया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई राजस्व कार्यों संबंधी बैठक



**बांदा।** जिलाधिकारी श्री नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागार में विकास एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कार्यों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार जानकारी लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ अवश्य पहुंचाया जाए। उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय से विभागीय लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये, यदि किसी योजना व निर्माण कार्य हेतु धनराशि की आवश्यकता हो तो उसकी समय मांग करते हुए कार्यों को पूर्ण करायें। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्माण किये गये आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवशेष आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

# व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर भामाशाह जयंती मनाई गई

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**कलेक्ट्रेट** सभागार फतेहगढ़ में राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया, भामाशाह की जयंती भी मनाई गई। उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए अमृतपुर के विधायक सुशील शाक्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपए मूल्य की मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना व्यापारियों को प्रदान की गई है।

बीमा योजना के लिए कोई प्रीमियम दिया नहीं जाएगा प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान धन योजना के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारियों को पेंशन की व्यवस्था की गई है, पंजीकृत व्यापारी अधिक लाभ कमाते हैं क्योंकि उन्हें खरीद पर अदा किया हुआ जीएसटी का लाभ मिलता है इस प्रकार अपंजीकृत व्यापारी पंजीकृत व्यापारी से कंपटीशन नहीं कर पाएंगे क्योंकि समान पूंजी से लगातार पंजीकृत व्यापारी अधिक लाभ कमाते हैं। जीएसटी से संबंधित किसी भी कार्य हेतु सरकारी कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है, पंजीयन हेतु कोई शुल्क है व्यापारी स्वयं ऑनलाइन पंजीयन प्राप्त कर सकते हैं जीएसटी कर प्रणाली में समस्त कार्य घर बैठे ऑनलाइन ही हो जाते हैं, डेढ़ करोड़ वार्षिक कारोबार सीमा तक के छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए समाधान योजना जारी है 5 करोड रुपए तक की वार्षिक कारोबार सीमा तक की व्यापारियों के लिए तिमाही रिटर्न की सुविधा प्रदान की गई है शून्य खरीद बिक्री से संबंधित रिटर्न के एसएमएस माध्यम से दाखिल करने की सुविधा है, छोटे एवं मझौली व्यापारियों के लिए अत्यंत सरल रिटर्न फॉर्म सहज एवं सरल प्रस्तुत किया गया है निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन रिफंड की व्यवस्था भी है।

कर निर्धारण नोटिस को पूर्ण तरह से ऑनलाइन करते हुए ट्रांसपेरेंसी को बढ़ावा दिया गया है। महान व्यापारी भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप के समय में एक व्यापारी थे भामाशाह जिन्होंने आर्थिक रूप से संपूर्ण सहयोग प्रदान करके राणा प्रताप को सहयोग प्रदान किया।

## घर के अंदर मिले मां-बेटे के हत्यायुक्त शव

**बिंदकी, फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के रूसी गांव में मां-बेटा की हत्या से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पाते ही एसपी उदय शंकर सिंह सहित थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के रूसी गांव की 50 साल की महिला माया देवी और उसके 24 वर्षीय बेटे सत्यम अवस्थी का रक्त रंजित शव घर के भीतर मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी ने मौके पर पहुंच मामले की जांच-पड़ताल की तो पता चला कि दोनों के शव जिस तरह घर में पड़े थे। घर का पूरा सामान बिखरा हुआ था। इससे इस बात का अंदाजा लग रहा है कि हत्या से पहले मृतकों और हत्यारे के बीच काफी संघर्ष हुआ है क्योंकि घर के फैला हुआ सामान इस बात की गवाही दे रहा है कि हत्यारों ने दोनों की हत्या करने से पहले आपस में काफी हाथापाई हुई है। फिलहाल एसपी ने पूरे मामले के जल्द खुलासे के लिए चार टीम में गठित की है।

# पहली बारिश ने नगर पालिका की पोल खोली, घरों में घुसा पानी

**संडीला, हरदोई।** लगभग डेढ़ घण्टे हुई तेज़ बारिश ने संडीला नगर को बुरी तरह जलभराव की चपेट में ले लिया। घरों में भी पानी घुस गया, जिससे लोग काफी परेशान दिखाई दिए। नगर में शुक्रवार की शाम लगभग पौने सात बजे से तेज़ बारिश शुरू हुई और लगभग एक ही गति से डेढ़ घण्टे तक जारी रही। एक अनुमान के अनुसार लगभग 95 मि0मी0 बारिश रिकॉर्ड की गयी जो एक रिकॉर्ड है। तेज़ वर्षा के कारण सारे नगर में पानी ही पानी दिखाई पड़ा। नगर का मुख्यमार्ग सब्ज़ी मण्डी से लेकर कोतवाली तक पूरी तौर पर एक गहरा तालाब बन गया। गल्ला मण्डी से पुरानी बैंक ऑफ इंडिया तक तो पानी की गहराई 3 से 4 फीट तक थी। मुख्यमार्ग पर स्थित नगर पालिका परिषद कार्यालय के अंदर भी पानी का तालाब दिखाई दे रहा था। इसके अलावा कोतवाली, गल्ला मण्डी, सब्जी मण्डी जैसे सार्वजनिक स्थल पूरी तौर पर पानी में डूब गए। नगर के विभिन्न मोहल्लों विशेष रूप से शोरा कोठी, मंगल बाजार, इमाम चौक, मलकाना के अलावा दामादपुरवा, इमलियाबाग, मण्डई, मूसापुर, हरिजन सरांय पूरी तौर पर जलमग्न हो गए। इसके अलावा प्रतिभा सिनेमा के बगल से जाने वाले रेलवे स्टेशन रोड, वॉटर वस वाली सड़क आदि गहरे पानी के तालाब में बदल गयीं। नगर में पहली ही बारिश में हुए इस भीषण जलभराव का प्रमुख कारण नगर की जल निकास व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना है। नगर के प्रमुख नालों की अभी तक सफ़ाई विधिवत नहीं हो पाई है।

इसके अलावा नगर के विभिन्न तालाबों पर अवैध कब्ज़ों के बाद उनके पटान ने इस समस्या को एक विक्राल रूप दे दिया है। नगर स्थित खनतारा तालाब, आईआर इंटर कॉलेज के पास स्थित वॉटर वर्स तालाब, गेंवडी तालाब, पचकोहरा, भटरैला तालाब, ककर गड्ढा समेत एक दर्जन से अधिक बड़े तालाब अपना अस्तित्व खो चुके हैं। इन तालाबों में से लगभग सभी पर अवैध कब्जे करके 90 प्रतिशत तक उनका पटान करके उन पर आवास बना लिए गए हैं।

# प्रधान न्यायाधीश ने भारत की विविधता को संरक्षित करने के साधन के रूप में संवैधानिक नैतिकता को रेखांकित किया

**भाषा।** कोलकाता

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने भारतीय न्यायशास्त्र में संवैधानिक नैतिकता लागू करने के महत्व पर जोर देते हुए शनिवार को विविधता, समावेशिता और सहिष्णुता सुनिश्चित करने के लिए अदालतों की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के दो-दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में सीजेआई चंद्रचूड़ ने न्याय वितरण प्रणाली में तकनीकी प्रगति के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित किया।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने सरकार पर एक निरोधक कारक के रूप में संवैधानिक नैतिकता की धारणा पर विस्तार से बात की जिसे संविधान के प्रस्तावना मूल्यों से प्राप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने देश के संघीय ढांचे को रेखांकित किया, जो "बहुत अधिक विविधता से भरा है। सीजेआई ने भारत की विविधता को संरक्षित करने में न्यायाधीशों की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने समकालीन न्यायिक विकास और कानून एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से न्याय को मजबूत करना शीर्षक वाले सम्मेलन में कहा, जब लोग अदालतों को न्याय का मंदिर कहते हैं तो मैं मौन हो जाता हूं, क्योंकि इसका मतलब होगा कि न्यायाधीश देवता हैं, जो वे नहीं हैं। वे इसके बजाय लोगों के सेवक हैं, जो करुणा और सहानुभूति के साथ न्याय करते हैं।

सीजेआई ने न्यायाधीशों को "संविधान के स्वामी नहीं, सेवक" बताते हुए न्यायपालिका को संविधान में निहित मूल्यों के विपरीत निर्णयों में हस्तक्षेप करने वाले न्यायाधीशों के व्यक्तिगत मूल्यों और विश्वास प्रणालियों के नुकसान के बारे में चेतावनी दी।

उन्होंने कहा, हम संवैधानिक व्याख्या के विशेषज्ञ हो सकते हैं, लेकिन न्यायपूर्ण समाज की स्थापना अदालत के संवैधानिक नैतिकता के दृष्टिकोण से ही होती है। नागरिकों को न्याय का प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने में तकनीकी सहायता की आवश्यकता पर सीजेआई ने कहा, विचार यह नहीं होना चाहिए कि केवल आधुनिकीकरण के नाम के लिए आधुनिकीकरण करना है। यह कुछ इच्छित चीज के लिए सहयोग की दिशा में एक कदम है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए 37,000 से अधिक निर्णयों को अंग्रेजी से संविधान के तहत मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए चल रहे कार्य में सहायता करने वाले एआई-सहायता प्राप्त सॉफ्टवेयर की बात की।

उच्चतम न्यायालय के निर्णयों के डिजिटल प्रारूप को सभी के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराना, वादियों को यात्रा संबंधी राहत प्रदान करने के लिए अदालतों तक विकेन्द्रीकृत पहुंच, अदालत प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना और मामलों का वर्गीकरण करना भी प्रभावी न्याय में सहायता करने वाले प्रौद्योगिकी-संचालित उपायों में से कुछ हैं, जिनके बारे में प्रधान न्यायाधीश ने बात की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कार्यक्रम में विशेष संबोधन देते हुए न्यायपालिका के सदस्यों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि न्याय वितरण प्रणाली में राजनीतिक पूर्वाग्रह का हस्तक्षेप न हो। बनर्जी ने कहा, न्यायपालिका ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए। मेरा मानना है कि न्यायपालिका लोगों की है, लोगों द्वारा है और लोगों के लिए है। यदि न्यायपालिका लोगों को न्याय नहीं दे सकती, तो कौन दे सकता है?

यह न्याय पाने का अंतिम मोर्चा है और हमारे देश के लोकतंत्र और हमारे संविधान को बचाने का अंतिम सहारा है। कलकत्ता उच्च न्यायालय और पश्चिम बंगाल न्यायिक अकादमी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम भी मौजूद थे।

# न्यायपालिका राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त होनी चाहिएः ममता बनर्जी

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त न्यायपालिका का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि इसे बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिए। बनर्जी ने यह भी कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र, संविधान और लोगों के हितों के संरक्षण के लिए भारत की नींव का बड़ा स्तंभ है।

मुख्यमंत्री ने यहां राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा, कृपया ध्यान रखें कि न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षपात न हो। न्यायपालिका पूरी तरह से पक्षपात रहित, ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए। लोगों को इसकी पूजा करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम भी मौजूद थे।

बनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंदिर है और न्याय प्रदान करने का सर्वोच्च प्राधिकार है। उन्होंने कहा, यह एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है। न्यायपालिका लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है...और न्याय पाने और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए अंतिम मंच है। उन्होंने सम्मेलन में भाग ले रहे पूर्वोत्तर और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों को नजरअंदाज किए जाने का आरोप लगाते हुए आग्रह किया कि उन्हें बड़े अवसर दिए जाएं।

अदालतों में डिजिटलीकरण के लिए प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की सराहना करते हुए बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ई-गवर्नेंस में सभी राज्यों में नंबर वन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में न्यायिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं और राजारहाट न्यू टाउन में उच्च न्यायालय के नए परिसर के लिए जमीन उपलब्ध कराई है। बनर्जी ने कहा कि राज्य में 88 फास्ट ट्रैक कोर्ट काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले केंद्र सरकार ने इन अदालतों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की थी, लेकिन पिछले सात-आठ वर्षों से यह प्रावधान वापस ले लिया गया है। उन्होंने कहा, अठासी त्वरित अदालतों में से 55 महिलाओं के लिए हैं। छह पॉक्सो अदालत भी हैं।

# आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकतः राज्यपाल

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने शनिवार को कहा कि आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कृत्रिम बुद्धिमता के इस दौर में भाषा विशेषज्ञों, शब्द संवेदना से जुड़े मर्मज्ञ विद्वानों की सहायता से पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों के लिए नींव के रूप में काम करें।

मिश्र हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य भवन का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया और इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता शिक्षा के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के आलोक में ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं जो युग की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए नई पीढ़ी को संवेदनशील, सजग और भविष्य के बेहतर नागरिक बना सके। उन्होंने विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए पत्रकारिता शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों की सहभागिता का भी आह्वान किया।

आधिकारिक बयान के अनुसार राज्यपाल ने कहा कि पत्रकारिता का यह दौर चुनौतीपूर्ण है तथा मीडिया में इस बात की होड़ मच रही है कि पल-पल की खबरों को कैसे सबसे पहले प्रकाशित-प्रसारित किया जाए, ऐसे में इस बात का ध्यान रखा जाए कि मानव मूल्य कहीं तिरोहित नहीं हो। उन्होंने पत्रकारिता शिक्षा के अंतर्गत मानवीय मूल्यों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य के पत्रकार, जनसंचार कर्मी तैयार किए जाने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने डीप फेक , तथ्यहीन और मर्यादाहीन समाचार प्रस्तुति आदि की चर्चा करते हुए कहा कि भ्रामक समाचारों से कैसे बचा जाए, इस पर भी काम होना चाहिए

# एबी-पीएमजेएवाई के पुनर्गठन से स्वास्थ्य बजट बढ़ाने तक विशेषज्ञों ने केंद्र सरकार की प्राथमिकताएं गिनाईं

**भाषा।** नई दिल्ली

**आयुष्मान** भारत योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के पुनर्गठन से लेकर डिजिटल स्वास्थ्य मिशन में तेजी लाने तक स्वास्थ्य देखभाल सुधारों की अत्यावश्यकता को पर जोर देते हुए विशेषज्ञों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने नरेन्द्र मोदी सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है।

उनके बयान निवारक स्वास्थ्य देखभाल उपायों को प्राथमिकता देने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्वास्थ्य देखभाल पर होने वाले खर्च को बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि क्या सरकार अपने नए कार्यकाल में देश में स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक व्यय को वांछित स्तर तक बढ़ाकर कोई बदलाव लाएगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी)-2017 में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का वादा किया गया है, लेकिन इस वादे को अभी पूरा नहीं किया गया है। वहीं, भारतीय निजी सेवाओं पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

एएचपीआई (एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स, इंडिया) के महानिदेशक डॉ. गिरधर ज्ञानी ने कहा, आगामी कार्यकाल में हम सरकार से स्वस्थ भारत को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हैं। इसमें स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए निवारक स्वास्थ्य उपायों को बढ़ावा देना शामिल है। इसमें निवारक स्वास्थ्य शिक्षा और स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों का तेजी से कार्यान्वयन शामिल है। डॉ. ज्ञानी ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट को तेज करना, व्यावसायिक स्वास्थ्य योजनाओं को मजबूत करना और एसईसीसी-2011 के सभी लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए आयुष्मान भारत योजना का पुनर्गठन करना भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने टियर-तीन के शहरों में तृतीयक देखभाल सुविधाएं स्थापित करने, चिकित्सा उपकरणों के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने का जिक्र किया। उन्होंने बढ़े हुए सरकारी खर्च के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन में तेजी लाने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष और निदेशक पी. घोषाल ने कहा, हम नव-निर्वाचित सरकार के तहत अगले पांच साल के कार्यकाल की शुरुआत कर रहे हैं, इसलिए स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन को बढ़ावा देने और लाखों लोगों के जीवन को उन्नत बनाने का अवसर है।

घोषाल ने कहा कि एबी-पीएमजेएवाई जैसी पहलों के साथ स्वास्थ्य देखभाल खर्च में वृद्धि सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों को लाभ पहुंचा सकती है, हालांकि मूल्य निर्धारण संरचनाओं में समायोजन की आवश्यकता है। स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े कर्मचारियों की कमी को दूर करने और नियामकीय राहत प्रदान करने (विशेष रूप से जीएसटी इनपुट क्रेडिट में) से बोझ कम हो जाएगा। रीजेंसी हेल्थ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अभिषेक कपूर ने कहा कि नई सरकार के सामने सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

कपूर ने कहा, लंबी अवधि के बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण, चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और स्वास्थ्य बीमा में राजकोषीय सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक प्रारूप आवश्यक है।

# बोलने में असमर्थ किशोरी के सांकेतिक भाषा में दिए बयान पर बलात्कारी को आजीवन कारावास

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बोल पाने में असमर्थ मानसिक रूप से अशक्त 16 वर्षीय एक किशोरी द्वारा सांकेतिक भाषा में दिए गए बयान के आधार पर उसके साथ बलात्कार करने के दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली वसई की एक विशेष अदालत ने मजदूर के रूप में काम करने वाले 48 वर्षीय दोषी को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष पॉक्सो न्यायाधीश एसवी कोंगल ने अपने आदेश में दोषी सनेही श्रीकिशन गौड़ पर 10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक जयप्रकाश पाटिल ने मुकदमे के दौरान अदालत को बताया कि गौड़ ने अपने पड़ोस में रहने वाली किशोरी के साथ जनवरी 2017 में उस समय बलात्कार किया, जब उसके घर में कोई नहीं था। कशोरी ने बाद में इशारों में अपनी मां को यौन उत्पीड़न के बारे में बताया, जिसके बाद उसके परिवार ने गौड़ के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दोषी शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। पाटिल ने कहा कि पीड़िता समेत अभियोजन पक्ष के नौ गवाहों ने अदालत में गवाही दी। पीड़िता ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से संवाद किया।

अदालत ने कहा कि किशोरी मध्यम स्तर पर मानसिक रूप से अशक्त है और वह अपराध के अच्छे-बुरे और सही-गलत को नहीं समझ सकती, जो इस कृत्य को गंभीर बनाता है। न्यायाधीश ने गौड़ को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए अपने आदेश में कहा, मेरा मानना है कि अपराध की प्रकृति को देखते हुए आरोपी को अधिकतम सजा दी जानी चाहिए।

# गुवाहाटी विवि अंकपत्र घोटाले में अब तक नौ लोग गिरफ्तार

**बारपेटा, असम।** असम के गुवाहाटी विश्वविद्यालय में कथित अंकपत्र घोटाले में अब तक मुख्य आरोपी सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां गुवाहाटी, बारपेटा और धुबरी के विभिन्न स्थानों से की गई हैं तथा नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार को धुबरी में हुई। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कथित घोटाले का खुलासा सबसे पहले बृहस्पतिवार को बारपेटा दौरे के दौरान एक संवादाताओं सम्मेलन में किया था। उन्होंने कहा था, कम्प्यूटरीकृत अंकपत्र प्रणाली के संचालन दायित्व से जुड़े लोग पैसे लेकर उसमें अंक बढ़ा देते हैं... यहां तक कि एक ऑपरेटर भी गुवाहाटी विश्वविद्यालय (जीयू) द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रणाली में अंकों को बदल सकता है। शर्मा ने कहा कि बारपेटा में छह-सात मामले प्रकाश में आए हैं और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कांग्रेस ने अडाणी समूह से जुड़ी रिपोर्ट को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को उस खबर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि अडाणी समूह ने अपनी सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि करदाताओं के पैसे से चीनी कंपनियों को फायदा न हो। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, नॉन-बायोलिकल प्रधानमंत्री ने 19 जून, 2020 को गलवान झड़प के बाद देश को यह कहकर बदनाम किया था कि ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है।

रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने एक टेम्पोवाला मित्र की मदद के लिए चीनी श्रमिकों को उदारतापूर्वक वीजा जारी करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अडाणी और अंबानी को गाली देना बंद कर दिया है, क्या टेम्पो भरकर नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं।

रमेश ने कहा कि अडाणी समूह ने कथित तौर पर अपने सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है और 30 चीनी श्रमिकों के लिए वीजा जारी करने के लिए विशेष अनुमति मांगी है। उन्होंने दावा किया, कोयला और बिजली-उपकरणों में बिल अधिक दिखाने और अडाणी समूह की कंपनियों में अवैध हिस्सेदारी जैसे कई मोदानी घोटालों को बढ़ावा देने के बाद नॉन-बायोलॉजिक प्रधानमंत्री इस मामले में अपने साझेदार और करीबी मित्र को फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं को क्यों नहीं नजरअंदाज कर देंगे?

रमेश ने कहा कि ए रियायतें तब दी जा रही हैं, जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा किए हुए है। उन्होंने दावा किया कि चीन से भारत का आयात 2018-19 में 70 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 अरब डॉलर हो गया है।

# पतियों से कहिए घर पर ही शराब पीएं मंत्री ने दी महिलाओं को सलाह

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने महिलाओं को सलाह दी है कि वे अपने पतियों से घर पर ही शराब पीने को कहें ताकि उन्हें शर्म आए और उनकी शराब पीने की आदत धीरे-धीरे छूट जाए। उन्होंने शुक्रवार को भोपाल में नशा मुक्ति अभियान से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

हालांकि, विपक्षी कांग्रेस ने कुशवाह के इस बयान की निंदा की और उनसे माफी मांगने को कहा। कांग्रेस ने कहा कि कुशवाह के सुझाव से घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ेंगी। सामाजिक न्याय मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, "इसमें (नशा मुक्ति प्रयासों में) सबसे बड़ा योगदान घर की माताओं और बहनों का है। सबसे पहले, उनसे (पतियों से) कहें कि वे बाहर जाकर बाजार में शराब न पीएं। उनसे कहें कि अगर आप शराब पीना चाहते हैं और भोजन करना चाहते हैं तो मेरे (पत्नियों के) सामने करें। उन्होंने कहा कि अगर पुरुष अपनी पत्नी के सामने शराब पीते हैं तो उनकी पीने की सीमा कम होती जाएगी। कुशवाह ने कहा, वे धीरे-धीरे (शराब पीने की आदत) छोड़ने की कगार पर आ जाएंगे। उन्हें पत्नी और बच्चों के सामने शराब पीने में शर्म आएगी। उन्होंने कहा कि पत्नियों को अपने पतियों को यह भी बताना चाहिए कि भविष्य में उनके बच्चे भी उनकी तरह शराब पीना शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्थानीय स्तर पर समूह बनाकर शराब पीने की आदत वाले लोगों को बेलन दिखाना चाहिए।

मंत्री ने बाद में पत्रकारों से कहा कि घर में बच्चों के सामने शराब पीने से पुरुषों को शर्म आएगी और वे अपनी आदत छोड़ने लगेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे भी अपने पिता को शराब न पीने के लिए कहेंगे, जिसका पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कुशवाह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता संगीता शर्मा ने कहा कि ऐसी सलाह देकर मंत्री घरेलू हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि घरेलू हिंसा का मुख्य कारण नशा और शराब है। उन्होंने दावा किया कि शराब के कारण होने वाली घरेलू हिंसा के 17,000 से अधिक मामले मध्य प्रदेश महिला आयोग के समक्ष लंबित हैं।

शर्मा ने कहा कि मंत्री महिलाओं को अपने पतियों पर बेलन चलाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिससे घरेलू हिंसा को बढ़ावा मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि मंत्री को अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए।

# पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर रात के समय सफलतापूर्वक उतरा एअर इंडिया का विमान

**पोर्ट ब्लेयर।** एयर इंडिया का एक विमान पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर रात के समय सफलतापूर्वक उतरा। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में कही गई है। एअर इंडिया का एयरबस ए321 विमान 68 यात्रियों के साथ शुक्रवार शाम को आईएनएस उत्कर्ष पर उतरा। आईएनएस उत्कर्ष अंडमान एवं निकोबार कमान (एएनसी) के अधीन है और यह पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में ही स्थित है।

अंडमान एवं निकोबार कमान की ओर से जारी बयान में कहा गया, "विमान शाम करीब 5.40 बजे कोलकाता से रवाना हुआ और शाम 7.34 बजे पोर्ट ब्लेयर में सफलतापूर्वक उतरा। विमान यात्रियों को उतारने के लिए वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल की ओर बढ़ा"

बयान में कहा गया है, "रात में यह सफल लैंडिंग अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के लिए हवाई संपर्क बढ़ाने, द्वीपवासियों को लाभ पहुंचाने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक घटना पिछले कुछ वर्षों में भारतीय नौसेना, अंडमान एवं निकोबार कमान (एएनसी) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के लगातार प्रयासों से संभव हो पाई है। बयान में कहा गया है कि पर्यटकों की आमद में अनुमानित वृद्धि को समायोजित करने के लिए एएएल ने वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को कैट-द्व में अद्यतन अंडमान एवं निकोबार कमान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उत्कर्ष एयरफील्ड दिन और रात दोनों तरह के संचालन को संभालने में पूरी तरह सक्षम है। इसके रणनीतिक महत्व के अलावा, ए घटनाक्रम क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने और उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है" उन्होंने निजी एयरलाइन संचालकों से पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर रात में विमान के उतरने और उड़ान भरने की सुविधा का अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया।

## पेज 1 का शेष

### लद्दाख...

राजनाथ सिंह ने दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, लद्दाख में एक नदी के पार टैंक ले जाते समय एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हमारे पांच बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान जाने पर गहरा दुख हुआ। हम राष्ट्र के प्रति अपने वीर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे।

### जदयू....

तक तीसरे मोर्चे की तलाश में थी। जेडीयू के प्रस्ताव में पेपर लीक मामलों की व्यापक जांच का आह्वान किया गया ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके ताकि केंद्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनी रहे। इसमें कहा गया है कि परीक्षा पत्रों के लीक होने के खिलाफ संसद को एक मजबूत कानून बनाने की भी जरूरत है। बिहार के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे के ऐतिहासिक प्रयास के विकल्प के रूप में एक विशेष पैकेज को शामिल करने के जद (यू) के निर्णय ने एक व्यावहारिक गिरावट को चिह्नित किया क्योंकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए किसी भी राज्य अन्य के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा देने से इंकार कर दिया था। अपने विश्वासपात्र झा को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का कुमार का निर्णय, यह पद किसी के पास नहीं है, भाजपा के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने और एक उपयोगी सौदेबाजी करने के उनके प्रयासों का संकेत देता है क्योंकि झा के राष्ट्रीय पार्टी के नेतृत्व के साथ अच्छे संबंध हैं। बिहार में पूर्व मंत्री, झा मूल रूप से भाजपा में थे और जद (यू) में जाने से पहले कुमार के साथ इसके संपर्क के रूप में कार्य करते थे। सक्षम, पसंद करने योग्य और कम महत्वपूर्ण माने जाने वाले मिथिलांचल नेता लंबे समय से अपने उम्रदराज़ गुरु के भरोसेमंद सहयोगी रहे हैं, जिन्होंने अतीत में पूर्व जद (यू) अध्यक्ष आरसीपी सिंह सहित अपने स्पष्ट रूप से विश्वसनीय सहयोगियों की बदलती वफादारी के कारण अपनी उंगलियां जला ली थीं। सिंह अब भाजपा में हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि कुमार को उम्मीद है कि झा बिहार को सहायता सहित अपनी पार्टी की मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया पाने के लिए काम करते हुए भाजपा के साथ सहज संबंध बनाए रखेंगे। अपनी नियुक्ति के बाद झा ने कहा कि उनकी पार्टी का उद्देश्य 2005 के बाद से कुमार के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा रखी गई नींव पर निर्माण करने के लिए बिहार के लिए केंद्रीय सहायता प्राप्त करना था, उस छोटी अवधि को छोड़कर जब जीतन राम मांझी मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि ऐसी मदद किस नाम से दी गई है। हम इसे केंद्र सरकार के साथ आगे बढ़ाएंगे और सकारात्मक नतीजे की उम्मीद कर रहे हैं। यह कहते हुए कि भाजपा और जदयू के बीच सब कुछ सौहार्दपूर्ण रहेगा, उन्होंने कहा कि दोनों दल स्वाभाविक सहयोगी हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए 2025 के विधानसभा चुनावों में 200 से अधिक सीटें जीतेगा, उन्होंने कहा कि हाल के लोकसभा चुनावों में गठबंधन को 243 विधानसभा क्षेत्रों में से 177 पर बढ़त मिली थी। झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे, जिसमें जदयू ने बिहार में 12 सीटें जीतीं, कुमार के लिए लोगों की मंजूरी दर्शाता है, उन्होंने उन लोगों पर कटाक्ष किया जो सोचते थे कि मुख्यमंत्री का राजनीतिक करियर ढलान पर है। जदयू के प्रस्ताव में कहा गया है कि केंद्र सरकार में पार्टी की भागीदारी के कारण उसकी जिम्मेदारी और लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं। मोदी सरकार में पार्टी के दो मंत्री हैं। प्रस्ताव में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, पर्यावरण, सामाजिक कल्याण, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में अधिक सक्रिय और गुणात्मक सुधारों का आह्वान किया गया। एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के बिहार सरकार के फैसले को खारिज करने वाले पटना उच्च न्यायालय के हालिया फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए, जद (यू) ने केंद्र से राज्य के कानून को संविधान के 9वें हिस्से में डालने का आग्रह किया। प्रस्ताव में कुमार की राजनीतिक कुशलता और सकारात्मक रणनीति की सराहना करते हुए कहा गया कि उन्होंने बिहार में एनडीए सरकार चलाने और केंद्र में मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें कहा गया कि लोगों ने केंद्र में एक ऐसी सरकार को दोबारा चुना जिसने राष्ट्रीय हित के लिए काम किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पारित एक अन्य प्रस्ताव में झारखंड का जिक्र करते हुए विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में पार्टी के संगठन को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया गया। इसमें कहा गया है कि जद (यू) के उम्मीदवारों ने राज्य में चुनाव लड़ा और जीता था। प्रस्ताव में कहा गया है कि वह अपनी चुनावी रणनीति पर गंभीरता से काम करेगी और वहां अपने उम्मीदवार उतारेगी। सूत्रों ने कहा कि जद (यू) भाजपा को अपने उम्मीदवारों के लिए कुछ सीटें छोड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### हरियाणा....

की, बल्कि उन्हें धरातल पर अमलीजामा भी पहनाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के साथ हरियाणा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। यही नहीं सबसे बड़ा बदलाव नौकरियों में किया है। नौकरियों में पर्ची व खर्ची को बंद कर पारदर्शिता व मेरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं, जो पूरे देश में एक मिसाल है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को अवगत कराया कि 10 साल के कार्यकाल में भाजपा की केंद्र सरकार ने हरियाणा में 2 लाख 70 हजार करो? रुपये के विकास कार्य करवाए हैं, यानी ग्रांट दी है, जबकि 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार में हरियाणा में केवल 41 हजार करोड़ की ग्रांट आई है। भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के पहले सत्र के बाद शनिवार को पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि बैठक में तय किया गया है कि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, पार्टी के प्रभारी बिपल्व देव, सतीश पूनिया, सुरेंद्र नागर प्रदेश का दौरा करके कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा चुनाव प्रभारी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को जनादेश दिया था। यह बदलाव पार्टी की रणनीति का हिस्सा था।

### नीट-पीजी...

द्वारा उन तीन परीक्षाओं के लिए संशोधित तिथियों की घोषणा के एक दिन बाद आई है, जिन्हें रद्द कर दिया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई थी, लेकिन एक दिन बाद ही इसे रद्द कर दिया गया था। यह परीक्षा अब नए सिरे से 21 अगस्त से चार सितंबर तक आयोजित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय को सूचना मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है, जिसके बाद यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी। प्रधान ने कहा था कि प्रश्नपत्र डार्कनेट पर लीक हुआ और टेलीग्राम ऐप पर सार्वजनिक हुआ था।

### फिल्मी अंदाज...

स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) के नेतृत्व में बच्चों की मां के साथ किया गया और दूसरे का नेतृत्व लक्ष्मी नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ के साथ उनके पिता ने किया। टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर दोनों टीमों ने दो अलग-अलग दिशाओं में आरोपियों की तलाश शुरू की। अधिकारी ने बताया कि अपहृत बच्चों की तलाश के लिए स्पेशल स्टाफ और अन्य पड़ोसी जिलों की टीमों को भी लगाया गया है। गुप्ता ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के लगभग 20 वाहनों द्वारा लगभग तीन घंटे तक पीछा करने के बाद, अपहरणकर्ता समयपुर बादली इलाके के पास बच्चों के साथ कार छोड़कर भाग गया। अधिकारी ने बताया कि इस बीच आरोपी ने दिल्ली की सड़कों पर 100-150 किलोमीटर से ज्यादा तक गाड़ी चलाई। टीमें अंततः बच्चों को बचाने में सफल रहीं, जो सुरक्षित और स्वस्थ थे। उन्होंने कहा, वे अपने माता-पिता से दोबारा मिल गए हैं। अधिकारी ने कहा कि कार में रखे गए आभूषण और मोबाइल फोन सहित कीमती सामान भी बरकरार पाए गए, क्योंकि अपहरणकर्ता के पास कुछ भी लेने का समय नहीं था जब उसने पाया कि पुलिस हर तरफ से उसका पीछा कर रही है। गुप्ता ने कहा कि अन्य जिलों की पुलिस टीमों, विशेषकर बाहरी उत्तरी जिले और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने भी इस ऑपरेशन में काफी मदद की और उनकी त्वरित कार्रवाई की सराहना की जाती है। गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

# अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ : पहला जत्था बालटाल, नुनवान शिविर से रवाना

**भाषा।** श्रीनगर, जम्मू



दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल और नुनवान आधार शिविर से रवाना होने के साथ 52 दिनों की वार्षिक अमरनाथ यात्रा शनिवार को शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था भी जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से गुफा मंदिर के लिए रवाना हो गया है। यात्रा 48 किलोमीटर (किमी) लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से शुरू हुई। अमरनाथ यात्रा के लिए ए दोनों पारंपरिक मार्ग हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के जत्थों को संबंधित उपायुक्तों तथा पुलिस एवं नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने रवाना किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। तीर्थयात्री दोपहर में कश्मीर घाटी पहुंचे, जहां प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। तीर्थयात्री गुफा मंदिर में बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा-अर्चना करेंगे। यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। यात्रा मार्ग की ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। यात्रा 19 अगस्त को संपन्न होगी। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि।,881 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि दूसरे जत्थे में 427 महिलाएं और 294 साधु शामिल हैं। ए सभी कड़ी सुरक्षा के बीच, दो अलग-अलग जत्थों में 200 वाहनों के जरिए रवाना हुए। पहला जत्था।,069 श्रद्धालुओं के साथ तड़के चार बजे बालटाल के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरा जत्था 812 श्रद्धालुओं के साथ इसके 30 मिनट बाद पहलगाम के लिए रवाना हुआ। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

## प्रधानमंत्री तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अमरनाथ यात्रा आरंभ होने पर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन कर शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार होता है। अधिकारियों ने बताया कि 52 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा शनिवार तड़के शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल और नुनवान स्थित दो आधार शिविरों से दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पवित्र अमरनाथ यात्रा आरंभ होने पर सभी तीर्थयात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा बर्फानी के दर्शन और वंदन से जुड़ी यह यात्रा शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार करने वाली होती है। उनकी कृपा से सभी श्रद्धालुओं का कल्याण हो, यही कामना है। जय बाबा बर्फानी।

## ओएनजीसी ने 100 बिस्तरों वाले दो अस्पताल स्थापित किए

**जम्मू।** ओएनजीसी ने कश्मीर में अमरनाथ के दो बेस कैंप में 100 बिस्तरों वाले दो अस्पताल स्थापित किए हैं। कंपनी ने कहा है कि वार्षिक यात्रा के बाद भी ए सुविधाएं चालू रहेंगी। अमरनाथ तीर्थयात्रा 52 दिनों तक चलती है और यह 19 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा दो रास्तों से की जाती है। पहला रास्ता पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान से और दूसरा रास्ता 14 किलोमीटर छोटा, लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग से शुरू होता है। ओएनजीसी ने कहा कि उसने क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर यह पहल की है। ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे की आवश्यकता को समझते हुए उसने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अनंतनाग में बालटाल और चंदनवारी-पहलगाम में स्थाई अस्पतालों का निर्माण किया है। इनमें से प्रत्एक अस्पताल 100 बिस्तरों, चिकित्सा कर्मचारियों के लिए आवास सुविधाओं और गहन देखभाल इकाइयों से सुसज्जित है।

## कैटरीना के गर्भवती होने की अफवाह पर विक्की ने कहा - समय आने पर हम बिना संकोच खुद खुशखबरी देंगे

**मुंबई।** पत्नी कैटरीना कैफ के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद करने की अफवाहों के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता विक्की कौशल ने कहा है कि वह समय आने पर दुनिया के साथ यह खुशखबरी साझा करेंगे। फिल्म उद्योग में अटकलें लगाई जा रही हैं कि दिसंबर 2021 में शादी के बंधन में बंधे कौशल और कैफ जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगे। कौशल (36) से शुक्रवार की शाम उनकी आने वाली फिल्म बैड न्यूज के ट्रेलर लांचिंग के मौके पर इस अफवाह के बारे सवाल पूछा गया। अभिनेता ने पत्रकारों से कहा, जब खुशखबरी होगी तब मैं जरूर आपको बताऊंगा। जब समय आएगाहम खुशखबरी की घोषणा करने में संकोच नहीं करेंगे। तृप्ति डिमरी और एमी विर्क अभिनीत बैड न्यूज सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें जुड़वा बच्चों की एक ही मां और अलग-अलग जैविक पिता होते हैं।

# सरकार ने एनडीआरएफ कर्मियों के लिए 40 प्रतिशत जोखिम भत्ते को मंजूरी दी: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को घोषणा की कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बचावकर्मियों द्वारा पूरे किए जाने वाले कठिन अभियानों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है।उन्होंने एनडीआरएफ के 35 सदस्यीय अभियान दल का स्वागत करते हुए यह बात कही। इस दल ने हाल में हिमाचल प्रदेश में 21,625 फुट ऊंची मणिरंग चोटी पर चढ़ाई की थी। मणिरंग चोटी हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और स्पीति जिलों की सीमा पर स्थित है।शाह ने विजय नामक अभियान दल का स्वागत करने के बाद कहा, सरकार ने कल ही एनडीआरएफ कर्मियों के लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है। यह लंबे समय से लंबित मांग थी... बल के सभी 16,000 कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह भत्ता वेतन के अतिरिक्त दिया जाएगा। शाह ने कहा कि सरकार ने विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और एनडीआरएफ जैसे विशेष संगठनों के लिए खेलों को जरूरी बनाने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि इन सुरक्षा बलों की कम से कम एक टीम अनिवार्य रूप से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेगी। मंत्री ने कहा, खुफिया ब्यूरो के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है और एक खाका तैयार किया गया है। हम जल्द ही एक नया मॉडल पेश करेंगे। शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बलों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए 2004-14 के दौरान 66,000 करोड़ रुपए की तुलना में 2014-24 के दौरान दो लाख करोड़ रुपए आवंटित करके अधिक धनराशि आवंटित की है। उन्होंने सफल अभियान के लिए एनडीआरएफ टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कवायद से बल की क्षमता और मनोबल बढ़ेगा तथा आपदाओं और दुर्घटनाओं के दौरान वे बेहतर कार्य कर सकेंगे।

## अगले महीने पुणे में भाजपा की बैठक को अमित शाह कर सकते हैं संबोधित

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले 14 जुलाई को पुणे में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करने की संभावना है। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। बावनकुले ने पत्रकारों से कहा, पुणे में भाजपा की बैठक में करीब 4,500 पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। हमने अमित शाह से बैठक को संबोधित करने का अनुरोध किया है और वह पुणे आने के लिए सहमत हो गए हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यह बैठक महत्वपूर्ण है। राज्य में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। अगले महीने होने वाले महाराष्ट्र विधानपरिषद चुनावों के बारे में पूछे जाने पर बावनकुले ने कहा, आज या कल नामों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मुझे यकीन है कि हमारा केंद्रीय संसदीय बोर्ड कुछ अच्छे उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाएगा, जो राज्य के लिए फायदेमंद होगा।

## तमिलनाडु में पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट से चार श्रमिकों की मौत

**विरुधुनगर(तमिलनाडु)।** यहां एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट होने से चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार यह जानकारी दी। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट तथा आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाना बताया जा रहा है। इकाई के नजदीक मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया और इमारतों और अन्य कक्षों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन ने दुख जताते हुए चारों मृत श्रमिकों के परिवार को मुआवजे के रूप में तीन-तीन लाख रुपए देने की घोषणा की। विस्फोट 29 जून की सुबह विरुधुनगर जिले के सत्तूर तालुक के पंथुवरपट्टी गांव स्थित एक आतिशबाजी इकाई में हुआ था। मृतकों की पहचान अचनकुलम गांव के 45 वर्षीय राजकुमार, नाडुसुरनकुडी के मारिसमी (40) और वेम्बकोट्टई के सेल्वाकुमार (35) और मोहन (30) के रूप में हुई।

## सीबीआई ने मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों में भ्रष्टाचार को लेकर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्र में बड़े पैमाने पर कथित भ्रष्टाचार के संबंध में शनिवार को मुंबई और नागपुर में कई स्थानो पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर एक संयुक्त औचक जांच की, जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में अब कई प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

## उत्कर्ष बैंक ने बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत किया

**मुंबई।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। गोरखपुर के घघसरा और मुजफ्फरनगर के रामपुर मनिहरन और खलियारी, सोनभद्र में ग्राहकों को बैंक की सेवाओं का लाभ मिलेगा, जिसमें बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा शामिल हैं, साथ ही विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यावसायिक ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद भी शामिल हैं। बैंक अपने बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के माध्यम से समग्र ग्राहक सेवा प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने उत्तर प्रदेश के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। खलियारी, सोनभद्र में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट क्षेत्र में स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## राजेश टोयोटा को ग्रीनको गोल्ड रेटिंग पुरस्कार

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) को अपनी डीलरशिप, राजेश टोयोटा (जयपुर, राजस्थान स्थित) की उपलब्धि साझा करते हुए गर्व हो रहा है। हाल ही में इसने चेन्नई में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ग्रीन बिजनेस सेंटर (जीबीसी) का ग्रीनको गोल्ड रेटेड कंपनी पुरस्कार जीता है। डीलरशिप की भिन्न पर्यावरण पहल के व्यापक मूल्यांकन के बाद, सीआईआई ने राजेश टोयोटा को गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए राजेश टोयोटा की बेजोड़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह टोयोटा एनवायरमेंट चैलेंज 2050 (टीईसी 2050) में उल्लिखित व्यापक दृष्टिकोण के साथ ताल-मेल में है।

## क्विक न्यूज

### कोयला आयात वृद्धि दर पिछले दशक में घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आई

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसका पता इस बात से चलता है कि कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है।कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक कोयला आयात की संचई वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि, 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही है।बयान के अनुसार, इसके अलावा, वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94 प्रतिशत था। जबकि, पिछले दशक के दौरान यह आंकड़ा गिरकर शून्य से नीचे लगभग 2.29 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने बयान में कहा कि घरेलू कोयला संसाधनों के अनुकूलन और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करते हुए देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रख रहा है।बयान के अनुसार, विश्व में पांचवें सबसे बड़े कोयला भंडार से संपन्न भारत इस ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

### टाइटन ने बांग्लादेश में आभूषण ब्रांड तनिष्क पेश किया

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार योजनाओं के तहत बांग्लादेश में अपना आभूषण ब्रांड तनिष्क पेश कर रही है।बयान के अनुसार, शुक्रवार को टाटा समूह द्वारा प्रबंधित कंपनी तनिष्क ने रिदम ग्रुप के साथ इस संबंध में एक संयुक्त उद्यम समझौता किया। इसके तहत तनिष्क को बांग्लादेश के बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा।दोनों कंपनियों के संयुक्त बयान के अनुसार, संयुक्त उद्यम की शुरुआत बांग्लादेश के नारायणगंज में विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के साथ होगी।घरेलू बाजार के अलावा, टाइटन अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी तनिष्क की उपस्थिति का विस्तार कर रही है और संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, कतर, सिंगापुर और ओमान में 17 स्टोर संचालित करती है।इसका घड़ी कारोबार दक्षेस, एमईएनए (पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका), दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रों में मौजूद है। पिछले कुछ साल में, इसने अपने प्रमुख आभूषण ब्रांड तनिष्क को विदेशों में बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है।रिदम ग्रुप बांग्लादेश की एक प्रमुख कंपनी है जिसकी स्थापना 1972 में देसी वस्त्र निर्माण के लिए की गई थी और तब से इसने कई क्षेत्रों में विस्तार किया है।

### अदालत ने एफसीआरए के तहत वन्यजीव अध्ययन केंद्र का पंजीकरण रद्द करने का आदेश खारिज किया

**बेंगलुरु,।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय द्वारा विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ स्टडीज (सीडब्ल्यूएस) का पंजीकरण रद्द करने संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया है। वैज्ञानिक के उल्लास कारंत द्वारा स्थापित, बेंगलुरु स्थित सीडब्ल्यूएस को पांच मार्च, 2021 को एफसीआरए के तहत पंजीकरण के निलंबन का सामना करना पड़ा। इस निलंबन को बढ़ा दिया गया और बाद में तीन दिसंबर, 2021 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के बाद चार सितंबर, 2023 को पंजीकरण रद्द कर दिया गया। सीडब्ल्यूएस ने पंजीकरण रद्द करने का विरोध करते हुए तर्क दिया कि यह तर्कसंगत नहीं है और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित दिवंगत के शिवराम कारंत के पुत्र को एफसीआरए की धारा 14(2) के तहत अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। गृह मंत्रालय ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पंजीकरण रद्द करने से पहले व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिए जाने की आवश्यकता नहीं है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि धारा 14(2) पंजीकरण रद्द करने की अनुमति देती है, वहीं धारा 14(3) संस्था को तीन साल तक फिर से पंजीकरण करने से रोकती है। न्यायाधीश ने हाल में दिए गए आदेश में कहा, अधिनियम में वर्णित शब्द सुनवाई का उचित अवसर को केवल कारण बताओ नोटिस जारी करने तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (3) की विशिष्टता के कारण मामले के विशिष्ट तथ्यों पर याचिकाकर्ता को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर अवश्य दिया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका न देने से यह आदेश निष्प्रभावी हो गया है। न्यायाधीश ने कहा, इसमें कोई भ्रम नहीं होना चाहिए कि सुनवाई और व्यक्तिगत सुनवाई के बीच हमेशा एक संयोजन हो सकता है।

### वालमार्ट वृद्धि ने 58 हजार से ज्यादा एमएसएमई को किया सशक्त

**मुंबई।** वालमार्ट ने अपने सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि के माध्यम से भारत के 58,000 से ज्यादा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों को निशुल्क डिजिटल प्रशिक्षण, कारोबारी सलाह और पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप का अवसर प्रदान करते हुए डिजिटल रूप से सशक्त किया है। इसी के साथ वालमार्ट ने दिसंबर 2024 तक 50,000 एमएसएमई को प्रशिक्षित करने के अपने लक्ष्य को समय से पहले ही पार कर लिया है। इन अवसरों से एमएसएमई को कारोबारी विकास की अपनी क्षमता को अनलॉक करने में मदद मिली है और पूरे भारत में ग्राहकों तक उनकी पहुंच आसान हुई है। वालमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टेड ने कहा वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षित होने वाले एमएसएमई में हमने अद्भुत लचीलापन देखा है। इन एमएसएमई में बेहतरीन इनोवेशन के साथ.साथ अपने समुदायों के लिए सकारात्मक योगदान देने की प्रतिबद्धता भी दिखती है। हम उनके विकासए समावेश को बढ़ावा देने और स्थायी प्रभाव डालने के सफर का हिस्सा बनकर रोमांचित अनुभव कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम एमएसएमई के बीच उनके कारोबार के हर पहलू में विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुआ है। हमारे मिशन के अनुरूपए हजारों एमएसएमई को फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस पर सेलर के रूप में जुड़ने में सहयोग करते हुए हमें खुशी है कि हमने बाजार में उनकी पहुंच बढ़ाई है और ई.कॉमर्स की दुनिया में उन्हें आगे बढ़ने में मदद की है। साथ ही हमने उनकी समृद्धि एवं कारोबारी विकास में भी योगदान दिया है। स्वस्ति के प्रोग्राम डायरेक्टर जोसेफजुलियन ने कहा यह देखना उत्साहजनक है कि किस तरह से वालमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षण प्राप्त एमएसएमई अपनी सीख को अपनी कारोबारी प्रक्रियाओं में शामिल करने और उससे लाभ लेने में सक्षम हुए हैं।

### हरियाणा में 250 से अधिक एमएसएमई को किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने गतिशील और लचीले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के महत्त्व को रेखांकित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर हरयाणा के 250 से अधिक एमएसएमई ग्राहकों को सम्मानित किया। यह समारोह फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक आदि में एक्सिस बैंक की चुनिंदा शाखाओं में आयोजित किया गया। समीर गर्ग,ललित चोप्रा,नीरज जैन,विनोद कुमार,अमित गुप्ता,मनीष गुप्ता ने एमएसएमई ग्राहकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके संबंधित क्षेत्रों और राज्य की आर्थिक वृद्धि में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इसके अतिरिक्त, कुछ एमएसएमई ग्राहकों को उनके व्यावसायिक परिसर में रिलेशनशिप मैनेजरों द्वारा सम्मानित किया गया। एक्सिस बैंक ने इस अवसर पर एमएसएमई के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ प्रदान करने वाले विभिन्न किस्म के विशेष ऑफर लॉन्च किए, जो उन्हें लागत बचाने और अधिक आसानी से तथा तेज़ी से ऋण प्राप्त करने में मदद करेंगे। बैंक ने मौजूदा एमएसएमई ग्राहकों को सुरक्षित कार्यशील पूंजी उत्पादों के लिए प्रसंस्करण शुल्क पर 50 प्रतिशत छूट के साथ प्री-क्वालिफाइड ऑफर की पेशकश की। बैंकने एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी ब्याज दर और कम प्रसंस्करण शुल्क पर अनसेक्योर्ड ईएमआई-आधारित ऋण की भी पेशकश की। अर्निका दीक्षित, प्रेसिडेंट एंड हेड ब्रांच बैंकिंग, एक्सिस बैंक ने इस पहल के बारे में कहा, एक्सिस बैंक एमएसएमई को बढ़ावा देने और समर्थन प्रदान करने के लिए समर्पित है।

# भाजपा तीन जुलाई को सिद्धरमैया के आवास का घेराव करेगी

### अवैध धन अंतरण घोटाला



**शिवमोगा (कर्नाटक)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजएंद्र ने शनिवार को कहा कि तीन जुलाई को पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बेंगलुरु स्थित मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के आवास का घेराव करेंगे और राज्य सरकार के एक निगम से जुड़े कथित अवैध धन अंतरण घोटाले के संबंध में उनके इस्तीफे की मांग करेंगे। भाजपा ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया और लगभग सभी जिलों में उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।निगम से जुड़ा अवैध धन अंतरण का मामला तब प्रकाश में आया जब इसके लेखा अधीक्षक चन्द्रशेखर पी का सुसाइड नोट मिला। चंद्रशेखर ने 26 मई को कथित तौर पर आत्महत्या की थी। सुसाइड नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपए के अनधिकृत अंतरण का दावा किया गया था, और इसमें से 88.62 करोड़ रुपए कथित तौर पर प्रसिद्ध आईटी कंपनियों और हैदराबाद स्थित सहकारी बैंक के विभिन्न खातों में अवैध रूप से अंतरित किए गए थे।

## कांग्रेस नेता नेतृत्व के मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से बचें: शिवकुमार

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक में** मुख्यमंत्री बदलने की संभावना तथा तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर चल रही बहस के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बयान देने से बचने के लिए कहा और अनुशासनात्मक कार्वाई की चेतावनी दी। शिवकुमार ने पार्टी के हित में पार्टी के लोगों से अपना मुंह बंद रखने का आग्रह किया और साथ ही संतों से राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का अनुरोध भी किया। मंत्री के एन राजन्ना, जो तीन उपमुख्यमंत्रियों के मुद्दे पर सबसे मुखर हैं, ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि इसके लिए पूछने में क्या गलत है। राजन्ना ने कहा कि वह चेतावनियों पर ध्यान नहीं देंगे। राज्य मंत्रिमंडल में वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदाय से एक-एक उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग बढ़ रही है। वर्तमान में प्रभावशाली वोक्कालिगा समुदाय से शिवकुमार, सिद्धरमैया मंत्रिमंडल में एकमात्र उपमुख्यमंत्री हैं।

## कॉनराड संगमा ने पश्चिमी गारो हिल्स जिले में महिला पर हमले की निंदा की

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने पश्चिमी गारो हिल्स जिले में लोगों के एक समूह द्वारा एक महिला पर क्रूरतापूर्वक किए गए हमले की निंदा की है और कहा है कि इस घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।बुधवार को सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद दादेंग्रे उप-मंडल के निचले टेक्साग्रे गांव में हुई इस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संगमा ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, उन्होंने जो किया वह गलत था। हम इस तरह की सभी घटनाओं की निंदा करते हैं और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई कानून को अपने हाथ में लेकर किसी को सबक सिखाने की कोशिश नहीं कर सकता। संगमा ने कहा, यह सही नहीं है और जिस तरह से यह हुआ वह भी बहुत गलत था, इसलिए हम इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई करेंगे। महिला की उम्र करीब 25 साल है और वह पति से अलग रहती है। उसे उसके गांव की कंगारू अदालत (गैर-कानूनी कचहरी) में पेश होने के लिए कहा गया था।

## विदेश मंत्री जयशंकर आज कतर की यात्रा पर जाएंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर रविवार को कतर की यात्रा पर जाएंगे और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी के साथ वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जयशंकर की यह यात्रा कतर द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को रिहा करने के लगभग साढ़े चार महीने बाद होगी। भारतीय नौसेना के इन पूर्व कर्मियों को अगस्त, 2022 में गिरफ्तार करने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान वह कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। इसने कहा कि इस यात्रा के जरिए दोनों पक्ष राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों समेत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम होंगे। ऐसी उम्मीद है कि जयशंकर और अल थानी गाजा में इजराइल के जारी सैन्य हमलों की पृष्ठभूमि में पश्चिम एशिया की समग्र स्थिति पर भी विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14-15 फरवरी तक कतर की यात्रा पर गए थे और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ चर्चा की थी।

## विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा : हेमंत सोरेन

**भाषा।** रांची



**झारखंड के** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का राज्य से सफाया हो जाएगा। अपने आवास पर झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि उन्हें जेल में बंद करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा और झारखंड के लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है। आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा। धन शोधन के एक मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद सोरेन को शुक्रवार को बिरसा मुंडा जेल से रिहा किया गया। अदालत ने कहा है कि प्रथम दृष्टया, हेमंत दोषी नहीं हैं और जमानत पर रिहाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है। झामुमो नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 8.36 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सभी संवैधानिक प्रतिष्ठानों पर नियंत्रण कर लिया है, लेकिन लोगों ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखाया है। भाजपा पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मेरी जानकारी में आया है कि वे विधानसभा चुनाव समय से पहले कराने की योजना बना रहे हैं... मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे जिस दिन चाहें चुनाव करा लें... झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने का भाजपा का सपना मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा होगा।

## समृद्धि एक्सप्रेसवे पर दो वाहनों की टक्कर में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**जालना (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के जालना जिले में मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर दो कार की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को समृद्धि एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कदवांची गांव के निकट हुआ। उसने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग मुंबई के मलाड (पूर्व) और बुलढाणा जिले के निवासी थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, नागपुर से मुंबई जा रहा मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल (एमयूवी) और विपरीत दिशा से आ रही एक कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक और व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि एमयूवी अवरोधक को तोड़कर सड़क के बाईं ओर जा गिरी। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। जालना के सरकारी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश जाधव ने बताया कि छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया है। उन्होंने बताया कि तीन घायलों का इलाज जालना के सरकारी जिला अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को छत्रपति संभाजीनगर जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से तीन मुंबई के रहने वाले थे।

# उ.कोरिया के हैं यूक्रेन में पाए गए मिसाइल के अवशेष

**● अनुसंधान विशेषज्ञों ने संरा से कहा**

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**वर्ष** 2018 से यूक्रेन पर हमलों में इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने वाले एक शोध संगठन के प्रमुख ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि यह अकाट्य रूप से स्थापित हो चुका है कि यूक्रेन में पाए गए बैलिस्टिक मिसाइल के अवशेष उत्तर कोरिया के हैं। बैठक में अमेरिका और उसके सहयोगी पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तरी कोरिया के साथ बहस करते हुए कहा कि डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) यानी उत्तर कोरिया से हथियारों के निर्यात को लेकर लगाए गए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का दोनों देशों ने उल्लंघन किया है। रूस ने आरोपों को निराधार बताया और उत्तरी कोरिया ने किसी के कथित हथियार हस्तांतरण पर चर्चा करने को अत्यंत निंदनीय कृत्य करार देते हुए बैठक को खारिज किया। कॉन्फ्लिक्ट आर्मामेंट रिसर्च के कार्यकारी निदेशक जोना लेफ ने परिषद को दो जनवरी को यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर हमला करने वाली मिसाइल के अवशेषों के विस्तृत विश्लेषण का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि संगठन ने मिसाइल के रॉकेट मोटर, अन्य उपकरण और आठ देशों और क्षेत्रों की 26 कंपनियों द्वारा निर्मित लगभग 300 घटकों का दस्तावेजीकरण कर पता लगाया है कि मिसाइल या तो केएन-23 या केएन-24 हैं, जिनका निर्माण उत्तरी कोरिया में किया गया।



## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर किया मिसाइल हमला

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर शुक्रवार को मिसाइल हमले किए। ब्रिटेन की सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही इस अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि यमन मे विद्रोहियो के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरी। यूकेटीएमओ ने बताया कि इन हमलो मे पोत को कोई नुकसान नही पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने शुक्रवार रात दावा किया था कि हूती विद्रोहियो ने लाल सागर मे पोतो पर दो हमले किए है लेकिन अभी यह स्पष्ट नही है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले की जानकारी दी है। विद्रोहियो ने मिसाइल और ड्रोन हमलो के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलो मे चार नाविक मारे गए है। हूती विद्रोहियो के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व मे जनवरी से कई हवाई हमले किए गए है। विद्रोहियो के अनुसार, 30 मई को हुए हमले मे कम से कम 16 लोगो की मौत हो गई थी और 42 अन्य घायल हुए थे। हूती विद्रोहियो का हालांकि कहना है कि वह इजराइल, अमेरिका या ब्रिटेन के पोतो को ही निशाना बनाता है, लेकिन ऐसे कई पोतो पर हमला किया गया है जिनका इजराइल-हमास युद्ध से कोई लेना-देना नही था। विद्रोही इजराइल से गाजा मे युद्ध की समाप्त करने की मांग कर रहे है।

# नासा के अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर और अधिक समय तक रहेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अभी और अधिक समय तक रुकेंगे, क्योंकि वे वहां अपनी यात्रा के दौरान बोइंग के नए अंतरिक्ष कैप्सूल में आई समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी की शुक्रवार को कोई तारीख नहीं बताई और कहा कि वे सुरक्षित हैं। नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने कहा,"हमें वापस लौटने की कोई जल्दी नहीं है। नासा के अनुभवी परीक्षण पायलट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में घूमती प्रयोगशाला के लिए पांच जून को बोइंग के स्टारलाइनर के जरिए रवाना हुए थे। विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन वर्षों के विलंब और असफलताओं के बाद फ्लोरिडा के केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से रवाना हुआ था। विलियम्स और विल्मोर के करीब एक सप्ताह तक अंतरिक्ष में रहने का अनुमान था जो कैप्सूल की जांच करने के लिए पर्याप्त समय था, लेकिन अंतरिक्ष यान को चलाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कैप्सूल की प्रणोदन प्रणाली में समस्याओं के कारण नासा और बोइंग को उनकी धरती पर वापसी की योजना कई बार स्थगित करनी पड़ी।

## कैसे तय करें कि वोट कैसे देना है - मनोवैज्ञानिक की सलाह

**ससेक्स।** एक भावना शोधकर्ता के रूप में मैं अक्सर जो बातें सुनता हूं उनमें से एक यह है कि भावनाओं को लोगों के निर्णयों को प्रभावित नहीं करना चाहिए, जो उनके रास्ते में आते हैं, या कि वे तर्कहीन हैं लेकिन भावनाएँ मानवीय अनुभव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और वास्तव में निर्णय लेने में भी। वे लोगों को जानकारी संसाधित करने, लक्ष्य बनाने और व्यवहार का मार्गदर्शन करने में मदद करते हैं। इसलिए यदि आप यह तय करने में संघर्ष कर रहे हैं कि यूके के आम चुनाव में कैसे मतदान करें तो अपनी भावनाओं को नज़रअंदाज या कम न करें। वास्तव में, यह जानना महत्वपूर्ण है कि राजनेता मतदाताओं की भावनात्मक स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कैसे कर सकते हैं। भावनाएँ सार्थक घटनाओं के मूल्यांकन में निहित होती हैं।

## अमेरिका में मिनीवैन ने पार्लर को मारी टक्कर , चार लोगों की मौत, नौ अन्य घायल

**डियर पार्क (अमेरिका)।** अमेरिका के लॉन्ग आइलैंड में एक मिनीवैन ने शुक्रवार को एक पार्लर को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सफोक काउंटी के एक अग्निशमन अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना शाम करीब चार बजकर 40 मिनट पर हुई। लेफ्टिनेंट केविन हेसेनबुटेल ने बताया कि इस घटना में मारे गए और घायल हुए सभी लोग पार्लर के अंदर थे। उन्होंने बताया कि अभी यह स्पष्ट नही हो पाया है कि यह घटना दुर्घटनावश हुई या इसे इरादतन अंजाम दिया गया।

## दुनिया में पंसद बन रही प्लेटिनम

**ग्लोबल।** हर प्रेम कहानी अद्वितीय होती है। इसकी अपनी अलग भावनाएं और यादें होती हैं। चाहे आपकी प्रेम कहानी विश्वास पर टिकी हो, जो अटूट समर्थन से परिभाषित हो, या फिर एक दूसरे की खामियों को स्वीकार करती हो, या एडवेंचर के साथ पनपती हो, आपके प्यार के हर संबंध को प्रतिबिंबित करने के लिए एक विशेष प्लेटिनम लव बैंड डिज़ाईन किया गया है। अपनी अद्वितीय प्रेम कहानी को परवान चढ़ाने का प्लेटिनम, जिसे मैटल ऑफ लव कहते हैं से अच्छा तरीका और क्या हो सकता है। 95 प्रतिशत शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बने प्लेटिनम लव बैंड्स प्रेम का प्रतीक हैं। ये बैंड व्यक्तिगत पहचान का सम्मान करनेए जिम्मेदारियों को मिलकर उठाने और पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़ने के आधुनिक मूल्यों को आत्मसात करते हैं। प्लेटिनम में बने इंगेज़मेंट रिंग्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स के बारे में पल्लवी शर्मा बिज़नेस डायरेक्टर प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया ने कहा कि ग्लोबल ट्रेंड्स के प्रभाव में प्लेटिनम लव बैंड्स इंगेज़मेंट रिंग्स के लिए बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। इसके मुख्य ट्रेंड्स में आधुनिक विंटेज में पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाईंस का मिश्रण है।

## पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने चार श्रमिकों को अगवा किया

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे शनिवार को कुछ अज्ञात बंदूकधारियो ने कम से कम चार श्रमिको का अपहरण कर लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांत के टांक जिले मे उस समय घटी जब श्रमिक एक बिजली के खंभे पर काम कर रहे थे। जिला पुलिस अधिकारी अब्दुस सलाम खालिद ने बताया, कुछ अज्ञात बंदूकधारियो ने शनिवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के अशांत जिले से 13 श्रमिको का अपहरण कर लिया। हालांकि, बाद मे उन्होंने नौ लोगो को छोड़ दिया और चार को अपने साथ ले गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि चारो श्रमिको की रिहाई के लिए प्रयास जारी है।


# जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से सम्मानजनक रूप से हट जाना चाहिए



**सिडनी।** जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इस सप्ताह की राष्ट्रपति बहस के समापन के कुछ ही मिनटों के भीतर, कई लोगों के लिए यह स्पष्ट हो गया कि 81 वर्षीय बाइडेन नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएंगे। 90 मिनट की बहस के दौरान स्पष्ट रूप से संवाद करने में उनकी असमर्थता के कारण पूरे अमेरिकी राजनीतिक हलकों,विशेष रूप से डेमोक्रेट के बीच, उनकी कड़ी आलोचना हुई। ओबामा प्रशासन के पूर्व अधिकारी और सीएनएन विश्लेषक वैन जोन्स ने बाइडेन के बारे में कहा: देश और जनता में विश्वास बहाल करने के लिए उन्हें आज रात एक परीक्षा से गुजरना था, और वह ऐसा करने में असफल रहे। हम अभी भी पार्टी सम्मेलन से दूर हैं। और इस पार्टी के लिए आगे बढ़ने का एक अलग रास्ता निकालने का समय आ गया है। बाइडेन ने ट्रम्प के विभिन्न व्यक्तिगत अविवेक और 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर विद्रोह को लेकर अपने पूर्ववर्ती पर कुछ वार किए, और एक बिंदु पर कहा,आप गली की एक बिल्ली जितने नैतिक हैं।लेकिन यह कई संशयवादियों को समझाने के लिए पर्याप्त नहीं था कि बाइडेन ट्रम्प अभियान से लड़ने में सक्षम हैं, अमेरिकी कमांडर-इन-चीफ के कर्तव्यों को निभाने और अगले चार वर्षों तक दुनिया में सबसे कठिन काम करने का तो जिक्र ही नहीं किया गया। यदि सप्ताहांत के मतदान से पता चलता है कि बाइडेन अपने भयानक बहस प्रदर्शन के बाद समर्थन खो रहे हैं, जिसकी अत्यधिक संभावना है, तो डेमोक्रेट के उम्मीदवार के रूप में उनकी जगह लेने का कदम और भी तीव्र और अंततः, निर्विरोध हो जाएगा। अगले कुछ हफ्तों में यह कैसा रहेगा ?बाइडेन को अलग हटने के लिए राजी करना-अपनी पार्टी की तीखी आलोचना के बावजूद, बाइडेन अपने भाग्य पर नियंत्रण बनाए हुए हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में डेमोक्रेटिक प्राथमिक प्रक्रिया में प्रतिज्ञा किए गए 99ु प्रतिनिधियों को जीत लिया, जिसका अर्थ है कि वह नामांकन के हकदार हैं। परिणामस्वरूप, किसी भिन्न उम्मीदवार के पास जाने का कोई भी निर्णय स्वयं बाइडेन से शुरू होता है।अनुपस्थित नाटकीय स्वास्थ्य समाचार या संविधान के 25वें संशोधन के तहत उनका निष्कासन, जो उपराष्ट्रपति और उनके मंत्रिमंडल के बहुमत द्वारा ऐसी कार्वाई की अनुमति देता है यदि राष्ट्रपति "अपने कार्यालय की शक्तियों और कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ है, तो बाइडेन को पार्टी के उम्मीदवार का पद छोड़ने के लिए सहमत होना होगा। हमें यहां यथार्थवादी होना चाहिए: बाइडेन बहुत जिद्दी आदमी हैं। अत्यधिक आत्मविश्वासी हुए बिना आप अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बन सकते। बाइडेन सबसे चतुर या सबसे प्रतिभाशाली राजनेता तो नहीं हैं, लेकिन वह अपनी महत्वाकांक्षाओं के प्रति जिद्दी और अटूट हैं। 2020 में अपनी सफलता से पहले उन्होंने दो बार राष्ट्रपति पद के लिए अपनी किस्मत आजमाई। उन्होंने मस्तिष्क धमनीविस्फार, साहित्यिक चोरी के आरोप, पारिवारिक नाटक या व्यक्तिगत त्रासदी को देश में सर्वोच्च पद पाने से नहीं रोका।

## अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं प्रवासी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बहस और शुक्रवार को एक रैली के दौरान दावा किया कि प्रवासी अमेरिका में अश्वेतो और लातिन अमेरिकियो की नौकरियां छीन रहे है। ट्रंप के इस बयान की उनके आलोचको ने कड़ी निंदा की और कहा कि वोट बैंक का दायरा बढ़ाने की उनकी यह नस्लवादी और अपमानजनक कोशिश है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की प्रक्रिया के तहत ट्रंप और बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को करीब 90 मिनट तक जोरदार बहस हुई थी। ट्रंप ने कोई सबूत पेश किए बिना कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चाहते है कि मतदाता के रूप मे प्रवासी अमेरिकियो की जगह ले लें। उन्होंने सीएनएन पर प्रसारित बहस में कहा, सच्चाई यह है कि वह (बाइडन) अश्वेत लोगो पर सबसे बड़ा प्रहार उन लाखों लोगो के जरिए कर रहे है



जिन्हे उन्होंने सीमा पार से आने की अनुमति दी है। वे अब अश्वेतों की नौकरियां ले रहे है। वे लातिन अमेरिकियों की नौकरियां ले रहे है। आपको अभी यह समझ नही हा रहा लेकिन आप हमारे इतिहास की सबसे खराब चीज होती देखेंगे। ट्रंप और उनके सहयोगियों का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी बाइडन के कामकाज से असंतुष्ट अश्वेतो और लातिन अमेरिकी समुदाय तक पूर्व राष्ट्रपति की पहुंच बढ़ाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को वर्जीनिया मे एक रैली के दौरान फिर से ए टिप्पणियां की। डेमोक्रेटिक पार्टी और अश्वेत नेताओं ने ट्रंप के इस बयान की निंदा की। नेशनल असोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ कलर्ड पीपल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेरिक जॉनसन ने कहा, अश्वेतो के लिए नौकरी जैसी कोई चीज नही होती। यह गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है। हम चिकित्सक, वकील, शिक्षक, पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी हैं। यह सूची बहुत लंबी है। उन्होंने कहा, यह चिंताजनक है कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार ऐसा भेद पैदा करने की कोशिश कर रहा है जो मौजूद नही है, हालांकि ट्रंप का इस तरह की विभाजनकारी बात करना आश्चर्यजनक नही है।

## दुनियाभर में जीवन को बेहतर बनाने के लक्ष्यों में से केवल 17 प्रतिशत ही 2030 तक हासिल होने की संभावना: रिपोर्ट

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया के सात अरब से अधिक लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उसके 169 लक्ष्यों में से केवल 17 प्रतिशत लक्ष्य ही 2030 तक हासिल होने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग आधे लक्ष्यों को लेकर ही कुछ प्रगति दिखाई देती है और केवल 17 प्रतिशत लक्ष्य ही हासिल होने की संभावना है। रिपोर्ट में कोरोना महामारी के प्रभावों का भी हवाला देते हुए कहा गया है कि 2019 की तुलना में 2022 में 2.3 करोड़ लोग गरीबी और 10 करोड़ से अधिक लोग भूखमरी की चपेट में आ गए। इसमें कहा गया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य अभी भी बहुत पीछे है। दुनियाभर में केवल 58 प्रतिशत छात्र प्राथमिक विद्यालय स्तर पर पढ़ने में न्यूनतम दक्षता हासिल कर पाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्षय ऊर्जा से बिजली पैदा करने की वैश्विक क्षमता पिछले पांच वर्ष से अभूतपूर्व 8.1 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ रही है। गुतारेस ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और "हरित और डिजिटल बदलावों की दिशा में अधिक कदम उठाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने गाजा से लेकर यूक्रेन, सूडान और अन्य जगहों पर युद्ध समाप्त करने के लिए प्रयास करने का भी आह्वान किया।

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोके पीएमओ: अदालत का निर्देश

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को निर्देश दिया कि वह इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) सहित देश की खुफिया एजेंसियो को निर्देश जारी करे कि वे अनुकूल फैसला प्राप्त करने के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके स्टाफ के किसी सदस्य से संपर्क न करें। कई न्यायाधीशो ने खुफिया एजेंसियों, विशेषकर आईएसआई, सैन्य खुफिया (एमआई) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) पर वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीको से दबाव डालने का आरोप लगाया है, विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थको के मामलों में। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के आठ में से छह न्यायाधीशों और पंजाब की आतंकवाद रोधी अदालतों (एटीसी) के कुछ न्यायाधीशो ने क्रमशः पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश और लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर उनका ध्यान न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के खुले हस्तक्षेप की ओर आकर्षित किया है, जिसके तहत उन्हें वांछित निर्णय के लिए बाध्य किया जाता है।उनमें से कुछ ने शिकायत की थी कि उन पर (न्यायाधीशो पर) दबाव डालने के लिए उनके परिवार के सदस्यों को (खुफिया एजेंसियो द्वारा) हिरासत में लिया गया। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शाहिद करीम ने आईएसआई के कर्मियों द्वारा उत्पीड़न किए जाने के संबंध मे शनिवार को पंजाब के सरगोधा जिले मे एटीसी न्यायाधीश की शिकायत पर प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखित निर्देश जारी किए। न्यायाधीश ने अपने लिखित आदेश में कहा,"प्रधानमंत्री खुफिया एजेंसियो की कार्वाइयो के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह हैं, क्योंकि वे उनके अधीन आती है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा आईएसआई और आईबी सहित सभी असैन्य या सैन्य एजेंसियो को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वे भविष्य में किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके किसी स्टाफ से संपर्क न करें।

## जब लोग आर्थिक तनाव में होते हैं, तो उनके पालतू जानवर भी पीड़ित होते हैं

**मिशिगन।** अमेरिका के लगभग दो-तिहाई घरो मे कम से कम एक पालतू जानवर है। पहले से कही अधिक, साथी जानवर जीवन का हिस्सा है - खासकर शहरो मे, जहां अधिकांश अमेरिकी रहते है। शहर कई संसाधनो तक पहुंच प्रदान करते है, लेकिन अक्सर यह समान रूप से वितरित नही होता है। कुछ विद्वान अमेरिकी शहरो के कुछ हिस्सो को भोजन रेगिस्तान के रूप मे वर्णित करते है जहां किराने की दुकाने बहुत कम या बिलकुल नही हैं। दूसरो ने ऐसे क्षेत्रो की पहचान की है जिन्हें वे पारगमन रेगिस्तान कहते हैं, जहां विश्वसनीय और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन दुर्लभ या अस्तित्वहीन है। रेगिस्तानै का निर्धारण भले विवादास्पद है, इस बात पर बहुत कम असहमति है कि कई अमेरिकी शहरो मे वस्तुओ और सेवाओ तक पहुंच असमान है। मैने पिछले 15 वर्षो से शहरी पशु कल्याण मुद्दो का अध्ययन किया है, और मैने पाया है कि मनुष्य जिन असमानताओ और आर्थिक तनाव का सामना करते है, वे जानवरो को भी प्रभावित करते है।हाल ही मे, नेब्रास्का विश्वविद्यालय के भूगोलवेत्ता जियाओमेंग ली और मैने डेट्रॉइट मे पशु कल्याण सेवाओ तक पहुंच का पता लगाया। हमने पाया कि अधिक उच्च शिक्षित निवासियो, उच्च आय, 18 वर्ष से कम उम्र के कम बच्चो और उच्च औसत किराए वाले इलाको मे पालतू संसाधनो के होने की काफी अधिक संभावना थी।यदि पालतू जानवरो वाले घर मुख्य रूप से इन क्षेत्रो मे स्थित होते, तो पालतू संसाधनो को समान रूप से केंद्रित करना उचित होता। हालाँकि, जबकि डेट्रॉइट के कई घरो मे जानवर है, शहर के कुछ हिस्से दूसरो की तुलना मे पालतू जानवरो की के लिए बुनियादी आपूर्ति और देखभाल तक अधिक पहुंच प्रदान करते है।पालतू जानवर लागत और लाभ के साथ आते है।

## एक हजार और प्रजातियों के अस्तित्व पर मंडराया खतरा, संरक्षण से कुछ जानवरों के लिए जगी उम्मीद

अबूजा (नाइजीरिया)।अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संगठन के मुताबिक करीब 45 हजार प्रजातियो के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जो पिछले साल के मुकाबले एक हजार अधिक है। संगठन ने इस स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियो और मानव गतिविधियो जैसे अवैध व्यापार और बुनियादी ढांचा विस्तार को जिम्मेदार ठहराया है। द इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्वरसेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने बृहस्पतिवार को लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों की नवीनतम सूची जारी की। संगठन ने अपने 60वें वर्ष में जारी इस सूची में विलुप्ति के खतरे का सामना कर रहे जानवरो और पौधो के बारे मे चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही इबेरियन लिंक्स (वनबिलाव)जैसी प्रजातियो के संरक्षण में मिली सफलता पर भी प्रकाश डाला है। सूची मे अब।,63,040 प्रजातियो को शामिल किया गया है जो पिछले साल से लगभग 6,000 अधिक है। आईयूसीएन ने खुलासा किया कि चिली के अटाकामा तटीय रेगिस्तान मे पाए जाने वाले कोपियापोआ कैक्टस, बोर्नियन हाथी और ग्रैन कैनरिया की विशालकाय छिपकली विलुप्ति के खतरे का सामना कर रही प्रजातियो मे शामिल है। कोपियापोआ कैक्टस के विलुप्ति के कारणों मे सोशल मीडिया का चलन प्रमुख है। इसे लंबे समय से सजावटी पौधो के रूप मे पसंद किया जाता रहा है, जिससे इसका अवैध व्यापार बढ़ रहा है और सोशल मीडिया के माध्यम से इसे बढ़ावा मिल रहा है। सोशल मीडिया पर उत्साही और व्यापारी कैक्टस का प्रदर्शन और बिक्री करते हैं। रिपोर्ट मे कहा गया है कि अब 82 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही है जो 2013 के 55 प्रतिशत से बहुत अधिक है।आईयूसीएन के विश्लेषण के मुताबिक 2024 में अद्यतन की गई सूची मे बोर्नियो की एशियाई हाथी को एक लुप्तप्राय प्रजाति के रूप में अंकित किया गया है। अनुमान है कि जंगल मे केवल लगभग।,000 बोर्नियन हाथी बचे है। पिछले 75 वर्षों मे इस प्रजाति के हाथियो की संख्या में कमी आई है।इसका मुख्य कारण बोर्नियो के जंगलो में बड़े पैमाने पर कटाई है।

# ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए पेजेशकियन और जलीली के बीच मुकाबला

भाषा। दुबई

**ईरान में** राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुए मतदान में किसी भी प्रत्याशी को जीत के लिए पर्याप्त मत नहीं मिले, जिसके बाद सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच अब सीधा मुकाबला होगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चुनाव प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने बताया कि पेजेशकियन और जलीली के बीच सीधा मुकाबला शुक्रवार को होगा। इस्लामी ने



संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव परिणाम की घोषणा की, जिसका ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने सीधा प्रसारण किया। उन्होंने बताया कि कुल दो करोड़ 45 लाख मतों में से पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 33 लाख वोट मिले और शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 2,06,000 वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा। ईरान के राष्ट्रपति पद के चुनावी इतिहास में केवल एक बार 2005 में ऐसा हुआ है जब कट्टरपंथी महमूद अहमदीनेजाद ने पूर्व राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफसंजानी को हराया था। इस्लामी ने कहा कि परिणाम को देश की संरक्षक परिषद की औपचारिक मंजूरी की आवश्यकता होगी, लेकिन उम्मीदवारों ने परिणाम को कोई चुनौती नहीं दी है। ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी, जिस कारण देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराया गया। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है, जब इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

# प्रमुख विज्ञान एजेंसियों के लिए संघीय वित्त पोषण 25 साल के निचले स्तर पर

भाषा। एरिजोना

**विज्ञान के** लिए सरकारी फंडिंग आमतौर पर कांग्रेस में राजनीतिक गतिरोध और ध्रुवीकरण से परे होती है। लेकिन, 2025 तक विज्ञान के लिए संघीय वित्त पोषण में कमी आने की आशंका है। विज्ञान अनुसंधान आवंटन को विवेकाधीन माना जाता है, जिसका अर्थ है कि फंडिंग को हर साल कांग्रेस द्वारा अनुमोदित करना ही होता है। लेकिन यह बजट श्रेणी में है जिसमें मेडिकेयर और सामाजिक सुरक्षा जैसे बड़े पात्रता कार्यक्रम हैं जिन्हें आम तौर पर दोनों पार्टियों के राजनेता छूना पसंद नहीं करते हैं।
वैज्ञानिक अनुसंधान में संघीय निवेश में राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन द्वारा समर्थित बड़ी दूरबीनों से लेकर जलवायु परिवर्तन का अध्ययन करने वाले नासा उपग्रहों तक, राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग और शासन का अध्ययन करने वाले कार्यक्रम और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा वित्त पोषित अल्जाइमर रोग पर अनुसंधान शामिल है।अध्ययनों से पता चलता है कि संघीय अनुसंधान खर्च बढ़ने से उत्पादकता और आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता में लाभ होता है। मैं एक खगोलशास्त्री हूं और एक वरिष्ठ विश्वविद्यालय प्रशासक भी हूं। एक प्रशासक के रूप में, मैं एरिजोना विश्वविद्यालय में कॉलेज ऑफ साइंस के एसोसिएट डीन के रूप में अनुसंधान फंडिंग की पैरवी करने और अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी के उपाध्यक्ष के रूप में खगोल विज्ञान में सरकारी निवेश को प्रोत्साहित करने में शामिल रहा हूं। मैंने एक शोधकर्ता के रूप में इस तरह की फंडिंग के महत्व को देखा है, जिसके पास 30 वर्षों से संघीय अनुदान है, और एक वरिष्ठ अकादमिक के रूप में जो मेरे सहयोगियों को उनके मूल्यवान काम का समर्थन करने के लिए अनुदान लिखने में मदद करता है। द्विदलीय समर्थन-कई कार्यक्रमों के लिए संघीय वित्त पोषण राजनीतिक ध्रुवीकरण की विशेषता है, जिसका अर्थ है कि दो मुख्य राजनीतिक दलों के बीच पक्षपात और वैचारिक विभाजन से गतिरोध पैदा हो सकता है। विज्ञान आमतौर पर इस समस्या का एक दुर्लभ अपवाद है।जनता वैज्ञानिक अनुसंधान में संघीय निवेश के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन दिखाती है, और कांग्रेस ने आम तौर पर अप्रैल और जून में द्विदलीय समर्थन के साथ 2024 में बिल पारित करते हुए इसका पालन किया है। सदन ने इन विधेयकों को पारित कर दिया।

## सेल्सफोर्स देगा ऋण प्राप्ति के लिए डिजिटल लेंडिंग

सेल्सफोर्स एनवाईएसई सीआरएमए ने डिजिटल लेंडिंग फ़ॉर की आगामी डिजिटल लेंडिंग सुविधा लॉन्च की घोषणा की। जो बैंकों और ऋणदाताओं को ग्राहक को ऋण देने के लिए डिजिटल तरीके से एक मंच प्रदान करेगा, साथ ही डिस्कनेक्ट किए गए, पुराने प्लेटफ़ार्मों को बनाए रखने की लागत और बोझ को संभावित रूप से कम करेगा। डिजिटल लेंडिंग फ़ॉर इंडिया विशेष रूप से देश के ग्राहकों को सेवा देगा । इस प्लेटफ़ॉर्म को सेल्सफ़ोर्स के ग्राहक डेटा के साथ बैंकिंग और वित्तीय डेटा के साथ एकीकृत किया जा सकता है। सेल्सफोर्स के फाइनेंशियल सर्विसेज क्लाउड प्लेटफ़ॉर्म पर निर्मितए यह एकीकरण ऋण आवेदन प्रक्रिया के लिए ग्राहक जानकारी का एक दृश्य प्रदान करता है और तेजी से प्रोसेसिंग और स्वीकृति में मदद करता है। डिजिटल लेंडिंग फ़ॉर इंडिया होम, ऑटो और पर्सनल लोन के लिए आवेदनों के लिए प्रवेश, अंडरराइटर रिव्यू और प्री.डिस्बर्समेंट ऑपरेशन के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। सेल्सफ़ोर्स के प्री.कॉन्फ़िगर और कॉन्फ़िगर सोलूशन्सए तेजी से टाइम.टू.वैल्यू सुनिश्चित करते हैं और ऋण प्रोसेसिंग के समय को कम करते है। एप्लिकेशन इनटेक-यह शाखा और मोबाइल चैनलों सहित कई टचप्वाइंट पर अधिक सुव्यवस्थित प्रवेश अनुभव सुनिश्चित करते हुएए प्री.बिल्ट यात्रा की सुविधा देता है। यह बैंकिंग रिलेशनशिप मैनेजर और एजेंट को आवेदकों के एप्लिकेशन एकत्र करने से लेकर आवेदकों को मान्य करने और पताए रोजगारए आय और दस्तावेजों जैसी व्यापक जानकारी प्राप्त करने तक कुशलतापूर्वक ऋण देने सक्षम बनाता है। एप्लिकेशन इंटेक डिस्कवरी फ्रेमवर्क द्वारा संचालित होता हैए जो मूल्यांकन प्रश्नों के हिस्से के रूप में दर्ज की गई प्रतिक्रियाओं को ट्रैक करता है। अंडरराइटर कंसोल . यह क्रेडिट रिव्यू के लिए आवश्यक डेटा का एक समेकित दृष्टिकोण प्रदान करता है। एकीकृत कॉन्फ़िगर इंटरफ़ेस के माध्यम सेए यह अंडरराइटर्स को एप्लिकेशन की जानकारीए चुने हुए ऋण उत्पादए दस्तावेज़ए अनुमोदनए वेरिफिकेशनए नियमों और शुल्कों तक पहुँच प्रदान करता है।

# सबके लिए उच्च गुणवत्ता वाला पीने का पानी न होना सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहा है

भाषा। सिडनी

**उत्पादकता** आयोग की एक नई रिपोर्ट में ऑस्ट्रेलियाई सरकारों से सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध होने का आग्रह किया गया है, साथ ही चेतावनी दी गई है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य इस पर निर्भर करता है।यह रिपोर्ट, राष्ट्रीय जल सुधार 2024, संघीय सरकार के अनुरोध पर की गई जांच का परिणाम है। इसमें पाया गया कि ऑस्ट्रेलियाई सरकारों को हमारे समुदायों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था की वर्तमान और भविष्य की भलाई सुनिश्चित करने के लिए पानी के प्रबंधन के कई तरीकों में सुधार करना चाहिए।ऑस्ट्रेलिया के पास राष्ट्रीय जल सुधार के लिए एक मौजूदा रणनीति है, जिसे राष्ट्रीय जल पहल (एनडब्ल्यूआई) के नाम से जाना जाता है। 2004 में राज्यों और क्षेत्रों के साथ इस पर सहमति हुई थी। उत्पादकता आयोग ने पाया कि इस पहल ने पिछले 20 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में अच्छा काम किया है, लेकिन जल प्रबंधन की चुनौतियाँ बढ़ रही हैं। पानी की मांग बढ़ रही है और बदल रही है। जलवायु परिवर्तन जल स्रोत के रूप में वर्षा को कम विश्वसनीय बना रहा है।एक अद्यतन राष्ट्रीय जल पहल सरकारों को इन चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी।रिपोर्ट जल सेवा प्रावधान पर अधिक ध्यान देने का आग्रह करती है जो "प्रभावी, न्यायसंगत और कुशलै है। इसके लिए अच्छे प्रबंधन की आवश्यकता है. रिपोर्ट में बुनियादी स्तर की सेवा की अवधारणा पर प्रकाश डाला गया है, जिसके तहत सभी सरकारों को पीने के पानी की सुरक्षित और विश्वसनीय आपूर्ति तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है।हर किसी को सुरक्षित जल क्यों नहीं मिलता ?अधिकांश ऑस्ट्रेलियाई बहुत सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल सेवाओं का आनंद ले रहे हैं। हालाँकि, कुछ समुदायों के पास यह सुविधा नहीं हैं। कई छोटे और दूरदराज के समुदायों, जिनमें से कई में स्वदेशी आबादी अधिक है।

# खराब शुरुआत के बाद कोहली और अक्षर ने दिखाया कमाल

● विश्वकप फाइनलः दक्षिण अफ्रीका को हारा, भारत ने सात विकेट पर 176 रन बनाए थे

**भाषा।** ब्रिजटाउन



**पावरप्ले में मिले शुरू**आती झटकों से उबरते हुए विराट कोहली और अक्षर पटेल ने भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में सात विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। उसके बाद टीम इंडिया ने प्रोटिज टीम को 7 रनों से हराया। इससे पहले भारत ने एक समय पांचवें ओवर में तीन विकेट सिर्फ 34 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद अक्षर (31 गेंद में 47 रन) और कोहली (59 गेंद में 76 रन) ने टीम को संकट से निकाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 54 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। अक्षर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए। बीच के ओवरों में कोहली धीमे पड़े और अपना अर्धशतक उन्होंने 48 गेंदों में पूरा किया। इससे पहले रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पिछले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय कप्तान को दूसरे ही ओवर में केशव महाराज ने पवेलियन भेजा। स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में वह स्क्वेयर लेग पर कैच दे बैठे। उनके बाद आए ऋषभ पंत भी इसी अंदाज में आउट हुए। रोहित की ही तरह शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव के आउट होने से भारत को हारा झटका लगा। उन्हें कैगिसो रबाडा ने फाइन लेग पर कैच आउट कराया। भारत ने पावरप्ले के भीतर ही तीन विकेट गंवा दिए। छह ओवर के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 45 रन था। दूसरे छोर से विकेटों का पतन देख रहे कोहली ने बीच के ओवरों में संभलकर खेला। उन्होंने पहले ही ओवर में हालांकि मार्को जेनसन को तीन चौके लगाए थे। कोहली ने अपनी पारी का पहला छक्का रबाडा के 18वें ओवर में लगाया। दूसरे छोर से अक्षर ने अपने टी20 कैरियर की सबसे उपयोगी पारी खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों को अच्छे स्ट्रोक्स लगाए। उन्होंने एडेन मार्क्रम, महाराज और तबरेज शम्सी को एक एक छक्का लगाया। इसके अलावा रबाडा को भी गगनभेदी छक्का जड़ा। भारत ने सातवें से 15वें ओवर के बीच में 72 रन बनाए और अक्षर का विकेट गंवाया। रबाडा की उछलती गेंद पर कोहली एक रन लेना चाहते थे लेकिन गेंद विकेटकीपर क्विंटोन डिकॉक के पास गई और दूसरे छोर से अक्षर काफी आगे आ चुके थे। डिकॉक ने गिल्लियां बिखेरने में देर नहीं की। शिवम दुबे ने 17 गेंद में 27 रन बनाए। कोहली ने आखिरी पांच ओवर में दो छक्के जड़े।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** रोहित शर्मा का क्लासेन बो महाराज 9, कोहली का रबाडा बो जेनसन 76,पंत का डिकॉक बो महाराज 0,यादव का क्लासेन बो रबाडा 3, पटेल रन आउट 47, दुबे का मिलर बो नॉर्किया 27, पंड्या नाबाद 5,जडेजा का महाराज बो नॉर्किया 2, **अतिरिक्त** : छह रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे सात विकेट पर 176 रन, **विकेट पतन** : l-23, 2-23, 3-34, 4-106, 5-163, 6-174, 7-176, **गेंदबाजी** : जेनसन ,4-0-49-1, महाराज 3 -0-23-2, रबाडा 4-0-36-l, माक्रम 2-0-16 -0, नॉर्किया 4-0-26-2, शम्सी 3-0-26-0

**दक्षिण अफ्रीका पारी** : हेंडरिक्स बो बुमराह 4, डिकॉक का कुलदीप बो अर्शदीप 39, माक्रम का पंत बो अर्शदीप 4,स्टब्स बो पटेल 31, क्लासेन का पंत बो पंड्या 52,मिलर का यादव बो पंड्या 21,जेनसन बो बुमराह 2,महाराज नाबाद 2, रबाडा का यादव बो पंड्या 4, नॉर्किया नाबाद l, **अतिरिक्त** : नौ रन, कुल योग : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 169 रन ,**विकेट पतन** : l-7, 2-12, 3-70, 4-. 106, 5-151, 6-156, 7-161, 8-168, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-20-2, बुमराह 4-0-18-2,पटेल 4-0-49-l,कुलदीप 4-0-45-0, पंड्या 3-0-20-3,जडेजा l-0-12-0

## खेल मंत्री ने एनआईएस पटियाला का दौरा कर पेरिस ओलंपिक के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया

**पटियाला।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के साथ शनिवार को यहां मुलाकात करने के साथ नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान के अंदर बन रहे नए बुनियादी ढांचे की प्रगति का भी निरीक्षण किया। मांडविया ने इस दौरान भारोत्तोलक मीराबाई चानू, भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी और गोला फेंक खिलाड़ी आभा खाटुआ से मुलाकात की। उन्होंने कहा, मीराबाई, अन्नू रानी और आभा के साथ मेरी बातचीत से मुझे विश्वास हुआ कि हमारे एथलीटों को पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी में सर्वोत्तम संभव समर्थन मिला है। मीराबाई ने खेल मंत्रालय के अपार समर्थन के जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के सेंट लुईस के विश्व प्रसिद्ध खेल वैज्ञानिक डॉ. आरोन हॉर्शिग की सेवाएं प्राप्त करने से उन्हें काफी फायदा मिला है।

## शुभंकर इटालियन ओपन गोल्फ में संयुक्त सातवें स्थान पर

**रोम।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा शुरुआती दो दौर में एक समान 68-68 का कार्ड खेलने के बाद इटालियन ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर है।पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाई। इससे पहले शुरुआती दौर में उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी और एक ईगल लगाई। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश चौहान 72 और 71 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गए।

## अदिति डोऊचैम्पियनशिप में कट से चूकीं

**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी थाईलैंड की जोड़ीदार पजारी अन्नारूक्र्ण एलपीजीए टूर की डोऊ चैम्पियनशिप गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में चार अंडर 66 के अच्छे कार्ड के बावजूद कट हासिल करने से चूक गईं। भारत और थाईलैंड की इस जोड़ी ने क्रमशः 72 और 66 के कार्ड बनाए जिससे दोनों संयुक्त 59वें स्थान पर थी। लेकिन इससे यह जोड़ी कट से चूक गई जो सात अंडर पर था। पांच जोड़ियां लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रही।

## वर्स्टापेन ने आस्ट्रियाई ग्रां प्री में सत्र की तीसरी स्प्रिंट रेस जीती

**स्पीलबर्ग (आस्ट्रिया)।** रेड बुल के ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन ने मैक्लारेन के दो ड्राइवर लैंडो नौरिस और ओस्कर पियास्ट्री को पछाड़ते हुए शनिवार को यहां आस्ट्रियाई ग्रां प्री में साल की तीसरी स्प्रिंट रेस जीती। वर्स्टपेन मैक्लारेन के पियास्ट्री से 4.616 सेकेंड बेहतर रहे। इस तरह रेडबुल के इस ड्राइवर ने इस सत्र की तीन स्प्रिंट रेस मे तीसरी जीत हासिल की। नौरिस 0.732 सेकेंड और पीछे तीसरे स्थान पर रहे। इस जीत से गत चैम्पियन वर्स्टापेन ने ओवरआल तालिका में नौरिस पर 71 अंक की बढ़त बना ली। रविवार को मुख्य आस्ट्रियाई ग्रां प्री का क्वालीफाइंग दौर शनिवार को शाम को होगा।

## कोस्टा रिका को हराकर कोलंबिया कोपा अमेरिका कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडाले।** डेविसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ मे तीन मिनट के अंदर गोल किए जिससे कोलंबिया ने कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोलंबिया ने ग्रुप डी मैच की शुरुआत से ही दबदबा कायम किया। लुइस डाज ने पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 31वें मिनट में बढ़त दिला दी। सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ मे मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। कोलंबिया के सामने अब मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप मैच मे ब्राजील की चुनौती होगी। विश्व कप क्वालीफायर 2022 में अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की यह 25 मैचो में यह कुल 20वी जबकि लगातार 10वी जीत है।

## कैब के विजन 2028 कार्यक्रम में प्रसाद, हिरवानी शामिल

**कोलकाता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद और स्पिनर नरेंद्र हिरवानी को बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने जमीनी स्तर पर क्रिकेट के विकास के अपने कार्यक्रम विजन 2028 में शामिल किया है।प्रसाद प्रदेश के तेज गेंदबाजों को प्रशिक्षण देंगे जबकि हिरवानी स्पिन गेंदबाजो को गुर सिखाएंगे। भारत के पूर्व बल्लेबाज और बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी बल्लेबाजी कोच होंगे। कार्यक्रम के पहले चरण मे अंडर 16 और अंडर 19 श्रेणी के क्रिकेटर होंगे। पहला चरण रविवार से यहां शुरू होगा और सात जुलाई तक चलेगा।

# भारतीय महिला टीम ने टेस्ट में बनाया रनों को अंबार

● क्रिकेट के इतिहास मे रिकॉर्ड स्कोर बनाया

● अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की

**भाषा।** चेन्नई



**भारतीय** टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की। इसके बाद मारिजाने काप और सुने लुस की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 236 रन बना लिए थे। मेजबान टीम ने बीती रात के चार विकेट पर 525 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लंबे प्रारूप में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 115 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि ऋचा घोष ने भी भारत का दबदबा जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी निभाई। भारत ने 576 रन बनाते ही महिला टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया द्वारा बनाया पिछला नौ विकेट पर 575 रन का सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। हरमनप्रीत के टुमी सेखुखुने की गेंद पर पगबाधा आउट होते ही 593 रन पर यह साझेदारी टूट गई। इसके 10 रन बाद ही ऋचा भी नोनकुलुलेको मलाबा की गेंद पर पगबाधा आउट हो गई और भारतीय कप्तान ने पारी घोषित कर दी। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम ने भी शानदार जज्बा दिखाते हुए पारी की शुरूआत की जिसमें सुने लुस (65 रन) और मारिजाने (नाबाद 69 रन) की अर्धशतकीय पारियों से स्टंप तक चार विकेट पर 236 बनाने में मदद की। अब टीम भारत से 367 रन से पिछड़ रही है। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेल्मी टकर सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने 141 रन देकर दो विकेट झटके जबकि मसाबाटा क्लास सबसे फिकायती रहीं। दक्षिण अफ्रीका ने बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हुए लंच ब्रेक तक बिना विकेट गंवाए 29 रन बना लिए थे। लेकिन स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वुलवार्ट (20) को पगबाधा आउट कर 33 रन पर पहला झटका दिया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : शेफाली रन आउट 205,मंधाना का डर्क्सेन बो टकर 149, शुभा का जाफ्टा बो डि क्लर्क 15, रौड्रिग्स का डि क्लर्क बो टकर 55, कौर पगबाधा सेखुखुने 69,घोष पगबाधा मलाबा 86, दीप्ति नाबाद 02, **अतिरिक्त** : 22 रन , **कुल योग** : 115.1 ओवर मे छह विकेट पर 603 रन पर पारी घोषित, विकेट पतन : l-292, 2-325, 3-411, 4-450, 5-593, 6-603, **गेंदबाजी** : क्लास 17-2-74-0, डेर्क्सन 17-0-80-0, डि क्लेर्क 12-l-79-l, सेखुखुने 14-0-70-l, मलाबा 26.1-l-122-l , टकर 26-l-141-2, लुस ,3-0-15-0

**दक्षिण अफ्रीका पारी**:वुलवार्ट पगबाधा राणा 20, बॉश का दीप्ति बो राणा 39, सुने लुस पगबाधा दीप्ति 65, मारिजाने नाबाद 69, टकर का रिचा बो राणा 00, नाडिने क्लर्क नाबाद 27, **अतिरिक्त**: 16, **कुल योग**: 72 ओवर मे चार विकेट पर 236, **विकेट पतन**: l-33, 2-96, 3-189, 4-198, **गेंदबाजी**: रेणुका 7-0-22-0, वस्त्राकर 9-2-32-0, राणा 20-2-61-3, राजेश्वरी16-3-50-0, दीप्ति 15-3-40-l, हरमनप्रीत3-0-9-0 मंधाना 2-0-8-0

## क्विक न्यूज

### सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग की सफलता के लिए दीं शुभकामनाएं

*लखनऊ*। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के संस्थापक संभव जैन को सीजन एक की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। लीग के संस्थापक सम्भव जैन और लीग कोर्डिनेटर कैलाश शर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएम योगी ने कहा कि यह लीग न केवल खेल के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य के युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी एक बेहतरीन कदम है। संभव जैन एवं कैलाश शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य उत्तर प्रदेश में कबड्डी को एक नई ऊंचाई पर ले जाना है और युवाओं को इस खेल के प्रति जागरूक करना है। हमें विश्वास है कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद और समर्थन से यह लीग अत्यंत सफल होगी। यूपीकेएल की टैगलाइन अपना भारत अपना खेल, अब खेलेगा उत्तर प्रदेश राज्य की संस्कृति और धरोहर को दर्शाता है। इस लीग में शामिल टीमों के नाम भी उत्तर प्रदेश की महान धरोहरों पर आधारित हैं, जैसे गंगा, यमुना, अवध, ब्रज, काशी और लखनऊ। लीग के माध्यम से राज्य के कबड्डी खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिलेगा और खेल को प्रोत्साहन मिलेगा।उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग 11 जुलाई से 25 जुलाई तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसके मैचों का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

### टी20 विश्व कप आईसीसी का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन बनने की ओर अग्रसरः खिलाड़ियों के सर्वे के आंकड़े

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। टी20 विश्व कप दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) सबसे महत्वपूर्ण आयोजन बनने की ओर अग्रसर है। खिलाड़ियों के बीच किए गए एक सर्वे में वनडे विश्व कप के मुकाबले टी20 विश्व कप को आईसीसी का सबसे अहम आयोजन करार देने वाले खिलाड़ियों की संख्या में इजाफा हुआ। वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूसीए) द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार 85 प्रतिशत खिलाड़ियों ने 2019 में 50 ओवर के विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण माना , जबकि 15 प्रतिशत ने टी20 विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण माना था। इस साल हालांकि इन आंकड़ों में बड़ा बदलाव हुआ है और सिर्फ 50 प्रतिशत खिलाड़ियों ने ही वनडे विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण माना जबकि टी20 विश्व कप को पसंद करने वालों की संख्या 35 प्रतिशत तक पहुंच गई। अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में मौजूदा टी20 विश्व कप का समापन शनिवार को बारबाडोस मे भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबले के साथ होगा। री-ब्रांडेड संस्था द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 26 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए टी20 विश्व कप के प्रति झुकाव काफी बढ़ गया। सर्वे में भाग लेने वाले 49 प्रतिशत ऐसे खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण आयोजन माना। कुल मिलाकर टी20 प्रारूप की लोकप्रियता में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। साल 2019 में 82 प्रतिशत खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट को सबसे महत्वपूर्ण प्रारूप के रूप में चुना था, अभी यह केवल 48 प्रतिशत है। इस सर्वे में लगभग 30 प्रतिशत खिलाड़ियो ने टी20 को सबसे महत्वपूर्ण प्रारूप के रूप में चुना।

### महिला कोचिंग शिविर के लिए हॉकी इंडिया ने कोर संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

बेंगलुरू। हॉकी इंडिया ने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में सोमवार से शुरू होने वाले दो महीने लंबे ट्रेनिंग शिविर के लिए 33 सदस्ईय भारतीय महिला संभावित ग्रुप की घोषणा की। लंदन और एंटवर्प मे एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र में अपने सभी मैच हारने के बाद भारतीय टीम संक्षिप्त ब्रेक पर थी। भारतीय टीम पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी चार मैच गंवा बैठी थी। उसे लंदन मे जर्मनी (1-3) और ब्रिटेन (2-3) से भी हार का सामना करना पड़ा था। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने विज्ञप्ति में कहा, हम हाल में प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए एंटवर्प और लंदन गए थे जिसमे हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नही रहे लेकिन बतौर टीम हमने बहुत कुछ सीखा। शिविर 31 अगस्त को समाप्त होगा। टीमः गोलकीपर - सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो। डिफेंडर - निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति। मिडफील्डर - सलीमा टेटे, मरीना लालरामंगहाकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकले, अजमीना कुजूर। फारवर्डः सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, ऋतुजा दादासो पिसल।

### विनिसियस जूनियर के दो गोल से ब्राजील ने पराग्वे को रौंदा

लास वेगास। विनिसियस जूनियर के पहले हाफ मे किए गए दो गोल की मदद से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का अपना दावा मजबूत किया। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ मे पेनल्टी किक पर गोल किया। पराग्वे के लिए उमर एल्डेरेटे ने गोल किया। विनिसियस ने मैच के 35वे मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला जबकि साबियो ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। विनिसियस ने मध्यांतर से ठीक अपने दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बना दिया। पाक्वेटा ने 61वें मिनट मे पेनल्टी को गोल में बदलने मे कोई गलती नही की। एल्डेरेटे ने 81वे मिनट मे पराग्वे के लिए सांत्वना गोल दागा। मैच के दौरान दोनो टीमों के बीच तनाव और विवाद के भी पल दिखे। इस दौरान रेफरी को पांच बार एलो कार्ड जबकि एक बार रेड कार्ड दिखाना पड़ा। मैच के 81वे मिनट मे आंद्रेस कुबास को रेड कार्ड दिखाया गया जिससे पराग्वे को आखिरी कुछ मिनटों में 10 खिलाड़ियो के साथ खेलने पर मजबूर होना पड़ा। ब्राजील को अंतिम आठ में जगह बनाने की संभावना बढ़ाने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत थी क्योंकि उसे ग्रुप के शुरुआती मैच मे कोस्टा रिका ने गोलरहित बराबरी पर रोक दिया था।

### डिज़्नी एडवेंचर का आनंद देगा

**मुंबई।** सिंगापुर से रवाना होने वाला अपनी तरह का अनूठा डिज़्नी एडवेंचर पूरे क्षेत्र में परिवारों को समुद्र में बेहतरीन छुट्टी मनाने का मौका देगा। एशिया में होमपोर्ट के लिए होने वाला पहला डिज़्नी क्रूज़ लाइन जहाज़ अपने आप में एक गंतव्य होगाए जो तीन और चार रातों की यात्रा पर रवाना होगाए जिसमें समुद्र में जादुई दिन बिताने और मनोरंजक कहानियों से भरा होगा जैसा कि केवल डिज़्नी ही कर सकता है। जो डिज़्नी पिक्सर और मार्वल की दुनिया को इस तरह से जीवंत कर देंगे जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। डिज़्नी क्रूज़ लाइन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक शेरोन सिस्की ने कहा कि हम पहली बार एशिया में डिज़्नी क्रूज़ लाइन का जादू ला रहे हैं और हम अपने मेहमानों को क्रूज़ में आराम और डिज़्नी का मज़ा देना चाहते हैं, जो वे केवल हमारे किसी जहाज़ पर ही अनुभव कर सकते हैं। जब वे डिज्नी एडवेंचर पर रवाना होंगे,ए तो मेहमानों को अविश्वसनीय, जादुई और रोमांचक क्षेत्र मिलेंगे जो डिज्नी,पिक्सर और मार्वल की दुनिया को इस तरह से जीवंत कर देंगे जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। ये अनोखे डिज्नी अनुभव परिवारों को फिर से जुड़नेए रिचार्ज करने और अविस्मरणीय यादें बनाने के लिए प्रेरित करेंगे जिन्हें वे हमेशा संजो कर रखेंगे। डिज्नी क्रूज लाइन की उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय महाप्रबंधक सारा फॉक्स ने कहा कि इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने डिज्नी के लिए इतना मजबूत लगाव दिखाया है और हम उनके करीब एक अद्वितीय डिज्नी क्रूज लाइन छुट्टी लाने के लिए रोमांचित हैं।

## मैच के आगे बढ़ने के साथ गेंद अधिक टर्न और असामान्य उछाल लेगीः राणा

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन तीन विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज स्नेह राणा ने कहा कि उन्होंने सही लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी के साथ पिच से मिल रही असामान्य उछाल से उन्हें फायदा मिला। इस 30 साल की ऑफ स्पिनर डेल्मी टकर (0) के साथ कप्तान लौरा वोलवार्ट (20) और एनेके बॉश (39) की सलामी जोड़ी को पवेलियन की राह दिखाई। भारत के पहली पारी के छह विकेट पर 603 रन के विशाल स्कोर के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने दिन का अंत चार विकेट पर 236 रन पर किया। राणा ने दूसरे दिन के खेल के बाद संवाददाताओं से कहा, मेरी योजना सरल है, सही लाइन लेंथ के गेंदबाजी के साथ अपनी स्टॉक गेंदों का अधिक उपयोग करना।

# मालविका ने क्रिस्टी को हराकर उलटफेर किया

● अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल मे पहुंची

**भाषा।** फोर्ट वर्थ (अमेरिका)

**भारतीय** खिलाड़ी मालविका बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर पर तीन गेम की रोमांचक जीत से अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागपुर की 22 साल की मालविका ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता क्रिस्टी को 10-21 21-15 21-10 से शिकस्त दी। 49वीं रैंकिंग की मालविका ने हायलो ओपन 2022 में क्रिस्टी को हराया था जब स्कॉटलैंड की शटलर ने चोट के कारण दूसरे गेम में रिटायर होने का फैसला किया था। भारतीय खिलाड़ी इससे पहले क्रिस्टी से दो बार हार चुकी हैं। इस साल अजरबेजान अंतरराष्ट्रीय चैलेंजर जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी का सामना अब जापान की छठी वरीय नातसुकी निडाइरा से होगा। पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह चीन के चौथे वरीय लेई लान जि की चुनौती पार नहीं कर सके और लगभग एक घंटे में 21-15 11-21 18-21 से हार गए। दूसरे वरीय त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जापान की रूई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीय जोड़ी से 17-21 21-17 19-21 पराजय झेलनी पड़ी जिससे उनका अभियान अंतिम आठ में समाप्त हो गया।



### बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप : फिलीपींस को 3-2 से हराकर भारत क्वार्टरफाइनल में

**योग्याकर्ता (इंडोनेशिया)।** भारत ने शनिवार को यहां ग्रुप सी के अपने दूसरे मुकाबले में फिलीपींस को 3-2 से हराकर बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। भारत का सामना अब रविवार को मेजबान इंडोनेशिया से होगा जिससे ग्रुप विजेता तय होगा। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में वियतनाम को 5-0 से हराया था। उसने अपने लाइन अप में दो बदलाव किए और लड़कों के एकल मे प्रणय शेटिगर की जगह रौनक चौहान को शामिल किया जबकि बालिका युगल मे श्रावणी वालेकर के साथ के वेन्नाला की जोड़ी बनाई। सीनियर राष्ट्रीय महिला एकल फाइनल में पहुंचने वाली तन्वी शर्मा ने फुंटेस्पिना क्रिस्टेल रेई पर 21-9, 21-17 की जीत से शुरूआत की।

## प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के तीसरे दौर में गुकेश से ड्रा खेला



**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रा खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गए। टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रा रहे। अभी 350000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं। सभी ड्रा से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुकेश अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। दोनों के दो अंक हैं। कारूआना ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरव से ड्रा खेला। मैक्सिम वाचियर लाग्रेव ने अलीरेजा फिरौजा से अंक बांटे। इससे वाचियर लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, अलीरेजा, वेस्ले सो, अनीष गिरी और इयान नेपोमनियाच्ची 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। गिरी और नेपोमनियाच्ची के बीच बाजी ड्रा रही।

## ड्राप इन पिचों के कारण कम रन बनेः गेल



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज और टी20 विश्व कप के दूत क्रिस गेल ने टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में कम स्कोर वाले मैचों के लिए पिचों को जिम्मेदार ठहराया जो ड्राप इन के बाद पूरी तरह तैयार नहीं हो सकीं। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के मुताबिक न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया था। इन पिचों को ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में तैयार कर दिसंबर 2023 में फ्लोरिडा लाया गया था। गेल ने कहा कि लंबी उड़ान के बाद पिच जेट लेग से उबर नहीं पाई थीं। जेट लेग का आमतौर पर मतलब लंबी उड़ान या यात्रा से होने वाली थकान होता है, गेल का मानना था कि न्यूयॉर्क की पिचों को ड्राप इन के बाद तैयार होने का पूरा समय नहीं मिला। फ्लोरिडा से ट्रकों की मदद से इन पिचों को न्यूयॉर्क लाया गया था। ए पिचें टूर्नामेंट के दौरान बल्लेबाजों के लिए कठिन विकेटों में से एक साबित हुई थी। गेल ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसमें कोई शक नहीं कि यह कम स्कोर वाला विश्व कप रहा है और कभी-कभी विकेट भी धीमा हो जाता है। यह बल्लेबाजों का प्रारूप है... लेकिन इस टूर्नामेंट में समय-समय पर गेंदबाजों को बढ़त मिलती रही है। इस टी20 विश्व कप पर गेंदबाजों का काफी नियंत्रण रहा है। उन्होंने कहा, हम बेहतर पिचें देखना पसंद करेंगे। अमेरिका की पिचें जेट लेग की तरह थीं।

# ताइक्वांडो में दूसरे दिन भी मेजबान उत्तर प्रदेश छाया रहा



**लखनऊ।** 41 वी नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 2 सिल्वर, व 5 ब्रॉन्ज मेडल के साथ अपनी बढ़त बनाए रखीय जबकि असम ने भी 2 गोल्डए 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सर्वेश गोल ने अपने कर कमलों से विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जिम्मी आर जगतियानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है जबकि आज दूसरे दिन असम, पश्चिम बंगाल, पंजाब के खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। आज दूसरे दिन घूमसे प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय कोच एवं खिलाड़ी और फिल्म जगत के सितारे एवं मार्शल आर्टिस्ट टाइगर श्रॉफ के कोच रह चुके, ग्रैंडमास्टर महेंद्र मोहन जैसवाल की देखरेख में संपन्न हुई, जिसके विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रदान किए जायेंगे। परिणाम-बालिका कैडेट ;ओवर 59 किग्रा, गार्गी पंजाब,, गोल्ड वैष्णवी दिल्ली. सिल्वर, अद्विका यादव ; उत्तर प्रदेश एवं रीत जम्मू और कश्मीर. ब्रॉन्ज़। बालिका कैडेट अंडर 41 किग्रा नम्यता यादव उत्तर प्रदेश,. गोल्ड ,शोभा गोगई आसाम सिल्वर,दिव्यांशी कर्नाटक एवं पीहू जम्मू और कश्मीरब्रॉन्ज़। बालक कैडेट ओवर 65 किग्रा विशाल मौर्या उत्तर प्रदेश . गोल्ड, आदित्य यादव उत्तर प्रदेश, सिल्वर, देवास सेंगर उत्तर प्रदेश, ब्रॉन्ज़ बिबसवां मोहन्ता,ओरिसा ब्रॉन्ज़, बालक सीनियर ;अंडर 62 किग्रा, इलमा आफरीन .उत्तर प्रदेश. गोल्ड, बालक सब जूनियर अंडर 18 किग्रा,शौर्य राजवंशी उत्तर प्रदेश गोल्ड।

## मेरे पास कोई प्रायोजक नहीं, इसलिए खुद में सुधार करने में जूझ रही हूं: लिली दास

**पंचकुला (हरियाणा)।** धाविका लिली दास ने जब 2016 में भारतीय एथलेटिक्स में शुरूआत की थी तो उन्हें उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं और आठ साल बाद भी वह अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक की कोशिश में जुटी हैं। प्रायोजकों की कमी के कारण लिली शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत नहीं दिखा सकी हैं लेकिन 2016 में फेडरेशन कप की जूनियर स्तर की 1500 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली पश्चिम बंगाल की यह एथलीट अभी हार मानने को तैयार नहीं है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः011-69342500।